# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




»» बाबा रामदेव बोले »» डेस्टिनेशन नहीं डिवाइन वेडिंग »» डेस्टिनेशन वेडिंग के चलन को बाहर करेगा ये आयोजन »» डिवाइन वेडिंग बनेगी गर्व और प्रतिष्ठा का नया मानक

सांवरा खेड़ी, उज्जैन में सामूहिक विवाह सम्मेलन

## डॉ. अभिमन्यु ने इशिता संग लिए सात फेरे

### एक मंच पर विवाह बंधन में बंधे 22 जोड़े

- सामूहिक सम्मेलन में जोड़ों को आशीर्वाद देने बाबा रामदेव, पं धीरेंद्र शास्त्री भी पहुंचे, बाबा ने शास्त्री से कहा-आपका भी सामूहिक सम्मेलन में ही विवाह कराएंगे
- अखाड़ा परिषद सभी जोड़ों को सवा लाख रुपए और पतंजलि पीठ की ओर से बाबा रामदेव ने एक-एक लाख रुपए देने की घोषणा की
- राज्यपाल पटेल, केंद्रीय मंत्री सिंधिया, अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज की रही मौजूदगी

हरिभूमि न्यूज »» उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बेटे-बहू के साथ रविवार को कुल 22 जोड़ों ने उज्जैन के सांवराखेड़ी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सात फेरे लिए। सभी विवाह स्थल पर घोड़े-बग्घियों पर सवार होकर निकले। सामूहिक सम्मेलन में 22 जोड़े के दूल्हा-दुल्हन दोनों और 44 परिवार के 25-25 लोगों को आमंत्रित किया गया था। मुख्यमंत्री के मित्र एवं परिवार के सदस्य रवि सोलंकी ने »» शेष पेज 6 पर

**रविंद्र पुरी महाराज बोले मुख्यमंत्री ने की है अच्छी पहल**

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने बहुत अच्छी पहल की है। हम भी प्रयास करेंगे कि कन्याओं का इसी तरह विवाह कराएं।





INH 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


अब 4 नहीं, 11 दिसंबर तक जमा होंगे फॉर्म... 16 तारीख को जारी होगा ड्राफ्ट

# 12 राज्यों में एसआईआर अपडेट की समय-सीमा 7 दिन और बढ़ी

**सर्वे में जुटे बीएलओ को मिली बड़ी राहत**

*मतदाताओं को आगामी चुनावों से पहले वोटर लिस्ट में अपने नाम की सही जानकारी सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा*

एजेंसी »» नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया की समय सीमा को एक हफ्ते के लिए बढ़ा दिया है। इससे मतदाताओं को आगामी चुनावों से पहले वोटर लिस्ट में अपने नाम की सही जानकारी सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। अब मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम 11 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इसी तरह, वोटिंग सेंटर्स की री-अरेंजमेंट भी 11 दिसंबर 2025 तक पूरी करनी होगी।

निर्वाचन आयोग ने रविवार को नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। आयोग ने कहा कि काउंटिंग प्रपत्र वितरण अब चार दिसंबर के बजाए 11 दिसंबर तक जारी रहेगा। ड्राफ्ट मतदाता सूची अब नौ दिसंबर के स्थान पर 16 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। फाइनल वोटर लिस्ट सात फरवरी के स्थान पर 14 फरवरी, 2026 को जारी की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा 27 अक्टूबर को की थी। बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विधानसभा के चुनाव हुए थे। अब देश के 12 राज्यों में चुनाव आयोग एसआईआर प्रक्रिया शुरू की।

**वोटिंग सेंटर्स का री-अरेंजमेंट भी 11 दिसंबर 2025 तक पूरा करना होगा**



फाइल फोटो

»» *फाइनल वोटर लिस्ट 7 फरवरी के स्थान पर 14 फरवरी, 2026 को जारी की जाएगी*

»» *केरल में भी यही समय सीमा लागू की गई है, जिससे नागरिकों को अधिक समय मिल सके*

### संशोधनों का असर इन राज्यों पर

इस संशोधन का असर राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात में दिखेगा। इसके अलावा केरल, गोवा, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में भी इस फैसले का असर नजर आएगा। अब वोटर लिस्ट रिविजन से जुड़े सभी फेज नई तारीखों के अनुसार पूरे किए जाएंगे।

**यूपी में एक और बीएलओ ने जान दी अब तक 7 की मौत तीसरा सुसाइड**

**मुरादाबाद।** यूपी में मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान में लगे एक और बीएलओ ने जान दे दी है। रविवार की सुबह मुरादाबाद में बीएलओ का काम कर रहे 45 वर्षीय टीचर सर्वेश सिंह ने अपने घर के अंदर ही फांसी का फंदा लगाकर जान दी है। उनकी जेब से सुसाइड नोट भी मिला है। बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित इस सुसाइड »» शेष पेज 6 पर

**मप्र में 93% गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा**

### 6 जिलों में एसआईआर का काम हुआ शत प्रतिशत

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है। अभी तक मध्यप्रदेश के छह जिलों अशोक नगर,नीमच, बैतूल, गुना,मंडला और सीहोर जिले ने एस आई आर का काम शत प्रतिशत पूरा कर लिया है। झा ने सभी शासकीय सेवकों और नागरिकों को कहा कि यह उपलब्धि सभी के समन्वित प्रयास और अथक परिश्रम से ही संभव हुई है। रविवार 30 नवंबर शाम तक 5 करोड़ 33 लाख से अधिक गणना पत्रकों का »» शेष पेज 6 पर

■ 39 अन्य जिलों ने पार किया 95% से अधिक का लक्ष्य

विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से

## अब जनता सीधे चुनेगी निकाय अध्यक्ष... 'राइट टू रिकॉल' भी



- दो अहम विधेयकों के साथ आएगा अनुपूरक
- 10 हजार करोड़ का दूसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी सरकार

विशेष प्रतिनिधि »» भोपाल

विधानसभा का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र सोमवार 1 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। कुल 4 बैठकें होंगी। सत्र में सरकार दो विधेयक लाने के साथ 10 हजार करोड़ का दूसरा अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। सरकार द्वारा लाए जा रहे दो विधेयकों से प्रदेश के नगरीय निकायों और व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालित करने वाले लोगों पर असर दिखाई देगा। सरकार सत्र के दौरान मप्र नगर पालिका द्वितीय »» शेष पेज 6 पर »» पढ़ें पेज 05 भी

**घर बैठे बना सकेंगे सर्टिफिकेट, लेकिन बढ़ेगी फीस**

राज्य सरकार दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1956 में भी संशोधन करने जा रही है। इस संशोधन के बाद प्रदेश में दुकान, होटल, रेस्टोरेंट या कोई दूसरी व्यावसायिक इकाई खोलने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने श्रम विभाग के चक्कर नहीं काटने होंगे। रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन »» शेष पेज 6 पर

शीतकालीन सत्र को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक

## संसद का शीतकालीन सत्र आज से, आएंगे 14 'बड़े' बिल



- बैठक में विपक्ष ने दिल्ली धमाका, मतदाता सूची, और विदेश नीति जैसे मुद्दे उठाए
- सरकार ने सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग मांगा
- 19 दिसंबर तक होंगी 15 बैठकें

एजेंसी »» नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र से ठीक एक दिन पहले रविवार को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। संसद भवन में हुई इस बैठक में विपक्ष ने अपने एजेंडे के मुद्दे सरकार के सामने रखे, जिनमें दिल्ली धमाका, मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर), विदेशी नीति संबंधी चिंताएं और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषय प्रमुख रहे। वहीं, सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं को प्रस्तुत किया और सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग की अपील की। शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलेगा। इस बार सत्र केवल 15 बैठकों का होगा, जो सामान्य तौर पर होने वाले 20 बैठकों के »» शेष पेज 6 पर

**अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र**

सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जानबूझकर सत्र को छोटा कर रही है। उन्होंने कहा कि कुल 19 दिन के सत्र में केवल 15 दिन चर्चा संभव है। शायद यह अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र होगा। ऐसा लगता है कि सरकार खुद संसद को पटरी से उतारना चाहती है। »» पढ़ें पेज 12 भी

**खबर संक्षेप**

**डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से 2 करोड़ रुपए की ठगी**



**नई दिल्ली।** हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने एक और डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी का खुलासा किया है। ठगों ने शहर के 71 साल के एक वरिष्ठ नागरिक से 1.92 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

**हीराकुंड-एक्स. में आतंकी की सूचना, 4 हिरासत में**



**दतिया।** हीराकुंड एक्सप्रेस के दतिया पहुंचने पर आतंकवादी होने की सूचना पुलिस कंट्रोल रुम को मिली। जांच में कुछ भी नहीं मिला। लेकिन कोतवाली पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है।

**तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मारी, 3 की मौत**



**सागर।** ढाना पुलिस चौकी क्षेत्र में रहली रोड पर तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार तीन मजदूर उछलकर सड़क पर जा गिरे। तीनों की मौत हो गई। वहीं बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई।

हेराल्ड केस में नई एफआईआर

### सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ी मुश्किलें, 6 अन्य पर भी केस

एजेंसी »» नई दिल्ली



■ ईडी ने दिल्ली पुलिस को सौंपी थी जांच रिपोर्ट

नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सोनिया और राहुल के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज हुई है। इसमें सोनिया और राहुल समेत 6 अन्य लोगों पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। इसके अलावा एफआईआर में 3 अन्य कंपनियों के नाम भी »» शेष पेज 6 पर

1 जनवरी, 2026 से स्लीपर क्लास में सुविधा

### 20 रुपए में चादर, बेडरोल की भी सुविधा देगा रेलवे

एजेंसी »» नई दिल्ली



■ सैनिटाइज्ड चादर और तकिये मिलेंगे

भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक बड़ा फैसला किया है। रेल यात्रियों को अब स्लीपर क्लास में भी चादर और तकिये की सुविधा मिलेगी। दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 1 जनवरी, 2026 से स्लीपर क्लास में सफर करने वाले यात्रियों »» शेष पेज 6 पर

तमिलनाडु में तिरुप्पत्तूर के पास हादसा

### दो बसों में टक्कर,11 की मौत, 20 घायल

एजेंसी »» शिवगंगा



■ दोनों बसों का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त

तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में रविवार को दो टूरिस्ट बसों में आमने-सामने जोरदार टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दर्दनाक हादसा तिरुप्पत्तूर के पास कुम्मानगुडी रोड पर हुआ। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल »» शेष पेज 6 पर

चक्रवाती तूफान में फंसा कारोबारी

### दंपती ने कार में ही 2 रातें गुजारीं, बची जान

हरिभूमि न्यूज »» निवाड़ी



■ ओरछा के गिरीश प्रेमानी ने बताई आपबीती

श्रीलंका में आए चक्रवाती तूफान दितवाह ने ऐसी तबाही मचाई कि हाहाकार मच गया। लगातार मूसलाधार बारिश, भीषण लैंडस्लाइड और बाढ़ ने बड़े पैमाने पर जनहानि हुई है। शनिवार तक 123 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 130 से अधिक लोग अब भी लापता »» शेष पेज 6 पर

वन-डे क्रिकेट में यह उनका 52वां शतक

## विराट कोहली का रांची वन-डे में शतक, टूटा तेंदुलकर का रिकॉर्ड

**सचिन ने टेस्ट क्रिकेट में 51 शतक लगाए थे**

एजेंसी »» रांची

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रांची में खेले जा रहे सीरीज के पहले वनडे मुकाबले में विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ा है। यह उनके करियर का 52वां शतक रहा।

वहीं ओवरऑल यह उनका 83वां इंटरनेशनल शतक है। इसी के साथ उन्होंने क्रिकेट के किसी एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सचिन ने टेस्ट क्रिकेट में 51 शतक लगाए थे।

विराट ने 102 गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। इस पारी में वह शुरू से ही अटैकिंग अप्रोच के साथ खेले। दूसरे विकेट के लिए रोहित शर्मा के साथ उन्होंने 136 रन की साझेदारी की थी। शतक तक पहुंचने के लिए विराट ने 7 चौके और पांच छक्के लगाए थे। इस »» शेष पेज 6 पर »» पढ़ें पेज 13 भी



आज राजधानी के साथ इंदौर में भी शीतलहर का अलर्ट

## शाम होते ही सर्द हवाएं बढ़ा रही हैं ठंडक नौगांव सबसे सर्द, भोपाल में पारा 8.2 डिग्री

**भोपाल में लगातार दूसरे दिन कोल्ड वेव**

हरिभूमि न्यूज »» भोपाल

राजधानी सहित कई जिलों में अब शाम होते ही ठंडी हवाएं असर दिखाने लगी हैं। इनके असर से रविवार को भोपाल प्रदेश में चौथा सबसे ठंडा शहर रहा, जबकि नौगांव सबसे सर्द दर्ज किया गया है। भोपाल में लगातार दूसरे दिन कोल्ड वेव का असर रहने से रात में सर्दी परेशान कर रही है।

मौसम केंद्र ने सोमवार को भोपाल के साथ इंदौर में भी शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अधिकांश जिलों में रात में सर्दी का असर तेज रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब हवाएं उत्तरी और उत्तर पश्चिमी होने »» शेष पेज 6 पर

**छह शहरों में रात का पारा अभी 9 डिग्री से कम**



राजधानी का केरवा डेम, शाम 5 बजे का दृश्य

**यहां आज भी तेज सर्दी**

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भोपाल के साथ इंदौर में शीतलहर का अलर्ट है। जबकि एक दर्जन से अधिक जिलों में तेज सर्दी का अहसास रहेगा। इनमें भोपाल के साथ बैतूल, राजगढ़, छिंदवाड़ा, रीवा के साथ मलाजखंड में तेज सर्दी का अहसास रह सकता है। पांच जिलों में रविवार को रात का पारा 9 डिग्री से कम रहा »» शेष पेज 6 पर

**यहां तेजी से गिरा दिन-रात का पारा**

रविवार को कुछ जिलों में हल्के बादल और शाम से हवाएं उत्तरी होने से दिन के साथ रात के तापमान में भी कमी आई है। धार, खंडवा, बैतूल, छिंदवाड़ा और नरसिंहपुर आदि जिलों में दिन के साथ रात का पारा गिरा। दिन में औसतन एक से दो डिग्री तक कमी आई। भोपाल में दिन का तापमान आधा डिग्री बढ़कर 26 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.6 डिग्री कम है, जबकि रात का पारा दशमलव 4 डिग्री गिरकर 8.2 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 5.1 डिग्री कम रहा।


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
॥ गीता जयन्ती ॥
अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
के आह्वान पर
प्रदेश के 313 विकासखंड, 55 जिला मुख्यालय एवं 10 संभाग
श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख से अधिक गीताप्रेमी श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ करेंगे
उज्जैन- प्रातः 9 बजे | इंदौर सहित सभी जिला मुख्यालय, विकासखण्ड- प्रातः 11 बजे | भोपाल- दोपहर 1 बजे
1 से 3 दिसंबर 2025
दशहरा मैदान, उज्जैन
1 दिसंबर 2025 | सायं : 7 बजे
जय श्रीकृष्णा - नृत्य नाट्य
निर्देशन - पुनीत इस्सर, मुम्बई
2 दिसंबर 2025 | सायं : 7 बजे
विराटजयी - काव्य प्रस्तुति
वैष्णवी शर्मा, नई दिल्ली
कृष्णायन
कथाकार : मोहित शेवानी, मुंबई
3 दिसंबर 2025 | सायं : 7 बजे
विश्ववंदनीय
संगीत एवं निर्देशन : उमेश तरकसवार
परिकल्पना एवं आलेखन - डॉ. वीनस तरकसवार
नृत्य संरचना - श्वेता देवेन्द्र, भरतनाट्यम
क्षमा मालवीय, कथक
कविता शाजी, मोहिनीअट्टम
गीता ऑन व्हील्स
निर्देशन : डॉ. सलाउद्दीन पाशा, बैंगलोर
प्रदर्शनी
माधव दर्शनम्
लघुचित्र शैली में प्रदर्शनी
1 दिसंबर 2025, इंदौर
सायं : 6 बजे
लोकार्पण
गीता भवन - गोपाल मंदिर
राजवाड़ा, इंदौर
मुख्य अतिथि
नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
कृष्णायन - नृत्य नाटिका
निर्देशन -संजीव मालवीय, उज्जैन
1 दिसंबर 2025
हंसध्वनि सभागार, भोपाल | सायं : 6 बजे
गीता ऑन व्हील्स
निर्देशन : डॉ. सलाउद्दीन पाशा, बैंगलोर
श्रीमद्भगवद्गीता- नृत्य नाटिका
विश्व गीता प्रतिष्ठानम्
कृष्णायन
कथाकार : मोहित शेवानी, मुंबई
24 नवंबर से 5 दिसंबर 2025
कुरुक्षेत्र, हरियाणा
जय श्रीकृष्णा - नृत्य नाट्य
निर्देशन - पुनीत इस्सर, मुम्बई
श्रीकृष्ण - नृत्य नाट्य
निर्देशन -रचना मिश्रा, भोपाल
श्रीकृष्ण लीला
निर्देशन -शिरीष राजपुरोहित, उज्जैन
कृष्णायन
कथाकार : मोहित शेवानी, मुंबई
चित्र प्रदर्शनी
श्रीमद्भागवतपुराण एवं मध्यप्रदेश में श्रीकृष्ण
शिल्प मेला
मध्यप्रदेश के पारंपरिक विविध माध्यमों के शिल्प
स्वाद
मध्यप्रदेश के जनजातीय और
लोकांचलों के देशज व्यंजन
D-11151/25
वीर भारत न्यास
मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग का आयोजन
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 दिसंबर 2025

9 टीकमगढ़ में ट्रिपल मर्डरः जमीन विवाद में चले...



10 विश्वरंग में उत्तर-रंग का आयोजन... सातवानी...





## शहर में तीन एफओबी के ये हाल खतरे भरी आवाजाही... बुजुर्ग दिव्यांग भी नहीं कर पाते उपयोग

# एफओबी में जगह-जगह पड़ी हैं शराब की बोतलें, सीढ़ियों के पास ही गंदगी का लगा ढेर, एंगल व शीट में लग रही जंग... लिफ्ट और एस्केलेटर भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में 15 साल पहले बने तीन फुट ओवर ब्रिज अब बदहाल हो रहे हैं। सार्वजनिक स्थलों पर इन्हें लगाया तो जरूर गया, लेकिन इनसे इक्का-दुक्का लोग ही गुजरते हैं। शाम ढलते ही यह सुरा प्रेमियों का सुरक्षित अड्डा बन जाता है। कलेक्टोरेट और आईएसबीटी के सामने लिफ्ट बंद है तो एमपी नगर में एस्केलेटर।

हरिभूमि की टीम ने रविवार को दोपहर जब तीनों जगह मौके पर जाकर देखा तो जंग लगे रास्ते पर कई जगह शराब की बोतलें पड़ी मिलीं। जिस लोहे के बने रास्ते से लोग गुजरते हैं वो शीट भी जंग खा रही है, जबकि जिस लोहे के एंगल पर उसका भार है, उस पर जंग लग रहा है। इससे हादसे का खतरा है, लेकिन निगम प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है।

### प्लेटफार्म भी घिस रहा है, न देखरेख हो रही है न मेंटेनेंस

### कलेक्टोरेट के सामने 22 लाख, ज्योति टॉकीज, आईएसबीटी के 1.25 करोड़ से बने थे एफओबी

हरिभूमि लाइव



ज्योति टॉकीज के पास एफओबी का एक एस्केलेटर बंद है।

### पंद्रह साल पहले हुआ था निर्माण

सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में राहगीरों को रोड पार करके एक स्थान से दूसरे स्थान आवाजाही के लिए पंद्रह साल पहले इनका निर्माण करवाया गया था। दो-तीन साल तक तो इनका मेंटेनेंस हुआ, लेकिन अब यह बदहाल हो रहे हैं। हाल ही में यहां सफाई जरूर करवाई गई है, लेकिन अक्सर तो यहां धूल, शराब की बोतलें मिलती हैं। बुजुर्गों के लिए लगी लिफ्ट बंद है। जहां एस्केलेटर हैं वहां भी एक तरफ का बंद मिला। इस संबंध में नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ला का कहना है कि देखरेख तो होती है। इसका टेंडर एक कंपनी को दिया गया था, लेकिन जानकारी लेकर ही बता पाएंगे। लिफ्ट भी जो कमियां हैं उन्हें दूर करेंगे।

### शहर में लगना थे 17 एफओबी लेकिन लगाए गए केवल तीन

बीआरटीएस के तहत शहर में 17 एफओबी लगना थे, लेकिन इनमें से तीन ही लग पाए। कहीं जगह की कमी तो कहीं लोगों के विरोध के कारण ये एफओबी लग नहीं पाए।

### लिफ्ट बीच में ही फंस भी चुकी है, लेकिन नहीं हो रहा मेंटेनेंस

*कोहेफिजा स्थित कलेक्टोरेट के पास फुटओवर ब्रिज की लिफ्ट में पांच साल पहले एक व्यक्ति 2 घंटे तक फंसा रहा था। पैदल लौटते समय वह लिफ्ट से जब नीचे आने के लिए चढ़ा तो उतरने समय लिफ्ट बीच में ही फंस गई। जिसको लेकर ऑपरेटर को बुलाने में दो घंटे का समय लग गया था। इसके बावजूद यहां के हालात नहीं सुधरे।*

### आईएसबीटी के एफओबी पर शराब की बोतलें बिखरी, घिस रहा है प्लेटफार्म



आईएसबीटी एफओबी का कम उपयोग होता है

आईएसबीटी के पास करीब 9 साल पहले एफओबी बनाया गया था, लेकिन दिनभर में इस ब्रिज का 5-6 लोग ही उपयोग करते हैं। पहले यह ब्रिज 10 नंबर मार्केट में लगाया गया था, लेकिन वहां एफओबी की जरूरत नहीं थी। जब इसका विरोध हुआ तो इसे हलालपुर बस स्टैंड पर लगाने की योजना बनी। वहां ब्रिज का ढांचा लंबे समय तक पड़ा रहा। बाद में इसे आईएसबीटी के सामने लगा दिया। लोगों ने बताया कि हाल ही में यहां सफाई करवाई गई है, लेकिन शराब की बोतलें यहां मिलीं और लिफ्ट बंद। इससे इसका उपयोग नहीं किया जाता है।



आईएसबीटी के एफओबी पर शराब की बोतले पड़ी रहती है।



एफओबी पर लगी जंग का दृश्य।

### ज्योति टॉकीज चौराहाः लोहे के एंगल में जंग, एस्केलेटर बंद, गंदगी के ढेर

करीब सवा करोड़ रुपए से बने एफओबी पर लोहे के एंगल जंग खा रहे हैं। एक एस्केलेटर बंद है। सीढ़ियों के पास ही कचरे का ढेर लगा है। यहां भी शराब की बोतलें मिलीं। आसपास के दुकानदारों से पूछने पर बताया कि कभी-कभी सफाई होती है तो शराब की बोतलें व गंदगी मिलती है। यहां से भी दिनभर में इक्का-दुक्का लोग की गुजरते हैं।





एफओबी के पास कचरे का ढेर लगा है।

## बैरसिया-नजीराबाद रोड पर शनिवार रात दो कारों में आमने-सामने हुई भीषण टक्कर

# रात 10 बजे तेज रफ्तार कार टकराईं, चार की मौत, एक घायल, कार के परखच्चे उड़े

*परवलिया से श्योपुर लौटते समय हुए हादसे का शिकार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शनिवार देर रात सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हैं। श्योपुर के पांच लोग परवलिया में आयोजित कार्यक्रम में वापस लौट रहे थे। इस बीच बैरसिया-नजीराबाद रोड पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, बैरसिया-नजीराबाद रोड पर रात श्योपुर के पांच लोग अर्टिगा कार से भोपाल से लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने आर्टिगा कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्टिगा कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### मृतक श्योपुर के रहने वाले हैं, परवलिया में कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे, सामने से कार ने मारी टक्कर

कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया

दूसरी कार का चालक भी हुआ घायल, अस्पताल में किया भर्ती



भीषण हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

### सड़क हादसे में इनकी गई जान

मृतकों की पहचान मौलाना अनीस साहब (बालापुरा), खालिद (बगवाज), साजिद (बगवाज) और नावेद (किला श्योपुर) के रूप में हुई है। कार में सवार रफाकत गौरी उर्फ किंग (बालापुरा) गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें बैरसिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मौलाना अनीस मदरसा चलाते थे, साजिद करते थे खेती-किसानी

मृतकों में मौलाना अनीस मदरसा चलाते थे, जबकि नावेद ट्रैफिक पुलिस में वार्डन रह चुके थे और फिलहाल किराए की कार चलाते थे। साजिद और खालिद खेती-किसानी करते थे। ये सभी भोपाल के परवलिया में आयोजित जलसे में शामिल होकर श्योपुर लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। वहीं टक्कर मारने वाला कार चालक सचिन दांगी भी घायल हुआ है, वह सीहोर के अहमदपुर का रहने वाला है। बैरसिया इलाके शादी में शामिल होने जा रहे थे।



मृतक नावेद | मृतक खालिद | मृतक साजिद | मौलाना अनीस

### कोलार में यू-टर्न ले रही कार को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, बुजुर्ग सहित दो घायल

कोलार इलाके में स्थित महाबली पार्वती नगर के कट पॉइंट पर यू-टर्न लेने के दौरान रात करीब एक बजे एक तेज रफ्तार कार ने दूसरी कार को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि आईटी कंपनी में कार्यरत आनंद प्रधान, परिवार के साथ फोर्ड फीगो कार से नेहरू नगर से महाबली की ओर जा रहे थे। कार में उनके ससुर अमर सिंह, बहन जागृति मसराम, निधी सिड़ाम और छोटा आयान्स मौजूद थे। जैसे ही वे महाबली की ओर यूटर्न लेने लगे, तभी बंजारी की ओर से आ रही कार (एमपी 04 वायडी 5902) ने तेज रफ्तार और लापरवाही से उनकी कार को कंडक्टर साइड से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग अमर सिंह के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जागृति और निधी को भी चोटें पहुंची हैं, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हादसा यूटर्न लेने के दौरान हुआ है। आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने कार जब्त कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



कोलार में क्षतिग्रस्त कार।

## निर्वाचन आयोग के निर्णय से मिला सुकून

### शहर में 64% डेटा डिजिटाइज, समय-सीमा बढ़ने से बीएलओ व सुपरवाइजर्स को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्य की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को जारी निर्देशों के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने यह फैसला लिया। अब प्रदेश के मतदाता 11 दिसंबर तक अपने गणना पत्रक भरकर जमा कर सकेंगे।

निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक रविवार शाम छह बजे तक प्रदेश के लगभग 93 प्रतिशत मतदाताओं का डेटा डिजिटाइज किया जा चुका था। हालांकि कई जिलों में फार्म जमा न होने और सत्यापन में आ रही समस्याओं के कारण एसआईआर प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो पा रही थी। इसी को देखते हुए समय सीमा बढ़ाई गई, ताकि पुनरीक्षण कार्य को 100 प्रतिशत सटीकता के साथ पूरा किया जा सके। इस निर्णय से बीएलओ को राहत मिली है।



### 4.67 प्रतिशत मतदाताओं ने गणना पत्रक नहीं सौंपे

अब तक प्रदेश के कुल पांच करोड़ 33 लाख मतदाताओं का डेटा डिजिटाइज हो चुका है। वहीं राजधानी भोपाल में बीएलओ और सुपरवाइजर्स को नई समय सीमा से राहत मिली है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सभी 2029 बीएलओ और 205 सुपरवाइजर्स को शेष कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। भोपाल में 64.47 प्रतिशत मतदाताओं का डेटा डिजिटाइज हो पाया है, जबकि करीब 4.67 प्रतिशत मतदाताओं ने अभी तक अपने गणना पत्रक बीएलओ को नहीं सौंपे हैं।

### कहां-कितने प्रतिशत डेटा हुआ डिजिटाइज



- बैरसियाः 92.64
- उत्तरः 66.68
- नरेलाः 61.26
- दक्षिण-पश्चिम 53.09
- मध्यः 57.23
- गोविंदपुराः 56.20
- हुजूरः 67.56

**कुल योगः 64.47**

## पीजीबीटी कॉलेज रोड पर डीपी में लगी आग, हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भीड़भाड़ और व्यस्त यातायात के दबाव वाले रोड पर रविवार की अलसुबह करीब साढ़े तीन बजे रोड किनारे लगी एक डीपी की अंडरग्राउंड वायरिंग में आग लग गई। इससे पूरी डीपी जल गई और आसपास के क्षेत्रों में बिजली हो गई।

इसकी जानकारी जब स्थानीय रहवासियों को लगी तो वे एकत्र हो गए और इसकी सूचना फायर बिग्रेड और बिजली कंपनी को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू किया। बिजली कंपनी का अमला रविवार को दिनभर नई डीपी और वायरों को बदलने के काम में जुटा रहा। इस दौरान घरों में बिजली गुल रही। देर रात काम पूरा हो सका।

इस संबंध में जानकारी के लिए छोला बिजली उपकेंद्र के मैनेजर मो. हनीफ सिद्दीकी व असिस्टेंट मैनेजर अर्पित कुमार उपाध्याय से संपर्क का प्रयास किया, लेकिन दोनों ने ही मोबाइल अटैंड नहीं किए।



## पेड़ों की छंटाई का मामलाः भोजपुर क्लब को आज देना होगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### हाईकोर्ट के प्रतिबंध के आदेश के बावजूद सात पेड़ों की कर दी थी छंटाई

शहर के अरेरा कॉलोनी ई-1 स्थित भोजपुर क्लब परिसर में सात पेड़ों की छंटाई करने के मामले को लेकर सोमवार को निगम के नोटिस का जवाब देना होगा। यही नहीं निगम ने विस्तृत जवाब मांगा है।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों क्लब परिसर के एक हरे-भरे बड़े पेड़ की गहरी छंटाई कर उसे लगभग नष्ट कर दिया गया था, जबकि निर्देश केवल झाड़ियां साफ करने के थे। क्लब प्रबंधन का तर्क है कि एक भी पेड नहीं काटा गया है, केवल छंटाई करवाई गई है।

यह काम लोनिवि के एक अधिकारी के कहने पर किया गया। मामला पूरी तरह से भोजपुर क्लब पर आया गया है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने अपने कथन में कहा है कि जहां बड़े मशीनों से पेड़ों को नुकसान पहुंचने की आशंका थी, वहां काम रोक दिया गया या छोटी मशीनों का उपयोग किया गया ताकि हरियाली को हानि न हो।

मौके पर पहुंची जांच टीम को दोनों की पक्षों की ओर से यह भी कहा गया कि उन्हें हाईकोर्ट के प्रतिबंध की जानकारी नहीं थी। इधर निगम आयुक्त संस्कृति जैन भोजपुर क्लब के अंदर और बाहर करीब सात पेड़ों की छंटाई का मामला सामने गया, जिसे लेकर तुरंत क्लब को नोटिस जारी किया। उन्हें जवाब देना होगा। उसके बाद अधिकारियों की ओर से आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## परिवार भी था खिलाफ, वर्तमान में दंपती साथ रहकर बिता रहे खुशहाल जीवन

# विश्व एड्स दिवस आजः एड्स का पता चला तो पति ने छोड़ा, प्रेमी ने अपनाया

सचिन सिंह बैस ▶▶ भोपाल

अलग खबर

शादी के सात फेरों के समय पति से सात जन्म तक रिश्ता निभाने की कसम खाई थी, लेकिन पति को जैसे ही पता चला कि पत्नी को एड्स है, पति ने एक पल में रिश्ता तोड़ लिया, लेकिन प्यार का रिश्ता एड्स पर भारी पड़ा।

एक युवक को उससे प्रेम हुआ तो उस महिला के सामने शादी का प्रस्ताव रखा। महिला को डर था कि ये जानलेवा बीमारी उसे भावी जीवनसाथी को भी हो सकती है, उसने इस जानलेवा बीमारी के बारे में बताया, लेकिन युवक ने मौत से पहले प्यार को अपनाने का वादा किया। युवक के परिवार को जब पता चला तो उन्होंने शादी से साफ इंकार कर दिया, युवती भी दूर रहने को कहने लगी, लेकिन आखिर प्रेम के आगे किसी की नहीं चली। दोनों ने शादी कर ली, आज दोनों ही खुशहाल जीवन बिता रहे हैं।

पति के छोड़ने के बाद महिला की जिंदगी में आया युवक, किया साथ निभाने का वादा





### ब्लड जांच में हुई लापरवाही से हुआ एचआईवी पॉजिटिव

एक युवा इंजीनियर की जिंदगी में बायपास सर्जरी के बाद दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उम्मीद थी कि सर्जरी के बाद वह अपने परिवार के साथ खुशी की जिंदगी बिताएंगे लेकिन सर्जरी के दौरान उन्हें दस यूनिट खून चढ़ाना पड़ा। उस वक्त तो उन्हें इसका एहसास नहीं हुआ। लेकिन जब तबीयत बिगड़ी तो जांच में एड्स का पता चला। पीड़ति भी चौंक गए कि इस उम्र में उन्हें ऐसी घातक बीमारी कैसे लग गई। बाद में पता चला कि ब्लड जांच में हुई लापरवाही के कारण वे इसके चपेट में आ गए।

### एड्स का संपूर्ण इलाज तो नहीं, पर दवाइयों से जी सकते हैं सामान्य जीवन

हमीदिया अस्पताल में राजधानी का एआरटी सेंटर है। इस सेंटर में करीब दो हजार एड्स पीड़ति रजिस्टर्ड हैं। एआरटी सेंटर के प्रभारी हेंमत वर्मा में बताया कि एड्स का भले ही संपूर्ण इलाज आज भी मौजूद नहीं होगा, लेकिन लगातार दवाइयां लेने से पीड़ति भी सालों तक सामान्य जीवन जी सकता है। पहली स्टेज पर उसे पांच गोली हर दिन खाना होती है, धीरे-धीरे स्टेज बढ़ने के साथ ही डोज भी बढ़ता जाता है। राजधानी में फर्स्ट लाइन सेंटर के साथ ही स्पेशल सेंटर भी है। जिसे एआरटी प्लस सेंटर कहा जाता है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# उत्तम शिक्षा, कौशल विकास के केन्द्र बन रहे हैं सांदीपनि विद्यालयः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*गुणवत्ता शिक्षा में सांदीपनि विद्यालय को मिल रही है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान, अगले शैक्षणिक सत्र तक 250 से अधिक विद्यालयों के होंगे अपने भवन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों ने अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। सांदीपनि विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने के साथ ही उनके कौशल विकास और उन्हें रोजगार से जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में सांदीपनि विद्यालय की शुरूआत वर्ष 2022-23 शैक्षणिक सत्र से शुरू हुई। इस सत्र में पहले चरण में प्रदेश में 274 सांदीपनि विद्यालय शुरू किए गए। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 3 लाख से ऊपर हो गई है।



सांदीपनी विद्यालय का फाइल फोटो।

## विद्यालयों में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर

स्कूल शिक्षा विभाग ने सांदीपनि विद्यालयों में अधोसंरचना के विस्तार को प्राथमिकता दी है। राज्य में 256 सांदीपनि विद्यालय भवनों के निर्माण का कार्यशुरू किया गया। विद्यालयों के भवन निर्माण एवं संसाधनों की सुविधा के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने लगभग 10 हजार करोड़ रुपए की कार्ययोजना तैयार की है। अब तक 44 सांदीपनि विद्यालयों के नए भवन बनकर तैयार हो गए हैं। इन नए भवनों में सांदीपनि विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। अगले शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 में 256 विद्यालयों का भवन निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

## स्कूलों में लैब, म्यूजिक रूम की सुविधा

प्रदेश में संचालित सभी सांदीपनि विद्यालयों में पूर्णतः सुसज्जित प्रयोगशालाएं, कम्प्यूटर लेब, आर्ट एंड क्राफ्ट रूम, म्यूजिक रूम, आधुनिक लाइब्रेरी और खेल मैदान के साथ ऑडिटोरियम की सुविधा भी दी गई है।

## स्कूलों को मिले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार

सांदीपनि विद्यालयों ने अपने कुशल संचालन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किए हैं। वर्ष 2024 में सांदीपनि बिनोवा विद्यालय रतलाम ने नवाचार श्रेणी में अंतर्राष्ट्रीय संस्था टी-4 एजुकेशन का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय को पुरस्कार स्वरूप 10 हजार डॉलर की राशि प्रदान की गई। इसी तरह सांदीपनि विद्यालय झाबुआ को सपोर्टिंग हेल्थी लाइफ श्रेणी में विश्व के प्रथम 10 विद्यालयों में चयनित किया जा चुका है। वर्ष 2025 में सांदीपनि विद्यालय मालव कन्या को फिक्की द्वारा एक्सीलेंस अवार्डदिया गया था।



## बीयू का युवा उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भोपाल।** एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय केंद्रीय युवा उत्सव में शामिल 30 विश्वविद्यालय में से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माइम विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्टूनिंग में तृतीय, संपूर्ण रंगमंचीय विद्या में द्वितीय, पोस्टर मेकिंग में चतुर्थ स्थान, सामूहिक नृत्य में पांचवां स्थान, क्ले मॉडलिंग में पांचवां स्थान एवं वक्तृत्व में पांचवां स्थान प्राप्त किया। इस केंद्रीय क्षेत्रीय युवा उत्सव का आयोजन एमजीएम विश्वविद्यालय, छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) में स्थित निजी, स्व-वित्तपोषित राज्य विश्वविद्यालय में किया गया। टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कुलगुरु प्रोफेसर एसके जैन ने प्रशंसा की साथ ही टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज की युवा शक्ति के अंदर कई प्रतिभाएं छिपी होती हैं, हमारा कार्य उन प्रतिभाओं को निखार कर उनका भविष्य सवारना है। विद्यार्थियों में अद्भुत प्रदर्शन किया है।

## नो मोर पाकिस्तानः एमसीयू में राष्ट्रीय सुरक्षा पर विशेष व्याख्यान

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में नो मोर पाकिस्तान विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद सभागार में इस व्याख्यान का आयोजन राष्ट्रीय सुरक्षा मंच द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य भारत के समक्ष मौजूद सुरक्षा चुनौतियों और क्षेत्रीय भू-राजनीतिक परिस्थितियों पर जागरूक एवं सूचित चर्चा को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोलोक बिहारी राय, राष्ट्रीय संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के बदलते आयामों पर प्रकाश डाला। कहा कि वर्तमान समय में नागरिकों, विशेषकर युवाओं को सुरक्षा से जुड़े मुद्दों, क्षेत्रीय तनावों और भारत की सामरिक स्थिरता को प्रभावित करने वाले कारकों की समझ विकसित करना अत्यंत आवश्यक है।

## शहीदी गुरमत समागम की बागडोर संभालेंगे 200 बच्चे

**भोपाल।** गुरुद्वारा नानकसर हमीदिया रोड पर रविवार को राजधानी की सभी स्त्री सत्संगों की बैठक रखी गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि गुरु गोविंद सिंह महाराज का जन्मोत्सव स्त्री सत्संग द्वारा 11 जनवरी को मनाया जाएगा। इसमें महिलाएं सारी जिम्मेदारियां निभाएंगी। इससे पहले पांच जनवरी को मुख्य आयोजन हमीदिया गुरुद्वारा में होगा। गुरु गोविंद सिंह के चार साहबजादे और माता गुजरी बाई की शहादत की याद में हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा नानकसर में शहीदी गुरमत समागम का आयोजन 26 दिसंबर को किया जाएगा। इसमें 200 बच्चों द्वारा पूरे समागम की व्यवस्था का संचालन किया जाएगा। इसमें कीर्तन, कथा, कविता, अरदास, हुकमनामा, मंच संचालन सहित सभी कार्यक्रम में बच्चे जिमेदारी निभाएंगे। कमेटी के अध्यक्ष परमवीर सिंह वजीर ने बताया कि इसमें तीन साल से लेकर 16 साल तक के बच्चे शामिल रहेंगे। 21 से 28 दिसंबर तक निकलेगी पैदल यात्रा गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादे की शहादत पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा 21 से 28 दिसंबर तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी।

## तीन लाख गीता पाठी एक साथ करेंगे श्रीमद्भागवत का सस्वर पाठ

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर में करेंगे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ

हरियाणा के मुख्यमंत्री भी प्रदेश के पहले गीता भवन के लोकार्पण में होंगे शामिल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 1 दिसंबर को गीता जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के 313 विकासखंड, 55 जिला मुख्यालय और 10 संभागों में आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख से अधिक गीताभक्तों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ किया जाएगा।

गीता जयंती पर उज्जैन, भोपाल एवं इंदौर में विशेष आयोजन किए गए हैं। इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में 16 से 28 नवंबर तक आयोजित हुई श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की जाएगी।

### भगवद गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की होगी घोषणा




### इंदौर के गोपाल मंदिर में होंगे आयोजन

सीएम एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी इंदौर के मुख्य आतिथ्य में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन-गोपाल मंदिर का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही प्रदेश में 16 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित हुई श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा की जाएगी। पुरस्कारों का वितरण 26 जनवरी के मौके पर होगा। इस अवसर पर संजीव मालवीय द्वारा निर्देशित नृत्य नाटिका कृष्णायन की प्रस्तुति होगी। वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि गीता जयंती 1 दिसंबर को मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है।

### *उज्जैन में पहले दिन नृत्य नाटिका जय श्रीकृष्णा का मंचन*

*उज्जैन के दशहरा मैदान पर 1 से 3 दिसंबर तक विविध सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसमें पहले दिन अभिनेता पुनीत इस्सर द्वारा निर्देशित नृत्य नाटिका जय श्रीकृष्णा का मंचन होगा। दूसरे दिन नई दिल्ली की वैष्णवी शर्मा का काव्य पाठ विराटजयी तथा मुंबई के मोहित शेवानी एवं दल द्वारा कृष्णायन की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। अंतिम दिन उमेश तरकसवार द्वारा निर्देशित विश्ववंदनीय एवं बैंगलोर के डॉ. सलाउद्दीन पाशा द्वारा निर्देशित गीता ऑन व्हील्स की प्रस्तुति होगी।*

### सर्वार्थसिद्धि और शिववास योग में आज मनेगी गीता जयंती

गीता जयंती पर सोमवार को राजधानी के विभिन्न मंदिरों, आध्यात्मिक संस्थाओं और संस्कृत शिक्षण केंद्रों में गीता पाठ, प्रवचन और गीता ज्ञान यज्ञ सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे। शास्त्राचार्यों के अनुसार भगवद् गीता मात्र ग्रंथ नहीं, बल्कि युवाओं में जीवन दर्शन और व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनती जा रही है। इसके अध्ययन से व्यसन नशा, सोशल मीडिया, मोबाइल गेमिंग, देर रात तक जागने, क्रोध और अवसाद जैसी समस्याओं से भी छुटकारा मिला है। वहीं कुछ राशियों के लिए यह विशेष शुभफलदायी होगी। गीता जयंती व मोक्षदा एकादशी पर शहर में कई जगह धार्मिक आयोजन होंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित जगदीश शर्मा के अनुसार एकादशी तिथि की शुरूआत 30 नवंबर की रात 9.30 बजे हुई और इसका समापन एक दिसंबर की शाम 7.02 बजे होगा। उदयातिथि के आधार पर पर्व एक दिसंबर को मनाया जाएगा।

### दादाजी धाम मंदिर में मनेगी गीता जयंती

जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर में गीता जयंती पर विधि विधान से पूजन कराया जाएगा। गीता जयंती का उपदेश कर्म करने के महत्व पर केंद्रित है। जिसमें फल की चिंता किए बिना अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। इसके अतिरिक्त गीता का संदेश हमें धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने, इंद्रियों पर नियंत्रण रखने और क्रोध, काम और लोभ जैसे दोषों से बचने की प्रेरणा देता है।

## रोशनपुरा चौराहे पर किया प्रदर्शन

# मौलाना मदनी के बयान का हिंदू संगठनों ने किया विरोध



हिंदूवादी संगठनों ने फूंका मदनी का पुतला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा बयान को लेकर विरोध तेज हो गया है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए मदनी का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। कई कार्यकर्ताओं ने पोस्टरों पर मार्कर से क्रॉस बनाकर मदनी के बयान का विरोध जताया।

### मुस्लिम युवाओं को उकसाने के लिए मदनी का बयान

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौहान ने कहा कि मदनी का बयान देश और हिंदू समाज के खिलाफ है। उन्होंने पूछा कि वे कहते हैं कि जुल्म होगा तो जिहाद होगा, तो बताएं जुल्म कहां हो रहा है। चौहान ने आरोप लगाया कि मदनी जैसे बयान मुस्लिम युवाओं को उकसाने का काम करते हैं।

## अजाक्स दफ्तर का करने जा रहे थे घेराव

# कफन बांधकर वर्मा के खिलाफ अजाक्स भवन का घेराव करने निकले ब्राह्मण, पुलिस ने रोका



ब्राह्मण समाज ने संतोष वर्मा के बयान का किया विरोध।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्राह्मण समाज की बेटियों पर आईएएस संतोष वर्मा द्वारा दिए गए अपमानजनक बयान को लेकर ब्राह्मण समाज में काफी नाराजगी है। संतोष वर्मा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर रोजाना धरना प्रदर्शन किए जा रहे है।

ब्राह्मण समाज के लोगों ने कफन बांधकर प्रदर्शन किया। परशुराम मंदिर से रैली निकालते हुए कार्यकर्ता संतोष वर्मा मुर्दाबाद, ब्राह्मण समाज जिंदाबाद जैसे नारे लगाए और एमएआईआर और निलंबन की मांग की। सवर्ण कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने बताया कि हम परशुराम मंदिर से अजाक्स भवन तक जाने वाले थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया।

### जब तक कार्रवाई नहीं होती, लड़ाई जारी रखेंगे

ब्राह्मण रेजिमेंट के अध्यक्ष पंडित रामनारायण अवस्थी ने कहा कि ब्राह्मण रेजिमेंट के आव्हान पर कई संगठनों की एक ही मांग है। जब तक संतोष वर्मा पर एफआईआर, निष्कासन नहीं हो जाती तब तक समाज संघर्ष करता रहेगा। हमने संकेत दिया है कि हम सिर पर कफन बांधकर निकले हैं। लड़ाई जहां तक जाएगी हम लड़ने के लिए तैयार हैं। तीन दिन में कार्रवाई करे, नहीं तो करेंगे विधानसभा को घेराव प्रदर्शन में शामिल रामनारायण अवस्थी ने कहा कि हमें मोहन सरकार पर पूरा विश्वास है लेकिन यदि समय-सीमा में काम होता है तो हम सरकार के साथ हैं।

## आगमन का पहला रविवार क्रिसमस महोत्सव मनाया



*भोपाल। सेंट जोन्स चर्च में आगमन का पहला रविवार क्रिसमस महोत्सव का मनाया गया। जिसमें कैरोल के गीत गाए गए। अनिल मार्टिन ने अपने संदेश में प्रभु यीशु के आने के साथ प्रेम सेवा और आनंद का संदेश दिया। अमन मार्टिन ने कहा कि भाईचारा और सद्भाव को सार्वभौमिक सर्वधर्म समभाव की भावना से प्रभावित होकर हम सब की अगुवाई करें, जनहित में नैतिक आचरण आध्यात्मिक उन्नति को प्राथमिकता दे, यही क्रिसमस का संदेश है।*

## एम्स भोपाल ने त्रैमासिक न्यूजलेटर 'चितरावन' का किया अनावरण


एम्स में त्रैमासिक न्यूजलेटर 'चितरावन' के अनावरण का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल ने अपने त्रैमासिक न्यूजलेटर 'चितरावन' का अनावरण किया, जिसमें संस्थान की प्रमुख गतिविधियां और उपलब्धियां शामिल हैं। न्यूजलेटर में उन सेवाओं और पहलों का संकलन है, जो आम नागरिकों के लिए उपयोगी हैं।

चितरावन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं और संस्थान की प्रगति की पारदर्शी जानकारी जनता तक पहुंचाना है। यह न्यूजलेटर रोगियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को एम्स भोपाल में हो रहे सुधारों और नई सुविधाओं से अवगत कराएगा। चितरावन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम जनता, मरीजों, विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को एम्स भोपाल में होने वाले महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध हो सके। न्यूजलेटर में उन सेवाओं और पहलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है जिनका सीधा लाभ नागरिकों को मिलता है, जैसे स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, नई तकनीकों का उपयोग, उपचार प्रक्रियाओं में सुधार और सामुदायिक स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियां शामिल है।

## आयुष काउंसलिंग की कट-ऑफ तिथि अब 10 दिसंबर तक

**भोपाल।** राष्ट्रीय आयुर्वेद चिकित्सा आयोग ने आयुष स्नातक (स्नातकीय) सत्र 2025-26 के प्रवेश के लिए राउंड काउंसलिंग की कट-ऑफ तिथि बढ़ाने की अधिसूचना जारी की है। अब छात्र एक दिसंबर के स्थान पर 10 दिसंबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 10 दिसंबर के बाद किसी भी प्रकार का विस्तार नहीं दिया जाएगा तथा सभी दस्तावेज सत्यापन और प्रवेश कार्यवाही इसी तिथि के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करानी होगी। नीमा छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ हरेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि कट-ऑफ बढ़ाए जाने के निर्णय को छात्र हित में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा अनेक विद्यार्थी दस्तावेजीकरण एवं काउंसलिंग प्रक्रियाओं के कारण समयाभाव में थे। अतिरिक्त अवधि मिलने से उन्हें राहत प्राप्त होगी तथा अधिक पात्र विद्यार्थी आयुष संस्थानों में चयनित हो सकेंगे।

## जलोटा, कालीचरण महाराज करेंगे पाठ

# नीब करौरी बाबा के प्रकट्य उत्सव पर होगा सुंदरकांड और शिव तांडव स्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




बाबा नीब करौरी का प्राकट्य उत्सव 2 दिसंबर को राजधानी के रवींद्र भवन मुक्ताकाश मंच पर मनाया जाएगा। बाबा नीब करौरी भक्त मंडल द्वारा शाम 4 बजे से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में विख्यात भजन गायक अनूप जलोटा सुंदरकांड की प्रस्तुति देंगे। कालीचरण महाराज रोमांचित कर देने वाले शिव तांडव स्त्रोत का गायन करेंगे। इसी के साथ स्वर्गीय विनोद अग्रवाल की आवाज में प्रसिद्ध भजन गायक रवीश कुमार भजन गायन करेंगे। बाबा की स्मृति में बनाए गए ट्रस्ट और भक्त मंडल ने कार्यक्रम के पश्चात यहां भंडारे का भी आयोजन किया है।

## जंबूरी मैदान में संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव का चौथा दिन

संत मुरलीधर में रामजी के जनकपुर प्रवास और नगर भ्रमण का किया वर्णन

# भगवान से अगर कुछ मांगना तो सिर्फ प्रभु चरणों में भक्ति मांगनाः मुरलीधर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब प्रभु के प्रति प्रेम होता है, तभी भक्ति होती है, पुस्तकों के अध्ययन से प्राप्त ज्ञान से भक्ति नहीं, अहंकार होता है। यह प्रवचन जंबूरी मैदान में आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव के चौथे दिन कथा वाचक संत मुरलीधर महाराज ने व्यक्त किए।

मुरलीधर महाराज ने श्रीराम कथा के दौरान भगवान राम के जनकपुर जाने और नगर भ्रमण को वर्णन किया। मुरलीधर महाराज ने बताया कि हर युग में एक तीर्थ प्रधान होता है,


कथा का वाचन करते संत मुरलीधर महाराज।

सतयुग में काशी, त्रेतायुग में नैमिष्यरायण, द्वापर में कुरुक्षेत्र और कलियुग में हरिद्वार तीर्थ प्रधान है और कलयुग में गंगा स्नान करने से कलियुग के पापों से मक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि हम मंदिर जाते हैं, पूजा करते हैं लेकिन प्रभु से कुछ मांगना नहीं है।

मांगना तो सिर्फ प्रभु चरणों में भक्ति है। कथा के मुख्य आकर्षण में नियम और रीति को मां कर्म की कथा से बड़े रोचक ढंग से समझते हुए मुरलीधर महाराज ने कहा कि मां कर्मा ने नियम का पालन नहीं, प्रेम से भगवान को पाया।

### संगीतमय गायन से समां हुआ भक्तिमय

अंतर्राष्ट्रीय संत मुरलीधर महाराज द्वारा रामचरितमानस की चौपाइयों के सुमधुर संगीतमय गायन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मिथिला की प्यारी नगरिया, दशरथ राजदुलारे नजर तोहे लग जाएगी भजनों पर श्रोताजनों के नृत्य मगन हो गए। सकल समाज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति द्वारा संगीतमयी श्रीराम कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीरामचरितमानस की प्रतियां का भी वितरण किया गया।

# विधानसभा सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की हुई बैठक: भाजपा विपक्ष के हमले की तैयारी देखने के बाद दूसरे दिन सीएम हाउस में आयोजित करेगी बैठक

## कांग्रेस के विधायकों ने सरकार से सवाल पूछने की तैयारी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

करीब एक घंटे तक विधानसभा क्षेत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस के विधायकों की विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य सचेतक की भूमिका में सोहनलाल वाल्मीकि ने शुरूआत की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने विधायक दल की बैठक के लिए वाल्मीकि को मुख्य सचेतक बनाया है। हालांकि विधानसभा सत्र से पहले ही कांग्रेस के विधायकों ने सरकार से सवाल पूछने की तैयारी की है। वहीं सरकार भी विपक्ष के सवालों की रफ्तार देखने के बाद अपना जवाब देने की रणनीति पर चर्चा करेगी। आज मुख्यमंत्री आवास में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी।

मुख्य सचेतक की भूमिका में वाल्मीकि ने की बैठक की शुरुआत

किन-किन मुद्दों पर चर्चा करेंगे, इसकी रणनीति पर हुई चर्चा

सरकार भी विपक्ष के सवालों की रफ्तार देख कर करेगी चर्चा



**भोपाल।** मप्र की सोलहवीं विधानसभा का सत्र सोमवार, 1 दिसंबर से आरंभ होकर 5 दिसंबर 2025 तक चलेगा। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सत्र की तैयारियों का जायजा लिया एवं सत्र के सुचारू रूप से संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस पांच दिवसीय सत्र में सदन की 4 बैठकें होंगी।

### जनता से जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा हो: सिंघार

बैठक में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि जनता की आवश्यकता है कि उससे जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा हो युवा किसान के बारे में चर्चा हो. इसके साथ ही जिस तरीके से प्रदेश में माय अस्पताल और छिंदवाड़ा में सिरप पीने की वजह से बच्चों की मौत हुई है। उन मामलों को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई है। जनता को सरकार घी कब पिलाएगी। यह उसको बताना चाहिए। विधायकों को जनता ने चुना है तो उनसे जुड़े हुए मुद्दों पर भी बातचीत होनी चाहिए लेकिन सत्र लगातार छोटा करके सरकार चर्चा से भागना चाहती है। इसे 4 दिन के सत्र के दौरान कांग्रेस के विधायक किन-किन मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस पर रणनीति पर चर्चा हुई है। कई विषयों पर ध्याना आकर्षण लगाया गया है। इसकी सूचना विधानसभा सचिवालय को दी गई है सरकार से जनता से जुड़े हुए गंभीर मामलों को लेकर जवाब दे ही तय की जाएगी। कांग्रेस के विधायकों ने इसकी तैयारी पूरी तरीके से कर ली है। किन मुद्दों को लेकर सरकार से क्या सवाल किए।

### विधानसभा में सवाल उठेगा तो अधिकारी डरेंगे: जीतू

बैठक के बाद जीतू पटवारी ने कहा कि बहनों के 70000 करोड़ पर सरकार दबा कर बैठी है। लाड़ली बहन योजना के तहत बहनों का पैसा नहीं दिया जा रहा है। किसान दलित वर्ग हर कोई परेशान है। यह बात सरकार पर आरोप नहीं बल्कि एनसीआरबी की आंकड़े बताते हैं। भोपाल पूरी तरीके से अपराध का शहर बन चुका है। सरकार सत्र चलना नहीं देना चाहती है। प्रदेश के मुद्दे आए और अधिकारी डरें। इसके साथ ही वह बेनकाब हो।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर पर घमासान जारी: आदिवासी वोट काटने का सरकार पर आरोप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर बड़ा हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि धार सहित आदिवासी बाहुल्य जिलों में



योजनाबद्ध तरीके से आदिवासी मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। सिंघार ने दावा किया कि धार कलेक्टर ने प्रशासन को मौखिक रूप से रकफ फॉर्म रोकने के निर्देश दिए हैं। ताकि मजदूरी के लिए बाहर गए आदिवासी मतदाताओं को शिफ्टेड वोटर बताकर सूची से हटाया जा सके। सिंघार ने कहा कि गुजरात और अन्य राज्यों में काम पर गए आदिवासी मजदूर मजबूरी में गांव छोड़ते हैं। वे सिर्फ एक फॉर्म भरने के लिए 3,000 रुपये खर्च कर गांव नहीं लौट सकते।

### वर्मा के जयस का समर्थन, निकाला मार्च

**भोपाल।** आईएएस संतोष वर्मा के रोटी-बेटी वाले बयान के समर्थन में आदिवासी संगठन जयस ने इंदौर में पैदल मार्च निकाला। जयस कार्यकर्ता और समाजजन क्रांति सूर्य टंट्या भील चौराहा से कलेक्टर कार्यालय तक मार्च करते हुए पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसी क्रम में रविवार को इंदौर में पैदल मार्च कर ज्ञापन सौंपने की कार्रवाई की गई। जयस किसी भी निष्पक्ष अधिकारी के साथ अन्याय नहीं होने देगा।

## ये वो इलाका, जहां बड़ी मात्रा में मौजूद डायस्फोर-पायरोफिलाइट जैसे बेशकीमती खनिज

# करोड़ों का खनन रोका, खनिज निगम के अफसरों के खिलाफ एफआईआर

कंपनी के पास खनिज भंडारण का लाइसेंस ही नहीं तो ओम कंस्ट्रक्शन ने खनिज ढुलाई और भंडारण का काम, पेटी कांट्रेक्ट पर एक अन्य फर्म गजानन कंस्ट्रक्शन को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वन विभाग ने टीकमगढ़ जिले के कारी वन क्षेत्र में खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इस मामले में मध्यप्रदेश खनिज निगम के स्थानीय अफसरों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण भी दर्ज किया गया है। यह वह इलाका है, जहां पर डायस्फोर और पायरोफिलाइट जैसे बेशकीमती खनिज बड़ी मात्रा में हैं। इनके खनन को लेकर मध्यप्रदेश खनिज निगम ने साल 1999 में वन विभाग से अनुबंध किया था। यह अनुबंध 60 सालों के लिए था।

इसके तहत वन विभाग ने कारी वन क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 48 में 5 हेक्टेयर का पट्टा मध्यप्रदेश खनिज निगम के नाम स्वीकृत किया गया था। खनिज निगम ने बाद में स्वीकृत खदान को ओम कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी को आवंटित कर दी। सूत्रों की माने तो संबंधित कंपनी के पास खनिज भंडारण का लाइसेंस ही नहीं है। इसके चलते ओम कंस्ट्रक्शन ने खनिज ढुलाई और भंडारण का काम, पेटी कांट्रेक्ट पर एक अन्य फर्म गजानन कंस्ट्रक्शन को सौंप दिया। इस तरह यह खदान एक से दूसरे और दूसरे से तीसरे ठेकेदार के हाथ में चली गई। डीएफओ परमार ने स्वीकृत खदान से खनिज की खुदाई व इसके परिवहन पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। उन्होंने खनिज निगम के अफसरों को पत्र लिखकर खदान का नए सिरे से सीमांकन कराने के निर्देश भी दिए हैं। परमार ने पत्र में लिखा कि मौके पर की गई जांच में स्वीकृत खदान सीमाकंन के लिए लगाई। गई मुनारे गायब मिली हैं।

» *डायस्फोर और पायरोफिलाइट बेशकीमती खनिज निकालने में निगम और कंपनियों की गड़बड़ी उजागर*

» *डीएफओ परमार ने स्वीकृत खदान से खनिज की खुदाई व इसके परिवहन पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी*



फाइल फोटो।

### गड़बड़ी अवैध, खुदाई के साक्ष्य नहीं

वन मंडल अधिकारी राजाराम परमार किसी तरह की गड़बड़ी से इंकार करते हैं। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में सड़क निर्माण का जो बजट स्वीकृत हुआ है, उससे कारी क्षेत्र की दूसरी बीट में सड़क बनाई जानी है। जहां तक अवैध खनन की बात है, तो वह फिलहाल अतिक्रमित क्षेत्र पर खनन से निकला खनिज का मलबा सालों से पड़ा है। यह पहाड़ी इलाका है, यदि इस स्थान पर खुदाई के साक्ष्य मिलते हैं, तो इसे लेकर भी कार्रवाई की जाएगी।

### क्षेत्र में कागजी सड़क बनाने की तैयारी

खनिज परिवहन के लिए ठेकेदार कंपनी ने कारी क्षेत्र के बीट नंबर 15 में खड़ंजा और मुरम की सड़क तैयार की है, जो खदान से वन क्षेत्र समाप्ति तक है। सूत्रों का दावा है कि वनमंडल कार्यालय ने इसी सड़क को प्रस्तावित पहुंच मार्ग बताकर एक नया प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा था। वह प्रस्ताव स्वीकृत भी हो चुका है। इसके निर्माण की राशि भी वन मंडल को मिल चुकी है। अब सिर्फ कागजों पर नई सड़क बनाना बताया जा रहा है।

### विधानसभा में गूंजा तब चेता वन विभाग

खनिज निगम ने खदान तो आवंटित कर दी, लेकिन निगरानी व्यवस्था में कोताही बरती। नतीजा यह हुआ कि ज्यादा मुनाफे के फेर में पेटी कांट्रेक्टर ने स्वीकृत खदान से बाहर जाकर खुदाई शुरू कर दी। यह मामला राज्य विधानसभा में भी गूंजा था। कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह ने सदन में इस पर सवाल उठाए। इसके बाद वन विभाग की नींद खुली और अब प्रतिबंध लगाया है।

### टीकमगढ़ डीएफओ ने कराई एफआईआर

अवैध खनन का मामला सदन में गूंजने व मुख्यालय को हुई शिकायत के बाद मामले की जांच हुई। इसमें स्वीकृत खदान के अलावा करीब पौने तीन हेक्टेयर रकबे में अतिक्रमण होना पाया गया। इसे लेकर डीएफओ राजाराम परमार ने अनुबंध कर्ता मध्यप्रदेश खनिज निगम के स्थानीय उप प्रबंध व प्रभारी अधिकारी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) ज के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करा दिया है।

### नजरअंदाज किया जा रहा अवैध खनन

सूत्रों का दावा है कि वन विभाग की ओर से की गई इस जांच में भी खेल हुआ है। विभाग ने स्वीकृत खदान के अलावा 2.62 हेक्टेयर वन क्षेत्र में अतिक्रमण तो बताया है, लेकिन इस क्षेत्र में हुए अवैध खनन की बात छुपा ली है। दरअसल जांच में अवैध खनन सामने आने पर संबंधित कंपनी को भारी जुर्माना अदा करना पड़ता है।

## भाजपा पदाधिकारियों ने सुना कार्यक्रम

# सीएम ने उज्जैन, प्रदेशाध्यक्ष ने इंदौर में सुनी 'मन की बात'



'मन की बात' सुनते सीएम

-विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन में सामूहिक विवाहोत्सव स्थल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने इंदौर एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने देवास के बूथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इसके साथ ही प्रदेशभर में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के साथ उज्जैन के सांवरा खेड़ी स्थित सामूहिक विवाहोत्सव स्थल पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, दुर्गादास उइके, मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर मौजूद रहे।

## विधायक रामेश्वर ने बूथ 114 पर सुनी पीएम के 'मन की बात'



'मन की बात' सुनते विधायक।

**भोपाल।** विधायक रामेश्वर शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का हुजूर विधानसभा के हरिहर नगर फंदा के बूथ क्रमांक 114 पर सामूहिक श्रवण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## देश में जैन समाज का सबसे बड़े परिचय सम्मेलन 13 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के जैन समाज समिति द्वारा तीन दिवसीय अखिल भारतीय युवक -युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 13 आयोजित किया जा रहा है जो कि 15 दिसंबर चलेगा। जैन समाज द्वारा आयोजित होने वाला यह सम्मेलन मध्यप्रदेश ही देशभर में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। इस अखिल भारतीय युवक- युवती परिचय सम्मेलन में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 5 दिसंबर 2025 निर्धारित हैं। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील जैनाविन ने बताया कि 13 दिसंबर से आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के विवाह योग्य प्रत्याशी अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। क्योंकि आयोजित होने वाला यह सम्मेन मध्यप्रदेश ही नहीं देश की संपूर्ण जैन समाज का परिवार बन गया है। अति सुविधा युक्त परिचय सम्मेलन में, परिवार जनो को आवास भोजन सहित संपूर्ण सुविधाएं मुहैया होगी।




### क्या भूपेंद्र-गोविंद के मतभेद दूर हो गए?

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सूझबूझ और रणनीति को दाद देनी होगी। यह कमाल उन्होंने सागर की राजनीति के दो धुरंधर प्रतिद्वंद्वियों को एक टेबल पर बैठा कर किया। ये हैं मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह। सार्वजनिक तौर पर दोनों एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। भूपेंद्र का कहना था कि कांग्रेस से भाजपा में आए गोविंद पार्टी के निष्ठावान नेताओं, कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित कर रहे हैं जबकि गोविंद कहते थे कि विधायक खुद को पार्टी से बड़ा समझ रहे हैं। पहले पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सुलह कराने की कोशिश की। हेमंत खंडेलवाल सागर के दौरे पर पहुंचे तो भूपेंद्र को गोविंद के घर ले जाकर डिनर करा दिया। इसके बाद गोविंद को लेकर भूपेंद्र के घर पहुंचे और चाय पर लंबी चर्चा करा दी। सवाल यह है कि क्या वास्तव में दोनों के बीच मतभेद दूर हो गए?

### वर्मा पर कार्रवाई की तलवार कितनी असली?

अजाक्स के अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के एक बयान ने प्रदेश में बवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि जब तक उनके बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान में न दे, तब तक जाति के आधार पर आरक्षण जारी रहना चाहिए। भाजपा नेता गोपाल भार्गव ने कहा कि जो संतोष वर्मा 6 माह जेल में रह चुका है, जिसने जज के फर्जी हस्ताक्षर किए हैं, जिसका महिला के साथ दुष्कर्म का रिकॉर्ड है, उसे पदोन्नति कैसे मिली और आईएएस अवार्ड कैसे हो गया? बवाल बढ़ने पर सरकार ने आईएएस वर्मा को नोटिस जारी कर जवाब तलब कर लिया। सवाल है कि क्या सरकार वर्मा के खिलाफ कार्रवाई कर सकेगी?

### चौधरी के साथ भी नहीं बैठ रही पटवारी की पटरी

जिलों में नियुक्त किए गए संगठन मंत्रियों को लेकर कांग्रेस पार्टी की लड़ाई फिर सड़क पर आ गई। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय नेतृत्व और वरिष्ठ नेताओं को बिना भरोसा में लिए जिलों में संगठन मंत्रियों की तैनाती शुरू कर दी। इसे लेकर विरोध शुरू हो गया। पार्टी के जिलाध्यक्षों का कहना था कि जिलों के प्रभारी पहले से थे, अब जिलों में संगठन मंत्री भी बैठा दिए गए। इस तरह तो काम करना ही मुश्किल हो जाएगा। लिहाजा, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने संगठन मंत्रियों की नियुक्तियां रद्द कर दी। इससे प्रदेश अध्यक्ष पटवारी की खासी किरकिरी हो गई। यह मैसेज भी चला गया कि इनकी तो प्रदेश प्रभारी के साथ ही पटरी नहीं बैठ पा रही है।

### इस मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच कोई मतभेद नहीं

मौजूदा राजनीति में पक्ष और विपक्ष के बीच सामान्य शिष्टाचार तक समाप्त होता जा रहा है। विधानसभा के अंदर दोनों पक्षों के माननीय एक दूसरे के खिलाफ सिर्फ तलवारें भांजते नजर आते हैं। ऐसे असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल होता है कि कई बार सदन की मर्यादा और गरिमा तार-तार होती है। माननीय स्पीकर की भी सुनने तैयार नहीं होते। पर जब आर्थिक हित की बात आती है तो गिले शिकवे दूर कर सभी माननीय एक साथ खड़े नजर आते हैं। विधानसभा के 1 दिसंबर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र के दौरान भी ऐसा नजारा दिखाई देने वाला है, जब ऐसे ही एक मुद्दे पर फिर सभी माननीय एक मत नजर आएंगे। कहीं से विरोध का कोई स्वर नहीं उभरेगा। यह मुद्दा है माननीयों के वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी का। सत्र के दौरान एक प्रस्ताव के जरिए सरकार विधानसभा सदस्यों के वेतन - भत्तों में 50 से 60 हजार रुपए तक बढ़ाने का प्रस्ताव लाने वाली है। यह बढ़ोत्तरी लगभग 10 साल बाद होने वाली है। इस प्रस्ताव के सर्वसम्मति से पारित होने की संभावना है।

-दिनेश निगम 'त्यागी'

## इंदौर-उज्जैन रूट: 1100 करोड़ में बनेगा 48 किमी हाईवे, कैमरों से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड के द्वारा इंदौर से उज्जैन के बीच पितृ पर्वत से चिंतामन गणेश मंदिर तक ग्रीन फील्ड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का जिम्मा सीगल इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है।

इंदौर-उज्जैन के बीच 48 किलोमीटर की दूरी सिर्फ 30 मिनट पूरी हो जाएगी। नए हाइवे में एटीएमएस सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसका उपयोग सिंहस्थ और वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान उपयोगी होगा। साथ ही ट्रैफिक दबाव भी कम होगा। यह फोरलेन एक्सेस कंट्रोल्ड होगा। जिसकी लंबाई 48.10 किलोमीटर और चौड़ाई 60 मीटर होगी। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 20 हजार करोड़ रुपए हैं। जिसमें 1089 करोड़ रुपए निर्माण और बाकी के बचे पैसे भूमि अधिग्रहण में खर्च होंगे।

### *27 प्रमुख गांवों से होकर गुजरेगा हाईवे*

*हाईवे इंदौर के पितृ पर्वत से शुरू होकर चिंतामन गणेश मंदिर के पास सिंहस्थ बायपास तक जाएगा। हाईवे जंबूड़ी हप्सी, बुढ़ानिया, हातोद, सगवाल, कांकरिया बोर्डिया, जंबूर्डी सरवर, जिंदाखेड़ा, रतनखेड़ी, बीबीखेड़ी, पीपल्या कायस्था, हरियाखेड़ी, खतेड़यि, रंगकोर्डिया, काछल्या, बलघारा, पोटलोद, तुमानी, मगरखेड़ी, छितोड़ा, बालरिया, रालामंडल, लिंबा पीपल्या, गोंदिया, हासमपुरा, पालखेड़ी, चिंतामन जवासिया और चांदमुख से होते हुए गुजरेगा।*

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन का किया अभिवादन



**भोपाल।** पुत्र के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर उज्जैन में मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिवादन किया।

## सीएम डॉ. यादव बोले- कांग्रेस और नक्सल का कथित गठजोड़ राष्ट्रीय सुरक्षा पर बड़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम ने कांग्रेस और नक्सलवाद के कथित गठजोड़ को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताते हुए आरोप लगाया कि यूपीए सरकार के दौरान गठित राष्ट्रीय सलाहकार परिषद नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई को कमजोर करने का प्रयास करती रही। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद के खिलाफ लागू जीरो-टॉलरेंस नीति के कारण स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, जो अब घटकर केवल 11 रह गई है। बता दें, नक्सलवाद भारत में लंबे समय से एक गंभीर आंतरिक सुरक्षा की चुनौती रहा है। विभिन्न राज्यों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा, बम विस्फोट और अन्य अपराधों के मामलों के चलते केंद्र और राज्य सरकारों ने समय-समय पर सख्त कदम उठाए।

## इस साल के लिए डीजी के तीन, एडीजी-आईजी के दो-दो पद मिले

# एमपी में अब 11 नहीं, 16 एसपी बनाए जाएंगे डीआईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस में डीआईजी स्तर के पांच नए पदों को केंद्र सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। नए पद मिलने के बाद अब एसपी स्तर के ग्यारह नहीं, कुल 16 अफसर डीआईजी बनाए जाएंगे। मुख्य सचिव की मंजूरी मिलने के बाद डीपीसी की तिथि तय हो जाएगी। प्रदेश के एसपी स्तर के अफसरों की पदोन्नति काफी समय से लटकी हुई थी। केंद्र सरकार से पांच पदों को मंजूरी मिलने के बाद तीन बैच के अफसर एक साथ डीआईजी के पद पर पदोन्नत किए जाएंगे। उनके अलावा डीजी रैंक के तीन और एडीजी-आईजी के दो-दो पद साल 2026 के लिए बढ़ाए गए हैं। आईपीएस अफसरों की डीपीसी को लेकर प्रस्ताव तैयार कर मुख्य सचिव अनुराग जैन को भेज दिया गया है। डीसीपी दिसंबर के दूसरे सप्ताह में होने के आसार हैं। मध्यप्रदेश के आईपीएस अफसरों को डीपीसी के बाद एक जनवरी 2026 की स्थिति में पदोन्नत किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। हालांकि कुल 11 आईपीएस अफसरों को पदोन्नत होना था, लेकिन पांच नए पद मिलने के बाद अब एसपी स्तर के कुल 16 अधिकारी डीआईजी बनाए जाएंगे।



फाइल फोटो

### ◆ केंद्र सरकार ने 5 नए पदों को दी मंजूरी

### डीजी के लिए तीन रैंक भी स्वीकृत

केंद्र सरकार ने साल 2026 के लिए डीजी रैंक के तीन पदों को मंजूरी प्रदान की है। उक्त पदों पर 1994 बैच के अफसर अनंत कुमार सिंह, आशुतोष राय और राजाबाबू सिंह का नाम है। एडीजी और आईजी के भी दो-दो पद बढ़ाए गए हैं। एडीजी के पद जबलपुर आईजी प्रमोद वर्मा और भोपाल आईजी अभय सिंह पदोन्नत होंगे? साल 2008 बैच के अफसर सियाश ए. और ललित शाक्यवार आईजी के पद पर पदोन्नत होंगे। सियाश सीआईडी और शाक्यवार शिकायत शाखा में डीआईजी है।

### एक साथ डीआईजी रैंक में पदोन्नत किए जाएंगे

साल 2010 बैच के राकेश कुमार सगर, आरएस बेलवंशी, किरणलता केरकेट्टा, मनोज राय शामिल हैं। साल 2011 बैच के अफसरों में रियाज इकबाल, राहुल कुमार लोढ़ा, सिमाला प्रसाद, असित यादव का नाम प्रमुख है। उनके अलावा साल 2012 बैच के अफसरों में मयंक अवस्थी, विवेक सिंह, कुमार प्रतीक, शिव दयाल, शैलेंद्र सिंह चौहान, आलोक कुमार सिंह, रघुवंश सिंह और विकास पाठक का नाम है।

## पेज एक का शेष...

### डॉ. अभिमन्यु ने ....

बताया सभी मेहमानों से उपहार नहीं लाने का आग्रह किया गया था। सीएम डॉ. मोहन यादव के बेटे डॉ. अभिमन्यु और डॉ. इशिता की शादी की रस्में सामूहिक सम्मेलन में संपन्न हुईं। वरमाला के दौरान बाबा रामदेव ने मंत्र पढ़े। सभी रस्मों के बाद सीएम वर-वधू से मिले और उन्हें आशीर्वाद दिया। शादी की रस्मों के दौरान बाबा रामदेव ने धीरेंद्र शास्त्री से कहा- आपका भी सामूहिक सम्मेलन में ही विवाह कराएंगे महाराज। सामूहिक सम्मेलन में शामिल होने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मंत्री तुलसी सिलावट और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी भी पहुंचे। अखाड़ा परिषद सभी जोड़ों को सवा लाख रुपए और पतंजलि पीठ की ओर से बाबा रामदेव ने एक-एक लाख रुपए देने की घोषणा की है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, सांसद अनिल फिरोजिया भी मौजूद रहे।

**सनातन परंपरा में हो रहा विवाह, सभी वर्ग हैं साथ-साथः सीएम**

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा सनातन की परंपरा के अनुसार विवाह के कार्यक्रम हो रहे हैं। सामूहिक विवाह समारोह में सभी वर्ग समाज से नव दंपती उपस्थित हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के वर-वधू भी शामिल हैं। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में अलग-अलग जाति और समाज के लोग मौजूद हैं। कोई वेटर है तो कोई ड्राइवर, लेकिन हमारे लिए यहां कोई भी छोटा-बड़ा नहीं है। पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सीएम अपने बेटे का विवाह सामूहिक सम्मेलन में करा रहे हैं, इससे डेस्टिनेशन वेडिंग में होने वाला खर्चा घट जाएगा। साथ ही एक नया प्रचलन शुरू हो जाएगा कि सभी अपने बेटे का विवाह सामूहिक सम्मेलन में कराएंगे।

### यूपी में एक ....

लेटर में बीएलओ ने टार्गेट के टेंशन और अधिकारियों के दबाव को कारण बताया है। बीएलओ के परिजनों ने चक्काजाम की भी कोशिश की लेकिन पुलिस ने दस मिनट में ही समझाबुझाकर हटा दिया। यूपी में एसआईआर शुरू होने के बाद से अब तक सात बीएलओ की मौत हो चुकी है। इनमें तीन ने सुसाइड किया है। भोजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बहेडी ब्रहमनान निवासी सर्वेश सिंह करीब आठ साल से जाहिदपुर कम्पोजिट विद्यालय में अध्यापक के पद पर तैनात थे। उनकी पत्नी बबली ने बताया कि एसआईआर फॉर्म को लेकर मेरे पति की मौत हुई है। उससे परेशान होकर मेरे पति ने आत्महत्या कर ली है। वह कहते थे कि अगर मैंने यह काम पूरा नहीं किया तो मेरे ऊपर कारवाई हो सकती है, मुझे जेल भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि चार बेटियां हैं। एक सास हैं, देवर देवरानी बाहर रहते हैं। अभी मेरे बच्चों की शादी भी नहीं हुई है। बहुत छोटे-छोटे बच्चे हैं।

### छह जिलों ने...

डिजिटलाइजेशन पूरा हो चुका है, जो कुल कार्य का लगभग 93 प्रतिशत है। झा ने बताया कि प्रदेश के 39 अन्य जिलों ने 95 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके अलावा प्रदेश के 5 जिलों में 92% से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने डिजिटलाइजेशन में लगे सभी शासकीय सेवकों, बीएलओ तथा सहयोगी नागरिकों के समन्वित प्रयास की सराहना की जिसके चलते निर्धारित समय से पहले ही कार्य पूर्णता की ओर है। उन्होंने कहा कि समन्वय से प्रदेश के सभी जिलों में शत-प्रतिशत कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

### अब जनता सीधे ....

संशोधन विधेयक 2025 लाने जा रही है। संशोधन विधेयक प्रदेश की नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष के चुनाव से जुड़ा हुआ है। इस संशोधन के बाद मध्य प्रदेश के नगर पालिका और नगर परिषद में अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता द्वारा किया जाएगा। इसमें यदि जनता अध्यक्ष के काम से संतुष्ट नहीं है तो उन्हें 'राइट टू रिकॉल' का अधिकार भी होगा। इस दौरान राज्य सरकार से विधानसभा में कुल 1497 सवाल पूछे जाने हैं। विधायकों ने 907 सवाल ऑनलाइन और 590 सवाल ऑफलाइन किए हैं। जिनके जवाब सरकार की ओर से विधानसभा सचिवालय को भेजे जा चुके हैं।

### घर बैठे बना....

होगी और आवेदक खुद ही श्रम विभाग की वेबसाइट पर इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। इसमें आवेदक स्व प्रमाणन कर अपनी दुकान शुरू कर सकेगा। आवेदन के बाद डिजिटल सर्टिफिकेट तुरंत जारी हो जाएगा।

### सोनिया-राहुल गांधी की...

दर्ज किए गए हैं। नेशनल हेराल्ड केस की जांच खत्म करने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसकी रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी थी। दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को यह एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर में आरोप है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का धोखाधड़ी से अधिग्रहण किया गया था। इस कुल संपत्ति 2000 करोड़ रुपए थी। यंग इंडियन के माध्यम से यह अधिग्रहण संपन्न हुआ था और गांधी परिवार की इसमें 76 फीसदी हिस्सेदारी थी। दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई नई एफआईआर में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा समेत 3 अन्य लोगों का नाम भी शामिल है। इसके अलावा एजेएल, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड का नाम भी मौजूद हैं। तीनों कोलकाता आधारित फर्जी कंपनियां थीं। इनमें यंग इंडिया को 1 करोड़ रुपए देने और 50 लाख में एजेएल का अधिग्रहण करने का आरोप है। एजेएल की कुल संपत्ति 2000 करोड़ आंकी गई है। दिल्ली पुलिस एजेएल के शेयरधारकों को जल्द ही पूछताछ के लिए बुला सकती है।

### 20 रुपए में ...

को साफ-सुथरे सैनिटाइज्ड चादर और तकिये की सुविधा दी जाएगी। इस सुविधा के लिए यात्रियों को अलग से पैसे चुकाने होंगे। यानी, जिन यात्रियों को चादर और तकिये की जरूरत है, वे पैसे देकर कोच अटेंडेंट से चादर और तकिये ले सकेंगे। बताते चलें कि भारत में ऐसा पहली बार होगा, जब यात्रियों को स्लीपर क्लास में भी चादर और तकिये की सुविधा मिलेगी। अभी तक, सिर्फ एसी क्लास में ही यात्रियों को बेडरोल दिया जाता है- जिसमें चादर, तकिया, कंबल और हैंडटावल होता है। बता दें एसी क्लास में बेडरोल के लिए यात्रियों को अलग से पैसे नहीं देने होते हैं, क्योंकि आपकी टिकट में ही बेडरोल का पैसा पहले ही जोड़कर ले लिया जाता है। दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन ने बताया कि एक चादर, एक तकिये और एक तकिये के कवर के लिए कुल 50 रुपए लगेंगे। अगर यात्रियों को सिर्फ चादर चाहिए तो उन्हें 20 रुपए और सिर्फ कवर के साथ तकिया चाहिए तो 30 रुपए देने होंगे। बताते चलें कि ये सुविधा सभी ट्रेनों में नहीं मिलेगी। दरअसल, दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन ने स्लीपर क्लास में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए इस सुविधा को शुरुआती चरण में केवल 10 ट्रेनों में शुरू करने की पहल की है। अगर ये सफल होता है तो इसे निश्चत रूप से बड़े पैमाने पर बढ़ाया जा सकता है।

### दो बसों में ....

है। एक बस तिरुप्पुर से कराईकुड़ी जा रही थी, जबकि दूसरी बस कराईकुड़ी से दिन्दिगुल की ओर जा रही थी। शिवगंगा जिले के पुलिस अधीक्षक शिव प्रसाद ने दुर्घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि टक्कर की सूचना मिलते ही मौके पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। दोनों वाहनों का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### दंपती ने कार ....

बताए जा रहे हैं। इस तूफान का असर केवल श्रीलंका तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आसपास के राज्यों में भी इसका भारी प्रभाव देखने को मिल रहा है। तूफान में मध्यप्रदेश के ओरछा के बिजनेसमैन गिरीश प्रेमानी और उनकी पत्नी ईशा प्रेमानी भी फंस गए थे।

वे 23 नवंबर को एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने श्रीलंका पहुंचे थे। 26 नवंबर को रेस्क्यू टीम ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। दो दिनों तक पहाड़ी इलाके में फंसे रहने के बाद गिरीश ने जब अपनी आपबीती सुनाई तो रोंगटे खड़े हो गए। चेन्नई की उड़ानें रद्द होने के कारण करीब 300 भारतीय यात्री कोलंबो एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं।

### संसद का शीतकालीन सत्र ...

मुकाबले काफी कम है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार सत्र छोटा रखकर संसद को 'डिरेल' करना चाहती है। बैठक से पहले संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सभी दलों के नेताओं से अलग-अलग बातचीत की। उन्होंने कहा कि सर्दियों का मौसम है, उम्मीद है सब लोग ठंडे दिमाग से काम करेंगे। बहस हो, लेकिन व्यवधान नहीं। शांत माहौल देश के लिए फायदेमंद होगा और संसद सुचारू चलेगी।

### विराट कोहली का...

साल यह उनका दूसरा शतक है। इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी में भी उनके बल्ले से एक शतक निकला था। विराट ने इस पारी में 120 गेंद पर 135 रन की पारी खेली जिसमें 11 चौके और 7 छक्के शामिल थे।

**मैदान में पहुंचा कोहली का फैन, छुए पैरः** शतक पूरा होने के बाद कोहली जश्न मना ही रहे थे कि एक फैन सुरक्षा घेरे को तोड़कर मैदान में पहुंच गया। वह फैन कोहली के पास पहुंचा, घुटनों पर बैठकर उनके पैर छूने लगा जिसके बाद सुरक्षाकर्मी उसे बाहर ले गए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

### शाम होते ही ....

से ठंडक जारी है। यह क्रम अभी कुछ दिन रहेगा। इस बीच बादलों का भी आना-जाना रहेगा। प्रदेश में छह सबसे ठंडे शहरों में नौगांव सबसे सर्द रहा। यहां न्यूनतम पारा 6.5 डिग्री दर्ज किया गया है।

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ जो कल तक पंजाब के आसपास सक्रिय था, वह रविवार को हरियाणा और इसके आसपास सक्रिय हो गया है। इसके असर से हवाएं अभी ज्यादा नहीं बदलेंगी, जिससे सर्दी का असर लगभग ऐसा ही रहेगा।

### यहां आज भी ....

है। नौगांव 6.5, पचमढ़ी 7, शहडोल 7.5, भोपाल और राजगढ़ 8.2 और उमरिया में रात का पारा 8.9 डिग्री रहा।

---

एक प्यार ऐसा भी...प्रेमिका बोली- मेरा आशिक मरकर भी जीत गया

# पिता ने प्रेमी को मार डाला, तो बेटी ने 'शव' से की शादी!

एजेंसी ▶▶| नांदेड़

महाराष्ट्र के नांदेड में एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने पूरे शहर को भीतर तक झकझोर दिया। यहां 21 वर्षीय युवती ने अपने पिता और दो भाइयों द्वारा उसके प्रेमी की कथित रूप से हत्या किए जाने के बाद अपने प्रेमी के शव से ही 'विवाह' कर लिया। आंचल मामिडवार के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिसमें वह अपने प्रेमी के घर में उसके शव से 'विवाह' करती नजर आ रही है और हत्या के लिए अपने परिजन को फांसी दिए जाने की मांग कर रही है। पुलिस के अनुसार, आंचल का प्रेमी सक्षम ताटे (20) गुरुवार शाम पुराने गंज क्षेत्र में अपने मित्रों के साथ खड़ा था।

तभी उसके और आंचल के भाई हिमेश मामिडवार के बीच झगड़ा हो गया। अधिकारी ने बताया कि हिमेश ने सक्षम पर कथित तौर पर गोली चलाई जो उसकी पसलियों के आर-पार निकल गई, इसके बाद उसने उसके सिर पर टाइल से वार किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के कुछ ही देर बाद हिमेश, उसका भाई साहिल (25) और पिता गजानन मामिडवार (45) को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार शाम जब सक्षम के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी, तभी आंचल वहां पहुंची। उन्होंने बताया कि आंचल ने सक्षम के शव से 'विवाह' कर लिया और दावा किया कि इससे उनका प्रेम 'अमर' हो जाएगा। आंचल ने बाद में पत्रकारों से बातचीत में सक्षम की हत्या के आरोपियों अपने पिता और भाइयों को फांसी दिए जाने की भी मांग की।

# पीएम मोदी से सपरिवार मिले सीएम साय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आयोजित 60वें डीजीपी–आईजी कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने परिवार सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की। इस मुलाकात को लेकर सीएम साय सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'सत्पुरुषसंसर्गो हि कृतार्थयति जीवनम्'। सीएम विष्णुदेव साय आगे लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हमारे परिवारजनों से हुई मुलाकात जीवन भर याद रहने वाला प्रेरक अनुभव है। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच जिस आत्मीयता से मोदी ने सबका हालचाल पूछा, बच्चों से सहज होकर बात की और आशीर्वाद दिया, वह अविस्मरणीय है। प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान परिवार की तीन पीढ़ियों को एक साथ उनके सान्निध्य में बैठने का अवसर मिला, यह हमारे लिए भावुक कर देने वाला क्षण था। इस गरिमामय और आत्मीय भेंट के लिए प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।




## पश्चिम मध्य रेल

"रूचि की अभिव्यक्ति"

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, मंडल रेल चिकित्सालय भोपाल प.म.रे., के मरीजों के लिए दैनिक आधार पर अधिकतम छूट/न्यूनतम दरों के आधार पर दवा सामग्रियों (ग्रुप क्र. 1) की आपूर्ति के लिए लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं के समूह में शामिल होने के लिए रूचि की अभिव्यक्ति ऑनलाइन IREPS (Indian Railways E-Procurement System) के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| ग्रुप क्र. | वस्तुओं का विवरण | पिछले तीन वर्षों में दवाइयों की खरीद की लागत रूपयें में | अनुबंध की प्रस्तावित दर/अनुबंध के तहत दो(2) वर्षों में खरीदी की संभावित लागत रूपये में |
|---|---|---|---|
| 1. | सभी प्रकार की दवाइयां जैसे: टैबलेट, कैप्सूल, इंजेक्शन, ड्राप, मलहम, सिरप, आई ड्रॉप इत्यादि | 2,33,87,095/– दो करोड़ तैंतीस लाख सत्यासी हजार पंच्यानवे रूपये | 1,34,28,602/– एक करोड़ चौंतीस लाख अठाईस हजार छःह सौ दो रूपये |
| | निविदा क्रमांकः– LP25-27MEDNSZHBJA | | |

सामान्य नियम एवं शर्तेः– 1. आपूर्तिकर्ता, फर्म, अधिकृत वितरक रेलवे व मध्य प्रदेश राज्य शासन के नियमों के अनुसार उपरोक्त वस्तुओं की आपूर्ति की लिए पात्र होंगे। 2. प्रस्तावित दरें न्यूनतम 730 दिवस तक वैध रहेगी। 3. पात्रता मानदंड सहित निविदा सूचना और निविदा दस्तावजे का पूरा विवरण पश्चिम मध्य रेल की वेब साईट https://wcr.indianrailways.gov.in और उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। 4. भागीदारी की अंतिम तिथि 15/12/2025 को 15:00 बजे तक हैं।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडल रेल चिकित्सालय, पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



हरिभूमि क्लासीफाइड

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



भोपाल की सबसे कम कीमत में, सबसे ज्यादा सुविधा के साथ

क्लॉसेस रात्रि 10.00 बजे तक उपलब्ध है।

DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...

FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री

और साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी फ्री उपलब्ध है।

भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)

Plot No. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA, ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL

M. 86027-11111

ONLY LIBRARY Rs. 299/- PER MONTH

Medical Help Line

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज

Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409

5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

भोपाल बाजार

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर

साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड

आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910



M : 9009231973, 9424467620

HÄFELE Sleek Godrej Hettich

NSK NEW SUPER KITCHENS

Customised & Affordable

• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्निचर

Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

आवश्यकता

प्लांट में निर्माण कार्य हेतु दैनिक वेतन पर मिस्त्री 100 पद, कुली 200 पद बढ़ई 200 पद, लोहार 200 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000087500, 8602002511, 8234976143 BSP-28-11-25 to 04-12-2025

हरिभूमि

रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

CHANGE OF NAME

I Vardaan S/o Rajeev Saxena has changed my name to Vardaan Saxena. Therefore I will be read and known as Vardaan Saxena.Address - H.No 21,Dk Devsthali, Phase-2, E-8 Extension, Bawadiya kalan, Bhopal MP


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6064



**बाएँ से दाए**

1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरेया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 6063 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6074

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6073 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## राशिफल

**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

खबर संक्षेप

### नीओकेम बायो का आईपीओ 2 को खुलेगा

**मुंबई।** नीओकेम बायो सॉल्यूशंस लिमिटेड अपना इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) मंगलवार 2 दिसंबर 2025 को खोलने जा रही है, जिसका उद्देश्य 44.97 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड पर) जुटाना है। यह आईपीओ 45,88,800 इक्विटी शेयरों का फ्रेस इश्यू है, जिनका फेस वैल्यू 10 प्रति शेयर है और प्राइस बैंड 93 रुपए से 98 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी प्रबंध निदेशक स्वप्निल रमेशभाई मकाती ने कहाकि नीओकेम बायो सॉल्यूशंस लिमिटेड एक मजबूत नींव पर आधारित कंपनी है।

### ट्रम इंडस्ट्रीज ने हासिल की राजस्व वृद्धि

**गांधीनगर।** ट्रम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में के वित्तीय परिणाम की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 40.73 करोड़, एबिटडा 6.98 करोड़ और शुद्ध लाभ 4.39 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। शुद्ध लाभ मार्जिन में 10.77 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई।। कंपनी के प्रबंध निदेशक जिग्नेश पटेल ने कहाकि अर्धवार्षिक अवधि में हमारी लाभप्रदता और मार्जिन में हुई मजबूत वृद्धि से संतुष्ट हैं, जो अनुशासित निष्पादन और हमारे ग्राहकों की बढ़ती विश्वास को दर्शाती है।

### एक्टिव के शुद्ध लाभ में 34 फीसदी की वृद्धि

**मोहाली।** एक्टिव क्लोथिंग कॉ.लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 के दूसरी तिमाही और पहली छमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 147.66 करोड़ रुपए रही। एबिटडा 14.35 करोड़, शुद्ध लाभ 4.93 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश मेहरा ने कहाकि भले ही मांग का माहौल कुछ नरम रहा, हमने दूसरी तिमाहीमें स्थिर प्रदर्शन दिया।

# रक्षा मंत्री ने किया एनटीपीसी के 3.7 मेगावाट सोलर प्लांट का उद्घाटन

## वर्तमान में रिमोट आर्मी लोकेशनों में किया जा रहा है इस्तेमाल

ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियां कम होंगी

सोलर-हाइड्रोजन आधारित माइक्रोग्रिड उन डीजल जनरेटर सेट्स को प्रतिस्थापित करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनटीपीसी के 3.7 मेगावाट सोलर प्लांट का वर्चुअल उद्घाटन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख के चुशुल में किया, जो क्षेत्र में अपनी तरह का पहला सोलर-हाइड्रोजन प्रोजेक्ट है। चुनौतीपूर्ण एवं ज्यादा उंचाई वाले इलाके के बावजूद यह प्रोजेक्ट आठ महीने की रिकॉर्ड अवधि में शुरू हो गया है। सोलर-हाइड्रोजन आधारित माइक्रोग्रिड उन डीजल जनरेटर सेट्स को प्रतिस्थापित करेगा, जिनका इस्तेमाल वर्तमान में रिमोट आर्मी लोकेशनों में किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम होगा और स्वच्छ एवं अधिक भरोसेमंद ऊर्जा प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा।

स्थानीय उत्पादन और हरित ऊर्जा की उपयोगिता को सशक्त बनाकर यह परियोजना नीचले इलाकों से ईंधन के स्थानान्तरण की जरूरत को खत्म कर देगी, जिससे ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियां कम होंगी। इससे उत्पन्न होने वाली हर तीन युनिट पावर से सुदूर इलाकों से एक लीटर डीज़ल लाने की ज़रूरत कम हो जाएगी।

### वर्तमान में रिमोट आर्मी लोकेशनों में किया जा रहा इस्तेमाल



प्लांट का वर्चुअल उद्घाटन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह , साथ मे आर्मी के आधिकारीगण

एनटीपीसी ने हाइड्रोजन को स्टोरेज मीडियम के तौर पर इस्तेमाल करके एक स्टैंड-अलोन माइक्रोग्रिड डिज़ाइन किया है, जो साल भर दिन के किसी भी समय 200 किलोवॉट विद्युत की आपूर्ति करेगा। यह 4500 मीटर की ऊंचाई पर मौजूद दुनिया में अपनी का अनूठा प्रोजेक्ट है, जहां सर्दियों में तापमान -40 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। उम्मीद है कि पूरी तरह संचालन शुरू होने के बाद यह ऊंचाई वाले इलाकों में डिफेंस सेक्टर के विकार्बोनीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

### 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य

एनटीपीसी लिमिटेड, देश की विद्युत की आवश्यकताओं में एक चौथाई योगदान देती है। इसकी इंस्टॉल्ड क्षमता 84,849 मेगावॉट है और 30.90 गीगावॉट अतिरिक्त क्षमता निर्माणाधीन है, जिसमें 13.3 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता शामिल है। कंपनी 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने तथा भारत के शुद्ध शून्य लक्ष्यों को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। थर्मल, हाइड्रो, सोलर एवं विंड पावर प्लांट्स के विविध पोर्टफोलियो के साथ एनटीपीसी देश को भरोसेमंद, किफायती एवं स्थायी विद्युत उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। कंपनी हरित भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों एवं सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को अपनाने, और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्युत उत्पादन के साथ एनटीपीसी ने कई नए कारोबार क्षेत्रों जैसे ई-मोबिलिटी, बैटरी स्टोरेज, पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज, वेस्ट-टू-एनर्जी, न्युक्लियर पावर और ग्रीन हाइड्रोजन समाधानों में भी प्रवेश किया है।

## कौन से उत्पाद स्वदेशी हैं और कौन से विदेशी पहचान के लिए व्यापक मार्गदर्शन

# कैट का स्वदेशी जागरण मंच के साथ आज से मप्र में शुरू होगा स्वदेशी संकल्प यात्रा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय मिशन आत्मनिर्भर भारत, देश को आर्थिक सशक्तिकरण की नई दिशा प्रदान कर रहा है। वोकल फ़ॉर लोकल के आह्वान तथा स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ के राष्ट्रीय नारे को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच एवं लगभग 7 करोड़ व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाला भारतीय संगठन कैट यह यात्रा देशभर में आयोजित कर रहे हैं।

### वोकल फ़ॉर लोकल के आह्वान तथा स्वदेशी अपनाओ का नारा



स्वदेशी संकल्प यात्रा

व्यापारिक संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने स्वदेशी जागरण मंच के साथ संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ मध्य प्रदेश में 1 दिसंबर 2025 को पांढुरना गुरु देव सेवा मंडल जय स्तंभ चौक से करेगा। इस अवसर पर बीसी भरतिया राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुनील अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष, प्रकाशचंद उइके अनुसूचित जनजाति आयोग के विधिक सलाहकार यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। जिला अध्यक्ष भोपाल धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि इसके पूर्व स्वदेशी संकल्प यात्रा शुभारंभ 15 अक्टूबर 2025 को नागपुर (महाराष्ट्र) से हुआ। यह राष्ट्रव्यापी यात्रा वर्तमान में महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है और अब मध्यप्रदेश में पांढुर्णा से शुरू होगी और मुलताई होते हुए बैतूल पहुंचेगी ।

### स्वदेशी उत्पाद, उद्योग और सोच नए भारत की मजबूत नींव : सुनील

प्रदेश अध्यक्ष सुनील अगवाल ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य स्वदेशी को अपनाकर हम न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि अपने भविष्य को भी सुरक्षित और समृद्ध बनाते हैं। स्वदेशी हमारा नारा ही नहीं, हमारा संकल्प है।

### आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की दी जाएगी जानकारी

देश की पूंजी का देश के उद्योगपतियों के पास बने रहने से उद्योग विस्तार को मिलने वाला बल,स्वदेशी उत्पादों को अपनाने से रोजगार सृजन तथा नए उद्योगों के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकसित होने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।

### सेल्स टैक्स डिपार्टमेंट ने दिया डालमिया को 266 करोड़ का टैक्स

**नई दिल्ली।** डालमिया भारत की सब्सिडियरी कंपनी डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड को तमिलनाडु के सेल्स टैक्स डिपार्टमेंट ने दो बड़े शो-कॉज नोटिस (कारण बताओ नोटिस) भेजे हैं। कुल मिलाकर कंपनी पर 266.3 करोड़ रुपए के टैक्स और पेनल्टी का दावा किया गया है। टैक्स विभाग को इन दो सालों में कंपनी के टैक्सेबल टर्नओवर (यानी बिक्री का वो हिस्सा जिस पर जीएसटी लगता है) और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) में कुछ गड़बड़ लगी है। मतलब कंपनी ने जो बिक्री दिखाई और जो इनपुट क्रेडिट क्लेम किया, उसमें अंतर दिख रहा है। इसी को लेकर नोटिस जारी किया गया है। डालमिया भारत ने स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में साफ कहा है कि इन शो-कॉज नोटिस का कंपनी पर कोई फाइनेंशियल इम्पैक्ट नहीं होगा। यानी कंपनी को पूरा भरोसा है कि वो अपना पक्ष मजबूती से रखेगी और ये पैसा देना नहीं पड़ेगा।

## दिसंबर के लिए 22 लाख टन चीनी कोटा जारी

# मध्यप्रदेश में घरेलू बाजार में बेचने के लिए 40,208 टन चीनी का दिया कोटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय खाद्य उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीनस्थ प्रकोष्ठ-चीनी एवं वनस्पति तेल निदेशालय ने दिसंबर 2025 के दौरान घरेलू बाजार में बेचने के लिए संपूर्ण देश के मिलर्स के लिए 22 लाख टन चीनी का कोटा निर्धारित किया है जो नवंबर के कोटा 20 लाख टन से 2 लाख टन ज्यादा है। हालांकि दिसंबर में कोई महत्वपूर्ण पर्व-त्यौहार नहीं मनाया जाता है मगर शादी-विवाद एवं मंगलकारी उत्सवों का सीजन होने से चीनी की मांग एवं खपत बढ़ने की उम्मीद है। शायद इसे ही ध्यान में रखकर सरकार ने चीनी का कोटा बढ़ाया है। ध्यान देने की बात है कि दिसम्बर में गुड़ का उत्पादन एवं उपयोग भी बढ़ता है।

कुल मिलाकर इस कोटे के कारण घरेलू चीनी बाजार में मांग एवं आपूर्ति के बीच बेहतर संतुलन रह सकता है और कीमतों में तेज उछाल या जोरदार गिरावट आने की संभावना नहीं रहेगी। दिसम्बर माह में बिक्री के वास्ते आंध्र प्रदेश के लिए 6596 टन, बिहार के लिए 65,480 टन, छत्तीसगढ़ के लिए 3951 टन, गुजरात के लिए 65,581 टन, हरियाणा के लिए 48,065 टन, कर्नाटक के लिए 4,23,837 टन, मध्य प्रदेश के लिए 40,208 टन, राजस्थान के लिए 785 टन, तमिलनाडु के लिए 82,282 टन, तेलंगाना के लिए 19,611 टन, उत्तर प्रदेश के लिए 6,56,591 टन तथा उत्तराखंड के लिए 31,755 टन चीनी का फ्री सेल कोटा नियत किया गया है जो 1 दिसम्बर 2025 से प्रभावी होगा।

प्राइमरी मार्केट को प्राथमिकता देने की वजह से हुआ

# एफपीआई फिर बने सेलर, नवंबर में शेयरों से निकाले 3765 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई ) भारतीय शेयर बाजार में फिर से सेलर बन गए हैं। एफपीआई ने नवंबर में भारतीय शेयरों से 3,765 करोड़ रुपए निकाले। ऐसा वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की क्षमता में कमी, टेक्नोलॉजी शेयरों में उतार-चढ़ाव और प्राइमरी मार्केट को प्राथमिकता देने की वजह से हुआ।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इससे पहले अक्टूबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 14,610 करोड़ रुपए डाले थे। वहीं सितंबर में उन्होंने 23,885 करोड़ रुपए, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। साल 2025 में अब तक एफपीआई ने शेयरों से 1.43 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा निकाले हैं। इस बीच डेट या बॉन्ड बाजार में एफपीआई ने सामान्य सीमा के तहत 8,114 करोड़ रुपए इनवेस्ट किए हैं।



फाइल फोटो

वहीं वॉलंटरी रिटेंशन रूट से 5,053 करोड़ रुपए निकाले हैं। वैश्विक मोर्चे पर फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती के रुख को लेकर अनिश्चितता, डॉलर में मजबूती, उभरते बाजारों में जोखिम लेने की क्षमता कमजोर होने से विदेशी निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से भी एफपीआई की धारणा प्रभावित हुई।

कहना है कि नवंबर में एफपीआई की ओर से सेलिंग की मुख्य वजह वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा और टेक्नोलॉजी शेयरों में उतार-चढ़ाव रही। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स में चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार का मानना है कि एफपीआई के रुख में बदलाव का अभी कोई साफ सबूत नहीं है। एफपीआई कुछ दिन खरीदार थे और कुछ दिन सेलर। यह एक संकेत है कि हालात बदलने पर उनके फ्लो का रुख बदल सकता है।

## दालों एवं खाद्य तेलों की घरेलू मांग और जरूरत से काफी कम उत्पादन

क्षमता एवं मेहनत की कमी नहीं है लेकिन उत्साह का अभाव जरूर है

# आयात शुल्क तर्क संगत होना जरुरी, उपभोक्ताओं एवं उत्पादकों के हितों को ध्यान में रखना चाहिए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सहित देशभर में दाल-दलहन का सबसे प्रमुख उत्पादक, खपतकर्ता एवं आयातक देश बना हुआ है जबकि यह तिलहन-तेल के मामले में भी संसार की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है, लेकिन दलहन-तिलहन का घरेलू उत्पादन दालों एवं खाद्य तेलों की घरेलू मांग एवं जरूरत से काफी कम हो रहा है जिससे भारत दलहनों एवं खाद्य तेलों का सबसे प्रमुख आयातक देश बना हुआ है।

हालांकि केन्द्र सरकार दलहन-तिलहन फसलों का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए गंभीरता के साथ प्रयास कर रही है और इसके लिए अनेक योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन भी कर रही है। उद्योग और बाजार से जुड़े जानकारों के अनुसार यदि भारतीय किसानों को हर तरह का सहयोग-समर्थन एवं प्रोत्साहन मिले तो वह इस लक्ष्य को हासिल करने में सफल हो सकता है। उसमें क्षमता एवं मेहनत की कमी नहीं है लेकिन उत्साह का अभाव जरूर है।



फाइल फोटो

### सकल उत्पादन 256 लाख टन से 94 लाख टन ज्यादा

सरकार ने 2030-31 तक देश में दलहनों का उत्पादन बढ़ाकर 350 लाख टन पर पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है जो 2024-25 सीजन के सकल उत्पादन 256 लाख टन से 94 लाख टन ज्यादा है। इसका मतलब यह है कि अगले पांच साल में प्रत्येक वर्ष दलहनों के उत्पादन में 19 लाख टन का इजाफा करना पड़ेगा।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2024-25 सीजन के दौरान तिलहन फसलों का कुल घरेलू उत्पादन बढ़कर 430 लाख टन के करीब पहुंच गया जो किसानों के परिश्रम का ही सुखद परिणाम है। विदेशों से सस्ते दलहनों एवं खाद्य तेलों का विशाल आयात होने तथा घरेलू बाजार भाव नरम रहने के बावजूद किसानों ने दलहन-तिलहन फसलों का उत्पादन बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया। सरकार को दलहानों एवं खाद्य तेलों पर आयात शुल्क का निर्धारण करते समय उपभोक्ताओं एवं उत्पादकों के हितों का ध्यान रखना चाहिए।

## *मक्का उत्पादकों में निराशा, भाव सुधारने के लिए सरकारी हस्तक्षेप की मांग*

मध्यप्रदेश सहित कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश सहित क्षेत्र के मक्का उत्पादक भाव में भारी कमी होने से निराश है। उत्पादकों ने भाव सुधारने के लिए सरकारी हस्तक्षेप की मांग की है। गौरतलब है कि सरकार ने मक्का से निर्मित एथनॉल के बिक्री मूल्य में अच्छा इजाफा कर दिया है और तेल विपणन कम्पनियों ने एथनॉल की आपूर्ति का सबसे ज्यादा कोटा भी इसी एथनॉल के लिए आवंटित किया है, लेकिन डिस्टीलरीज द्वारा मक्का की खरीदी बहुत धीमी गति से की जा रही है जबकि पॉल्ट्री उद्योग भी इसकी खरीद में अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखा रहा है। जिस एथनॉल उद्योग की जबरदस्त मांग की उम्मीद से किसानों ने 2025 को खरीफ सीजन में मक्का का बिजाई क्षेत्र बढ़ाकर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचाया उसी उद्योग की सीमित खरीदारी से उत्पादकों को भारी निराशा भी हो रही है।



मनीष मरेले



मक्के की फाइल फोटो

### कमजोर मूल्य से पॉल्ट्री फॉर्म को राहत

बाजार जानकार और मक्का कारोबारी मनीष मरेले ने बताया कि भारत और अमरीका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता की घोषणा शीघ्र ही होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। अमरीका ने संकेत दिया था कि नवम्बर 2025 के अंत तक इस करार पर दोनों तरफ से हस्ताक्षर हो सकते हैं। पॉल्ट्री तथा एथनॉल उद्योग को इस समझौते की घोषणा का इंतजार है। वह यह जानने को उत्सुक है कि इस संधि के तहत भारत सरकार ने अमरीका से सस्ते जीएम मक्का के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी है या नहीं। औपचारिक घोषणा के बाद ही इसकी तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी। यदि जीएम मक्का के आयात की स्वीकृति नहीं दी गई तो दिसंबर से मक्का की खरीद में एथनॉल निर्माताओं की सक्रियता बढ़ सकती है। बाजार जानकारों के अनुसार एथनॉल निर्माता इसकी खरीदी में जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहेंगे, क्योंकि पेट्रोलियम कंपनियों को इसकी आपूर्ति धीरे-धीरे और कई महीनों में की जानी है। एथनॉल निर्मातओं का लाभांश (मार्जिन) घट सकता है। पॉल्ट्री उद्योग को भी मक्का के कमजोर मूल्य से राहत मिल रही है।

## पाम ऑयल टोकोट्राइनॉल्स से भरपूर : महाजन

# एमपीओसी ने लांच की पॉडकास्ट नई छह भाग की सीरीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खाद्य तेलों को लेकर उपभोक्ताओं के बढ़ते भ्रम और ऑनलाइन प्रसारित हो रही गलत सूचना के बीच, मलेशियन पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) ने एक नई छह-भाग की पॉडकास्ट सीरीज लांच की है, जिसका उद्देश्य भारतीय परिवारों को सोच-समझकर, विज्ञान-आधारित विकल्प अपनाने में मदद करना है। यह सीरीज एमपीओसी की पहले की डिजिटल पहलों पर आधारित है, जिन्होंने मलेशियन पाम ऑयल के पीछे के पोषण, विज्ञान और सस्टेनेबिलिटी को सरल बनाकर लाखों भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंच बनाई थी।

इस सीरीज के पहले दो पॉडकास्ट एपिसोड में पोषण विशेषज्ञ और क्रिएटर लीमा महाजन को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह पॉडकास्ट रसोई की सुलभ बातचीत को साक्ष्य-आधारित जानकारियों के साथ मिलाता है, जो स्वास्थ्य, आहार वसा, स्थिरता और भ्रामक मार्केटिंग लेबलों पर केंद्रित है। प्रत्येक एपिसोड व्यापक रूप से प्रसारित मिथकों को तोड़ता है और श्रोताओं को रोजमर्रा के खाना पकाने के लिए स्पष्ट, व्यावहारिक सुझाव प्रदान करता है।

### भारत के खाद्य तेल लक्ष्यों का दिया समर्थन एनएमईओ-ओपी



लीमा महाजन

सीरीज पाम ऑयल को भारत के व्यापक खाद्य तेल परिदृश्य में संदर्भित भी करती है। भारत सरकार के राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स—ऑयल पाम (एनएमईओ—ओपी) के तहत देशभर के राज्यों में तेल पाम की खेती का विस्तार किया जा रहा है ताकि घरेलू उपलब्धता को मजबूत किया जा सके और आयात पर निर्भरता कम हो। मलेशियाई विशेषज्ञता ने कई क्षेत्रों में इस विकास का समर्थन जारी रखा है।

### मप्र टूरिज्म एक्सपीरिएंस सेंटर को मिला अवॉर्ड

**भोपाल।** किडजानिया इंडिया के मध्य प्रदेश टूरिज्म एक्सपीरिएंस सेंटर को नई दिल्ली के इरोज होटल में आयोजित 7वें सालाना बीडब्ल्यू अप्लॉज एक्सपेरिएंशियल मार्केटिंग समिट एंड अवॉर्ड्स के दौरान बेस्ट कंज्यूमर एक्टिवेशन ऑफ द ईयर-सिल्वर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान आधुनिक मध्य प्रदेश टूरिज्म एक्सपीरिएंस सेंटर का जश्न मनाता है, अपनी तरह का अनूठा प्लेटफॉर्म जो बच्चों को राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराता है।

इस अवसर पर शिव शेखर शुक्ला, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी फॉर कल्चर, होम, रिलिजियस ट्रस्ट एंड एंडाओमेंट तथा मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहाकि यह सम्मान किडजानिया इंडिया के साथ हमारे पुराने एसोसिएशन और पर्यटन का भविष्य के अनुकूल अनुभव प्रदान करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह साझेदारी मध्य प्रदेश की समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने और किडजानिया की बाल-केंद्रित सक्रियता का संयोजन है। हमने एक साथ मिलकर ऐसे अनुभव का निर्माण किया है।

## कौशल के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम

# भारत ने वर्ल्ड स्किल्स एशिया प्रतियोगिता 2025 में ऐतिहासिक शुरुआत की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने एशियाई कौशल स्टेज पर पूरे गर्व के साथ अपनी यात्रा शुरू की, जब भारतीय दल वर्ल्ड स्किल्स एशिया प्रतियोगिता 2025 के उद्घाटन समारोह के लिए चाइनीज ताइपे पहुंचा।

भारत पहली बार एशिया वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता 2025 में शामिल हो रहा है। भारत को 23 प्रतियोगियों और 21 एक्सपर्ट की टीम प्रतिनिधित्व कर रही है, जिसे कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) का समर्थन है और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इसकी इम्प्लीमेंटेशन ब्रांच है। टीम 21 अत्याधुनिक कौशल श्रेणियों में भारत की उत्कृष्टता का प्रदर्शन करेगी, जो देश को विश्व की कौशल राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दल के साथ एमएसडीई के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार ज्ञान भूषण भी हैं। ये प्रतियोगी मोबाइल रोबोटिक्स, मेक्ट्रोनिक्स, सीएनसी मिलिंग, डिजिटल और आईटी स्किल्स, वेब डेवलपमेंट, ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी, ग्राफिक डिजाइन टेक्नोलॉजी, ब्यूटी थेरेपी, फैशन टेक्नोलॉजी आदि जैसी ज्यादा मांग वाली और नई कौशल श्रेणियों में हिस्सा लेंगे।



### मदर्स रेसिपी ने नए कैंपेन की शुरुआत

**पुणे।** मदर्स रेसिपी ब्रांड ने जिंजर-गार्लिक पेस्ट के लिए एक नए कैंपेन की शुरुआत की है, जिसमें एक मां की समझदारी और सच को पहचानने की उनकी पारखी नज़र को बखूबी दिखाया गया है, जो सदियों से आज तक कायम है। इस कैंपेन में शुद्धता, सादगी और ईमानदारी पर माताओं के भरोसे को बड़ी खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया है। मदर्स रेसिपी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, संजना देसाई ने कहाकि हर मां को पता होता है कि कौन-सी चीज सही है। हमारा जिंजर गार्लिक-पेस्ट भी उसी ईमानदारी के साथ तैयार किया जाता है। इसका ना तो कोई शॉर्टकट है, और ना ही इसमें कोई प्रिजर्वेटिव मिला है, साथ ही गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं।

# पीएनबी का ईवी क्रेडिट ईकोसिस्टम को मजबूत करने महिंद्रा से करार



समारोह में पीएनबी और एलएमएमएल के मौजूद अधिकारीगण

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सतत कनेक्टिविटी के लिए दिक्कत रहित वित्तपोषण विकल्प उपलब्ध कराने के लिए भारत की नंबर 1 वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता महिन्द्रा लास्ट माइल मोबिलिटी (एमएलएमएमएल) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर समारोह नई दिल्ली में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ। पीएनबी का प्रतिनिधित्व अशोक चंद्र (एमडी एवं सीईओ), फिरोज हसनैन (सीजीएम) ने बैंक के वरिष्ठ एक्जीक्यूटिव्स के साथ किया, जबकि एमएलएमएमएल का नेतृत्व सौरभ मिश्रा (वीपी एवं हेड फ्रंट एंड ऑपरेशन्स) ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया।

चिंतन

# नई एफआईआर से संदेश कानून से ऊपर कोई नहीं

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज हुई है। इस मामले ने एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल मचा दी। साथ ही संदेश भी दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। गलत काम किया है तो जांच का सामना भी करना पड़ेगा। सजा भी भुगतनी होगी। इस मुद्दे को लेकर सत्तापक्ष हमेशा से ही कांग्रेस के खिलाफ मुखर रहा है। भाजपा शुरू से ही आरोप लगाती रही है कि कांग्रेस नेताओं ने बड़े-बड़े घोटाले किए हैं, देश को बर्बाद कर दिया और हजारों करोड़ का गोलमाल कर देश को पीछे धकेलने का काम किया है। अब ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा नई एफआईआर दर्ज करने से उनके आरोपों को और बल मिला है। इस मामले को लेकर सत्तापक्ष के नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और गांधी-वाड्रा परिवार एक भ्रष्ट परिवार है। वे कानून से ऊपर नहीं हैं। अगर आरोप हैं, तो एजेंसियां उसी हिसाब से अपनी जांच करेंगी। उनका कहना है कि नई एफआईआर दस्तावेजों और सबूतों के गहन अध्ययन के बाद दर्ज की गई है। कार्रवाई किसी भी तरह बदले की भावना से नहीं हुई। अदालत स्वतंत्र और निष्पक्ष है। जब प्राप्त साक्ष्य मिलते हैं, तब एफआईआर के लिए कहा जाता है। एफआईआर में साक्ष्य लगने के बाद कोर्ट उसको स्वीकार करता है। इस एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का धोखाधड़ी से अधिग्रहण किया गया था। इसकी कुल संपत्ति 2000 करोड़ रुपये थी। कोलकाता की डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस को 50 लाख रुपये चुकाकर एजेएल पर अपना नियंत्रण हासिल कर लिया। यंग इंडियन के माध्यम से यह अधिग्रहण संपन्न हुआ था और गांधी परिवार की इसमें 76 फीसदी हिस्सेदारी थी। ईडी ने 9 अप्रैल, 2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/ एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड (एजेएल) से जुड़े कथित मनी लान्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी। इसी सिलसिले में यह नई एफआईआर दर्ज हुई है। यह मामला सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। उन्होंने दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिए हड़पने का आरोप लगाया था। आरोप के मुताबिक, कांग्रेसी नेताओं ने नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कब्जे के लिए यंग इंडियन लिमिटेड ऑर्गेनाइजेशन बनाया और उसके जरिए नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन करने वाली एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) का अवैध अधिग्रहण कर लिया। अब दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों को तलब कर सकती है, ताकि यह पता चले कि क्या इस ट्रांसफर से पहले कांग्रेस ने उनसे अनुमति ली थी। अब इस मामले में आगे क्या होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस के बड़े नेताओं की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।



संसद का सत्र
डॉ. पवन कुमार शर्मा

# जनता की उम्मीदें जीतेंगी या राजनीति

**संसद का शीतकालीन सत्र इस बार 1 से 19 दिसंबर तक चलेगा। यह 18वीं लोकसभा का छठा सत्र है। इस शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कुल 15 बैठकें होंगी। इस छोटे लेकिन अहम सत्र में सरकार 10 नए बिल पेश करेगी और 2 अहम बिलों को सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोबारा मंजूरी के लिए सदन में लाएगी। यह आर्थिक सुधारों, मतदाता सूची की पारदर्शिता, सांस्कृतिक मुद्दों और पर्यावरण नीति के संदर्भ में निर्णायक साबित हो सकता है। संसद का शीतकालीन सत्र अगर रचनात्मक ढंग से चलता है तो देश की नीति एवं दिशा को सकारात्मक गति मिल सकती है, अन्यथा यह अवसर एक बार फिर टैक्सपेयर की गाढ़ी कमाई की बर्बादी ही साबित होगा।**

संसद का शीतकालीन सत्र इस बार 1 से 19 दिसंबर तक चलेगा। यह 18वीं लोकसभा का छठा सत्र है। शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कुल 15 बैठकें होंगी। इस छोटे लेकिन अहम सत्र में सरकार 10 नए बिल पेश करेगी और 2 अहम बिलों को सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोबारा मंजूरी के लिए सदन में लाएगी। शीतकालीन सत्र में इस बार केंद्र सरकार का फोकस आर्थिक सुधार, निवेश-प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचा विकास, शिक्षा सुधार, सुशासन व कानून-व्यवस्था जैसे विषयों पर है।

मानसून सत्र में सेलेक्ट कमेटी के पास भेजे गए दो विधेयकों- जन विश्वास विधेयक 2025 एवं भारत में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) संशोधन विधेयक पर इस सत्र में पुनर्विचार एवं पारित होने की संभावना है। जन विश्वास विधेयक दर्जनों छोटे कंप्लायंस संबंधी अपराधों को डिक्रिमिनलाइज करता है जबकि आईबीसी संशोधन विधेयक में बड़े बदलावों के जरिए कर्जदार-लेनदार के विवादों को तेजी से खत्म करने पर फोकस है। इस विधेयक का उद्देश्य प्रक्रियात्मक अनुशासन को कड़ा करना, जटिल कॉर्पोरेट संरचनाओं के लिए समूह दिवालियापन की रूपरेखा पेश करना और सीमा-पार दिवालियापन के मामलों को संभालना है। इसमें सरकार के बकाया को 'सेक्योर्ड क्रेडिटर' मानने जैसे सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को बदलने का भी प्रस्ताव है। संसद के विंटर सेशन के दौरान जिन 10 नए विधेयकों के पेश होने की संभावना है उनमें एटॉमिक एनर्जी बिल, 2025 प्रमुख है जो नागरिक परमाणु ऊर्जा सेक्टर में निजी कंपनियों को भागीदारी की अनुमति देने और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का नया नियामक ढांचा स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। दूसरा महत्वपूर्ण बिल हायर एजुकेशन कमिशन ऑफ इंडिया बिल 2025 है जो उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता, मान्यता, शासन-संरचना आदि सुधारने के लिए एक नया आयोग स्थापित करने का प्रयास करता है। इसी तरह नेशनल हाइवेज संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, भूमि अधिग्रहण, पारदर्शिता और गति को बेहतर बनाने के लिए संशोधन का प्रस्ताव करता है। कॉर्पोरेट लॉज संशोधन विधेयक 2025, कंपनी कानूनों में सुधार व अद्यतन व्यापार-नियमों और कॉर्पोरेट संचालन में बदलाव का प्रस्ताव करता है। सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड बिल 2025, प्रतिभूति बाजार संबंधित कई पुराने कानूनों को एक समेकित कोड में बदलने का प्रस्ताव करता है ताकि विनियमन और निवेश आसान हो सके। इंश्योरेंस लॉज संशोधन विधेयक 2025, बीमा क्षेत्र में सुधार, निवेश-पर्यावरण सुगम बनाने और मार्केट विस्तार के लिए कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव करता है। आर्बिट्रेशन एवं कॉन्सिलिएशन संशोधन विधेयक 2025, मध्यस्थता व सुलह प्रक्रियाओं को द्रुत व सरल बनाने हेतु संशोधन का प्रस्ताव करता है। रिपीलिंग एवं संशोधन विधेयक 2025, पुराने, अप्रयुक्त या अव्यवहार्य कानूनों को निरस्त या संशोधित करने से संबंधित है। मणिपुर जीएसटी संशोधन विधेयक 2025, मणिपुर के लिए माल एवं सेवा कर अधिनियम में संशोधन से जुड़ा बिल है जिससे राजस्व व स्थानीय कानून–व्यवस्था से जुड़ी व्यवस्थाएं सुधारने का प्रस्ताव है। इसके अलावा संविधान विधेयक 2025, संवैधानिक स्तर पर कुछ



प्रावधानों में बदलाव के लिए एक महत्वपूर्ण विधेयक है जो संविधान के प्रावधानों को अद्यतन या संशोधित करने का प्रस्ताव करता है। 18वीं लोक सभा का छठा सत्र देश की राजनीति, कानून और नीति निर्माण के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2025 का यह शीत सत्र कई संवेदनशील मुद्दों और बड़े सुधारों के कारण विशेष रूप से चर्चा में है। दिल्ली एनसीआर में वायु-प्रदूषण एक गंभीर चुनौती बन चुका है। विंटर सेशन में विपक्ष इस मुद्दे को 'स्वास्थ्य आपातकाल' की तरह उठाने का मंसूबा जाहिर कर चुका है। हालांकि यह विषय सत्र के आधिकारिक एजेंडे में नहीं है, फिर भी यह जनता के जीवन-स्तर से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

देश के 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर इस सत्र के दौरान गहमागहमी होने के पूरे आसार हैं। तमाम विपक्षी दल इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और मतदाता बहिष्करण के जोखिम की बातें कई महीनों से उठा रहे हैं, लिहाजा विरोधी दलों की तरफ से इस मुद्दे पर विस्तृत बहस की मांग की जा रही है। 'वन्दे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा को एजेंडे में विशेष रूप से शामिल किया गया है। यह सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान से जुड़ा विषय है लिहाजा इसमें संवेदनशीलता तो है लेकिन इस मुद्दे पर सियासत और राजनीतिक बयानबाजी भी खूब हो रही है। सरकार के प्रस्तावित एजेंडा के साथ-साथ, विपक्ष की ओर से कुछ गंभीर चिंताएं व तैयारियां देखी जा रही हैं जो शीतकालीन सत्र को चुनौतीपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक बना सकती हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दल पहले ही तीखी नाराजगी जता चुके हैं। उनका आरोप है कि इसमें राजनीतिक दुरुपयोग हो सकता है। इस तरह की बहसों में राजनीतिक, क्षेत्रीय और धार्मिक मतभेद भी खुलकर सामने आ सकते हैं। आर्थिक सुधारों को लेकर खासकर दिवालियापन व निजी क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा विषय पर विपक्ष यह सवाल उठाता रहा है कि इससे रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और छोटे उद्योगों की स्थिति पर क्या असर पड़ेगा। साथ ही, यदि सत्र में पर्याप्त समय नहीं दिया गया या सार्वजनिक बहस सीमित रही तो नीतिगत बदलावों और संवैधानिक संशोधनों पर व्यापक सामाजिक विमर्श नहीं हो सकने का जोखिम भी है। सत्र की छोटी अवधि यानी महज 15 बैठकों में इतने महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत बहस कठिन है। इसमें जल्दबाजी या आधी-अधूरी चर्चा का जोखिम है। यदि प्रक्रियाएं जल्दबाजी में होंगी तो जनता और विशेषज्ञ समूहों की भागीदारी कम हो सकती है, जिससे नीतियों पर भरोसा घटने का खतरा है।

सच्चाई यह भी है कि संसद के मानसून सत्र के दौरान मतदाता पुनरीक्षण का मामला हावी रहा था और उत्पादकता में भारी कमी आई थी। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चले मानसून सत्र के दौरान लगभग दो-तिहाई समय व्यवधान की भेंट चढ़ा था। 18वीं लोकसभा में अब तक के सत्रों की यह सबसे कम उत्पादकता है। प्रश्नकाल के दौरान, लोक सभा में निर्धारित समय का केवल 23% तथा राज्य सभा में केवल 6% ही काम हो सका। 18वीं लोक सभा का यह शीतकालीन सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आर्थिक सुधारों, मतदाता सूची की पारदर्शिता, सांस्कृतिक मुद्दों और पर्यावरण नीति के संदर्भ में निर्णायक साबित हो सकता है। लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या सरकार और विपक्ष मिलकर लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए संवेदनशील और गंभीर बहस कर पाते हैं। संसद का शीतकालीन सत्र अगर रचनात्मक ढंग से चलता है तो देश की नीति एवं दिशा को सकारात्मक गति मिल सकती है, अन्यथा यह अवसर एक बार फिर टैक्सपेयर की गाढ़ी कमाई की बर्बादी ही साबित होगा

(लेखक संसद टीवी में कार्यरत हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

गीता जयंती विशेष
डॉ. सुशील टाया



# गीतामय पंच परिवर्तन

**कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।**
**लोकसंग्रहमेवापि सम्पश्यन्कर्तुमर्हसि॥**

महाभारत के युद्ध में अर्जुन का मन जब विषादों से भर जाता है तब भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को कहते हैं कि हे अर्जुन, व्यक्ति की महानता पलायन और कर्म से विमुख होने में नहीं, बल्कि निःस्वार्थ भाव से कर्म करते हुए लोकहित में कार्य करने में है। प्रत्येक व्यक्ति कर्तव्य और आचरण से व्यापक सामाजिक परिवर्तन का कारण बन सकता है। व्यक्ति अपने कर्म, अनुशासन व चरित्र से उत्तमता प्राप्त कर सकता है। एक कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति अपने परिवार को संस्कारित और संगठित बनाता है। इससे समाज संगठित और कर्तव्यनिष्ठ होगा, तो निश्चित तौर पर राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा। इससे विश्व कल्याण और विश्व बंधुत्व की भावना को भी बल मिलेगा, जिससे सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्व-बोध व पर्यावरण संरक्षण को बल मिलता है। गीता के तीसरे अध्याय के बीसवें श्लोक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विश्व-कल्याण के पंच परिवर्तन का सार स्पष्ट रूप से निहित दिखाई देता है। गीतामय पंच परिवर्तन हमें मानवता के कल्याण की ओर ले जाते हैं।

**नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः।**
**उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः॥**

गीता के दूसरे अध्याय का सोलहवां श्लोक हमें बताता है कि सत्य शाश्वत है और असत्य क्षणिक। यही संदेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्व-बोध परिवर्तन का आधार बनता है, जो प्रत्येक व्यक्ति में अपनी संस्कृति, इतिहास और पहचान के प्रति आत्मगौरव जगाता है। जब हम अपने सत्य को पहचानते हैं, तभी राष्ट्रनिर्माण की मजबूत नींव रखी जाती है।

**आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन ।**
**सुखं वा यदि वा दुःखं सः योगी परमः मतः ॥**

गीता के छठे अध्याय का बत्तीसवां श्लोक हमें बताता है कि सच्चा योग वही है जो अपने अंदर और समाज में समानता का अनुभव करता है। जब व्यक्ति स्वयं को और दूसरे को एक ही दिव्य चेतना का अंश समझने लगता है, तभी भेदभाव मिटते हैं। समाज का प्रत्येक घटक सम्मान का पात्र है और किसी प्रकार का ऊंच-नीच, जात-पात, भेदभाव हमारे राष्ट्रीय चरित्र के विपरीत है। सभी को अपने समान देखना ही वास्तविक समरस समाज का आधार बनता है और यही संदेश गीता से संघ के समरसता-परिवर्तन को दिशा देता है।

**अधर्माभिभवात्कृष्ण प्रदुष्यन्ति कुलस्त्रियः।**
**स्त्रीषु दुष्टासु वार्ष्णेय जायते वर्णसंकरः॥**

गीता के पहले अध्याय के 41वें श्लोक में परिवार को समाज की मूल इकाई माना गया है। जब परिवार में धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्य मजबूत रहते हैं, तो समाज की नींव भी मजबूत होती है। अधर्म के बढ़ने से परिवार और कुल का पतन होता है, जिससे समाज में अस्थिरता आती है। इसलिए कुटुम्ब प्रबोधन का उद्देश्य परिवार को जागरूक और संस्कारित करना है, ताकि प्रत्येक सदस्य अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझे और परिवार से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण में भी परिवार जागरण इसी सिद्धांत पर आधारित है, जो व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है।

**श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।**
**स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।।**

गीता के तीसरे अध्याय के पैंतीसवें श्लोक में हमें अपने स्वधर्म का पालन करने का महत्व बताया गया है। प्रत्येक नागरिक का अपने समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाना सर्वोच्च है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण से, यह नागरिक कर्तव्य-जैसे ईमानदारी, अनुशासन, समाज सेवा, राष्ट्रहित में कार्य करना-हमारे जीवन का मूल आधार है। गीता के अनुसार सभी जीव और प्राणी प्रकृति के साथ गहरे संबंध में हैं। तीसरे अध्याय के तेरहवें श्लोक में हमें यह समझने का संदेश देता है कि प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है और उसके संसाधनों का संतुलित उपयोग करना हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को समाजिक कर्तव्य मानता है। यह श्लोक हमें यह प्रेरणा देता है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखें, अपव्यय से बचें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करें। गीता में प्रत्येक समास्या का समाधान है। बस जरूरत है कि व्यक्ति निर्माण का कार्य किया जाए। संघ का मूल उद्देश्य भी व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का है। गीता व्यक्ति को सही मार्ग दिखाती है। गीतामय पंच परिवर्तन व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसी में विश्व कल्याण और विश्व बंधुत्व की भावना निहित है।

( लेखक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिवत्व की साधना



संकलित
दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

# दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित
प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## सटाका




## आज की पाती

### अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीज़ों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है। चीज़ों को कम करके हम बहुत सारा पैसा भी बचा सकते हैं। बहरहाल अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी है। *– मोहन देवांगन, भिलाई*

## ट्रेंड

### गीता महोत्सव



सऊदी अरब और लातविया में गीता महोत्सव उल्लेखनीय प्रयास हैं, जो प्रवासी भारतीयों तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति उत्साही लोगों के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव को गहरा करते हैं।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ज़हरीली हवा



मैं जिस भी माँ से मिलता हूँ, वह मुझे एक ही बात कहती है कि उसका बच्चा ज़हरीली हवा में सांस लेते हुए बड़ा हो रहा है। मोदी जी, भारत के बच्चे हमारे सामने घुट रहे हैं। आपकी सरकार कोई तत्परता, कोई योजना, कोई जवाबदेही क्यों नहीं दिखाती?
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### स्वच्छ हवा और हरियाली



भाजपा सरकार पैसे के लालच में लखनऊ के 'हरित-हृदय' जनेश्वर मिश्र पार्क को अपनी इवेंटबाजी से दूर रखे। लखनऊ के नागरिकों का स्वच्छ हवा और हरियाली पर पूरा अधिकार है। हम सबको मिलकर एक नागरिक आंदोलन की तरह इसका पुरज़ोर विरोध करना चाहिए।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### उज्ज्वला योजना



उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नए गैस कनेक्शन और सिलेंडर दिल्ली की गृहणियों को रसोई के धुएं से राहत देंगे और प्रदूषण को कम करके घरों और वातावरण दोनों को अधिक सुरक्षित बनाएंगे। हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह योजना हर ज़रूरतमंद परिवार तक पहुंचे।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# आयु सीमा बढ़ने से 37 लाख चीनी ने दी सिविल सेवा परीक्षा



पात्रता आयु सीमा 35 वर्ष से अधिक किए जाने के बाद पहली राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा में रविवार को 37 लाख से अधिक चीनी नागरिक उपस्थित हुए, जिससे देश में बढ़ती बेरोजगारी के दबाव के बीच सरकारी नौकरियों की मांग में वृद्धि का संकेत मिलता है। यह परीक्षा देश की केंद्र सरकार और उसके विभागों में पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन करती है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, 37 लाख से ज़्यादा चीनी नागरिक इस परीक्षा में शामिल हुए, जिसका मतलब है कि औसतन लगभग 98 आवेदक एक उपलब्ध पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, इनमें से लगभग 70 प्रतिशत रिक्तियां नए कॉलेज स्नातकों के लिए आरक्षित हैं। चीन ने इस परीक्षा के लिए पात्रता आयु सीमा को सामान्यतः 38 वर्ष कर दिया है। पात्रता की उम्र सीमा को 35 वर्ष से बढ़ाए जाने को स्वागत योग्य कदम माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नये स्नातक से लेकर मास्टर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों के लिए आयु सीमा को और कम करके 43 वर्ष कर दिया गया है। यह चीन द्वारा हाल में विदेशी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित पेशेवरों के लिए के–वीजा की घोषणा के बाद पहली परीक्षा है।

## ऑफ बीट

# ठंड में फंसने पर शरीर के साथ क्या होता है



तापमान में गिरावट के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया को वाहिका संकीर्णन कहा जाता है जो रक्त वाहिकाओं की दीवारों में छोटी मांसपेशियों द्वारा संकुचन है। अगर तापमान शून्य से कम चार डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला जाता है तो वैसोकंस्ट्रिक्शन रक्त में बर्फ के क्रिस्टल बनने से भी रोकता है। जब शरीर के अंदरुनी अंगों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है तो हाइपोथर्मिया होता है। इसका मतलब है कि शरीर पर्याप्त गर्मी पैदा करने में असमर्थ है। हल्के चरण में शरीर का तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच गिर जाता है। दिल की धड़कन तेज हो जाती है, सांस लेने की दर और रक्तचाप बढ़ जाता है तथा कंपकंपी से मांसपेशियां तनावग्रस्त हो जाती हैं। मध्य चरण में शरीर का तापमान 28 से 32 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। इस चरण में शरीर के सभी अंगों के काम करने की गति धीमी हो जाती है और कंपकंपी बंद हो जाती है। गंभीर चरण में शरीर का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला जाता है और शरीर के ज्यादातर अंग काम करना बंद कर देते हैं। इस चरण तक ज्यादातर लोग अचेत हो जाते हैं। दिल और फेफड़ों की स्थिति बिगड़ जाती है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

टीकमगढ़ जिले के सिमरा गांव में रविवार दोपहर हुआ विवाद, देखते-देखते खूनी संघर्ष में बदला

# टीकमगढ़ में ट्रिपल मर्डर: जमीन विवाद में चले हथियार तीन भाइयों को उतारा मौत के घाट, परिजनों को भी पीटा

**पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पहलवान लोधी सहित सात लोगों को हिरासत में ले लिया, फरार अन्य आरोपियों की सर्चिंग तेज**

**पहलवान लोधी 10-15 लोगों को लेकर खेत पर जुताई करने पहुंचा था, भाइयों ने इसका विरोध किया तो कुल्हाड़ियों व डंडों से हमला किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीकमगढ़ जिले के सिमरा गांव में रविवार दोपहर जमीनी विवाद ने भीषण रूप ले लिया, जिसमें तीन सगे भाइयों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतकों में चतुर्भुज लोधी, बलराम लोधी और परमलाल लोधी शामिल हैं। हमले में परिवार की 3 महिलाओं मुन्नी देवी, रेखा लोधी, आठ वर्षीय स्नेहा सहित कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से पहले स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें टीकमगढ़ जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक परिवार और गांव के ही पहलवान लोधी के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि खेत की जुताई को



लेकर कई बार दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी थी। रविवार दोपहर पहलवान लोधी अपने साथ 10-15 लोगों को लेकर खेत पर जुताई करने पहुंचा। जुताई करने पर भाइयों ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। विवाद हाथापाई तक पहुंच गई और कुल्हाड़ियों व डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में तीनों भाई गंभीर रूप से घायल होकर खेत में ही गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## महिलाओं को भी पीटा

महिलाएं जब उन्हें बचाने दौड़ीं, तो उन्हें भी बेरहमी से पीटा गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग खेत की ओर दौड़े और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मौके का मुआयना करने के बाद जांच टीम ने कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। टीकमगढ़ जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना बेहद गंभीर है और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पहलवान लोधी सहित सात लोगों को हिरासत में ले लिया है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## गांव में बढ़ा तनाव

सिमरा गांव में एक ही परिवार के तीन भाइयों की हत्या से भारी तनाव का माहौल है। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पुलिस ने गांव में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों ही देखने को मिल रहा है। लोग इस बात से हैरान हैं कि जमीन के छोटे से विवाद ने इतना बड़ा त्रासदीपूर्ण रूप कैसे ले लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने भी पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि आगे कोई अनहोनी न हो सके।

# डेढ़ माह बाद भी 29 वार्ड प्रभारियों का सात दिन का वेतन नहीं हुआ जारी

**भोपाल।** नगर निगम में राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान कम राजस्व वसूली करने वाले वार्ड प्रभारियों का काटा गया सात दिन का वेतन डेढ़ माह बाद भी जारी नहीं हुआ, जबकि वार्ड प्रभारियों ने निगम आयुक्त से वेतन जारी करने की गुहार भी लगाई थी। इसके पीछे उनका तर्क था कि वर्तमान में वे एसआईआर के काम में लगे हैं। वेतन कटौती से आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है, लिहाजा काटा गया वेतन जारी कर दिया जाए। निगम प्रशासन ने इस मामले पर कोई निर्णय नहीं लिया है।

अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि निगम के अधिकांश कर्मचारी एसआईआर में दिन रात मेहनत से ड्यूटी कर रहे हैं। ऐसे में उनका वेतन काटना ठीक नहीं है। निगम आयुक्त को आवेदन देकर 29 वार्ड प्रभारियों के काटा गया वेतन जारी करने का निवेदन किया था, लेकिन कोई निर्णय नहीं हुआ।

## खबर संक्षेप



### रेलवे स्टेशन को सुंदर बनने सौंपेंगे ज्ञापन

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन को सुंदर बनाने, जर्जर ओवर ब्रिज को नया बनान, पीने के पानी की व्यवस्था करने और मुख्य ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए व्यापार महासंघ संरक्षक अशोक मित्तल, अशोक शेट्टी, अध्यक्ष जगदीश चंदानी, किराना संघ अध्यक्ष विक्रम दाढ़ी, अवध नारायण दुबे, डॉ. नंदू नागर, सुदामा तिवारी, नीरज चावला आदि ने तय किया कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा को ज्ञापन देने पर सहमति बनी है। ज्ञापन दो या तीन दिसंबर को दिया जाएगा।

### टिमरनी जैसी कार्य प्रणाली लागू करें सीएमओ

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद में तीन पार्षदों एवं पत्रकारों ने नगर परिषद सीएमओ किरण रहंगडाले से चर्चा कर कहा आप टिमरनी में सबसे ज्यादा चर्चा में रहीं, टिमरनी में आपने अनुशासन सिखाया, कार्य करने के लिए निर्देश दिए, समय पर आओ समय पर जाओ का पाठ पढ़ाया, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया, इससे टिमरनी में आप काफी चर्चा में रही, लेकिन आप जब से औबेदुल्लागंज में आई हैं तब से टिमरनी का प्रशासन भूल गईं। औबेदुल्लागंज में भी अनुशासन और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए टिमरनी जैसी कार्य प्रणाली लागू करना होगा। इस अवसर पर इंजीनियर मुकेश जैन और लोक निर्माण प्रभारी मौजूद थे।

### मोदी के मन की बात का किया सामूहिक श्रवण



**संतनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का रविवार को हुजूर विधानसभा के संत नगर मंडल 108 नंबर बूथ पर सामूहिक श्रवण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, रोहन केवट (रामू) सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अयोध्या नगर स्थित रिगल ट्रेजर कॉम्पलेक्स का मामला

# तीसरी मंजिल से नीचे गिरी युवती सिर में गंभीर चोट आने से मौत

शुरुआती जांच में पता चला कि युवती मानसिक रूप से परेशान थी

पुलिस को घटना की जांच के दौरान नहीं मिला कोई सुसाइड नोट



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर स्थित रिगल ट्रेजर कंपलेक्स में रहने वाली 19 साल की युवती ने सुसाइड किया है। फिलहाल पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी युवती का पोस्टमार्टम भी नहीं हुआ है और परिजनों के बयान भी दर्ज नहीं हुए हैं। शुरुआती जांच में यह पता चला कि युवती मानसिक रूप से परेशान थी, उसका मनोचिकित्सक के यहां इलाज भी परिजन कर रहे थे।

पुलिस से बताया कि रविवार दोपहर वह अपने मां के साथ फ्लैट पर थी। तीसरी मंजिल पर युवती के पिता मिलिंद वर्मा का फ्लैट है। 19 साल की अश्विनी वर्मा अपनी मां के साथ बैठी हुई थी। इसी दौरान मैं किसी काम से अंदर गई। कुछ देर के बाद युवती बालकनी में गई। थोड़ी देर बाद मैंने उसे बिल्डिंग से नीचे घायल हालत में देखा। मां तत्काल नीचे पहुंची और देखा कि उसके सिर पर गंभीर चोट आई है और खून बह रहा था। तत्काल उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद युवती को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस का कहना है कि किसी ने युवती को गिरते हुए देखा नहीं है। इसलिए सुसाइड मानकर जांच की जा रही है। अगर कोई वीडियो या फिर बयान आता है, तो उसके आधार पर आगे ही कार्रवाई की जाएगी।

**दिल्ली से नानी के घर सोनागिरी आया था युवक**

## कनाडा में नौकरी लगने के बाद नहीं मिला वीजा, लगाई फांसी

सोनागिरी में युवक ने फांसी के फंदे में लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार सुबह 8 बजे की बताई जा रही है। सुबह के समय नानी ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन युवक ने दरवाजा नहीं खोला। खिड़की से देखा तो वह फांसी के फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद तत्काल ही पुलिस को सूचना दी गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल पहुंचने के बाद एम्स के डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल युवक की मौत के बाद उसका पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है की मां के आने के बाद ही उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि मृतक दक्ष सेंडेलिया मूलतः दिल्ली का रहने वाला है। वह अपनी नानी और नाना के घर सोनागिरी आया हुआ था। पुलिस ने पूछताछ में बताया कि उसकी कनाडा में नौकरी लग गई थी लेकिन वीजा नहीं मिलने की वजह से वह नहीं जा पाया था, जबकि उसके कई दोस्त कनाडा में नौकरी कर रहे थे। संभवत इसी वजह से वह परेशान था। नाना-नानी के घर कुछ दिनों की छुट्टी बिताने के लिए आया हुआ था। पुलिस ने बताया कि मामले में परिजनों के बयान हुए हैं, जिसमें मौत की वजह डिप्रेशन बता रहे हैं। जांच में पुलिस को सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

हबीबगंज स्थित पॉश कॉलोनी में रहने वाले आर्किटेक्ट के घर चोरी करने का मामला

# पुलिस ने किया आरोपियों से 1.50 करोड़ का माल बरामद

हबीबगंज की पॉश कॉलोनी में बदमाशों ने की थी चोरी

आरोपी के पास से पूर्व में पुलिस ने 70 लाख का माल बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज की पॉश कॉलोनी में आर्किटेक्ट के घर से चोरी के मुख्य आरोपी ने रिमांड के दौरान नकदी समेत 65 लाख की ज्वेलरी बरामद की है। पूर्व में पुलिस इस मामले में 70 लाख का माल बरामद कर चुकी है। कुल चोरी गए माल गई रकम 1.50 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, मनीष ब्यौहार पुत्र सुरेश चन्द्र ब्यौहार (56), आर्किटेक्ट है।

मनीष वर्तमान में परिवार सहित मुम्बई में रहते है, उनके घर में बने गुप्त लाकर से सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी हो गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी रवि सोनी (27), सोहित नामदेव उर्फ कल्लू (22) और राजू सोनी (29) को गिरफ्तार किया था। उस समय आरोपियों के कब्जे से सोने के बिस्किट, चूड़ियां, चेन, कान की बाली और लगभग तीन लाख रुपए नकद सहित 70 लाख रुपए का चोरी का माल बरामद किया था।

मामले में मुख्य आरोपी रवि सोनी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में उसने बाकी माल छिपाने की जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर उसके गुना स्थित घर से 400 ग्राम फाइन गोल्ड, 125 ग्राम ज्वेलरी, 6 लाख नकद और 43 इंच का एलईडी टीवी बरामद किया गया। इसका कुल मूल्य करीब 65 लाख रुपये है। पुलिस अब तक की कुल बरामदगी 1 करोड़ 35 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है।

राजधानी में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का मॉनिटरिंग सिस्टम धराशायी

# राजधानी में तालाबों के किनारे सुकून की शाम, शहर की हवा हुई जहरीली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में इन दिनों वायु प्रदूषण कहां कितना है, यह पता लगना संभव नहीं है। बस हवा में धूल और घुटन हो तो समझ लें वहां एक्यूआई बेरी पुअर ही होगा। शाम के समय जल स्रोतों के आसपास तो धूल पॉल्यूशन से कुछ राहत है, लेकिन शहर में हवाएं पहले से ही जहरीली बनी हुई हैं। दरअसल, दो दिन से मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल को एयर क्वालिटी मापने के लिए लगाए गए मॉनीटरिंग सिस्टम अचानक धराशायी हो गए हैं।

रविवार को केवल पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी का एक्यूआई 152 पर दिखाया गया, जो मॉडरेट लेवल पर है। शेष टीटी नगर और कलेक्टोरेट इलाके में एक्यूआई का स्तर फिलहाल पता नहीं लग सका। इन इलाकों में भी धूल भरी हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं। रविवार को शहर में सुबह से शाम तक धूल- प्रदूषण का माहौल रहा। शाम को बड़े तालाब के बोट क्लब पर सैलानियों ने ठंडी हवाओं में सुकून महसूस किया। वहीं शहर में उड़ती धूल और वाहनों की आपाधापी से सड़कों पर चलना दूभर है। इसके अलावा उड़ती धूल- मिट्टी से लोगों को खांसी, जुकाम, वायरल जैसी मौसमी बीमारियां परेशानी कर रही हैं।

मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप का 34वां गीत संगीत कार्यक्रम

# स्थानीय कलाकार को मिला मंच, 48 कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप का 34वां गीत संगीत का कार्यक्रम सरदार वल्लभ भाई पटेल ऑटोडेरियम भोपाल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवेंद्र रावत, महबूब अंसारी, विशेष अतिथि संजय श्रीवास्तव, मोहन चतुर्वेदी, जितेंद्र सिरोठिया रहे। व्यास ग्रुप के संचालक संजय व्यास, सुर शंकरा म्यूजिकल ग्रुप के संस्थापक व संचालक डॉ. सुरेश गर्ग एवं राग रंग म्यूजिकल ग्रुप के संस्थापक सुमित शर्मा एवं संचालिका सोनल शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर गीत संगीत कार्यक्रम में स्थानीय 48 कलाकारों द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम के संचालक रामचंद सभनानी, राजू जाट, सुरेश तनवानी, सीके जेठानी, रमेश जनयानी, अनिल मोतीरामनी थे। कार्यक्रम का संचालन एंकर रोशनी तनवानी एवं मधु मोहनानी ने किया। गायकों में मुख्य रूप से नरेश पेसवानी, रंजना वर्मा, डॉ. ज्ञान रावतानी, बलराम, रीना महता लालसिंग, जयराज धौलपुरिया, अक्षत सिंह, अशोक आडवाणी, खूबचंद



कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते कलाकार।

मोहनानी, हरनाम पेसवानी, देवेंद्र कौर, शोभा लहरिया, रमन यादव, बीनू यादव, ज्योति मालवीय, सोनल शर्मा, शीतल बॉथम, जेठानंद तेजवानी, अशोक चंचलानी, अनिल जैवार, मनोहर आहूजा, राजेश परते, रामभरोसे निमोरे, दिनेश, आरके खेरिया, रमेश चंदानी, आनंद शर्मा, रवि किशन, केआर श्रीवास्तव, लाइक अहमद, नेपालसिंग आदि उपस्थित थे।

# स्वाध्याय पाठ्यक्रम की परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी को आज बांटेगे अंक सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



12 वर्षीय स्वाध्याय पाठ्यक्रम सांगानेर की 2025 की वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षा केंद्र क्रमांक 159 (औबेदुल्लागंज – मंडीदीप) के स्वाध्यायियों के सर्टिफिकेट एवं अंक सूची वितरण कार्यक्रम सोमवार शाम 7:30 बजे से श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, स्टेशन रोड औबेदुल्लागंज में आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए जैन समाज अध्यक्ष सुनील जैन तामोट एवं कार्यक्रम संयोजक मनोज जैन इजरदार ने बताया कि कार्यक्रम में 7:30 बजे से भक्तामर पाठ, इसके बाद स्वाध्याय विषय पर उद्बोधन तथा 8:45 बजे से सर्टिफिकेट वितरण होगा। अंत में 9 बजे आरती एवं आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में द्वादश वर्षीय स्वाध्याय पाठ्यक्रम के भोपाल संभाग के क्षेत्रीय संयोजक जयदीप भैयाजी उपस्थित रहेंगे। सभी स्वाध्यायियों एवं समाजजन से कार्यक्रम में उपस्थित होकर धार्मिक प्रभावना में सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

दरवाजे पर पड़े मलबे और कीचड़ से लोग हो रहे परेशान

# पानी की पाइप लाइन बिछाने खोदी सड़क, आना-जाना हुआ बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में पीने के पानी की पाइप डालने का कार्य चल रहा है। इसके लिए कॉलोनी की सड़कें खोद दी गई है। स्टेशन रोड, पोस्ट ऑफिस वाली गली, अर्जुन नगर के वार्डों में खुदाई का कार्य किया गया है। स्टेशन रोड पर 20-25 दुकानों के सामने खुदाई होने से तीन दिन तक दुकानें बंद रहीं। मनोज खत्री, शंकर शेट्टी, रमेश शेट्टी, संभव जैन, सुनील वर्धमान ने बताया कि नगर परिषद को यह कार्य रात्रि में करना चाहिए था, जिससे लोगों को परेशानी न हो, लेकिन दिन में खुदाई का काम करने से नागरिकों को परेशानी हो रही है।

पोस्ट ऑफिस वाली गली में रविवार को जेसीबी से खुदाई की गई, जिससे घर के सामने मलवा पड़े रहने से लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। इस गली में रहने वाले पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, जैन समाज अध्यक्ष सुनील तामोट, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र डेनी,



पानी की पाइप डालने खोदी सड़क।

मीना जैन, कांग्रेस नेता टिंकू ठाकुर, बल्लू ठाकुर सहित अन्य लोग दिन भर घरों में कैद रहे। खुदाई में पीने के पानी की पाइप लाइन टूट जाने से कीचड़ हो गई, जिससे लोगों को और परेशानी हो गई है।

एम्स भोपाल के डॉ. वरुण मल्होत्रा की रिसर्च में दावा

# 10 मिनट गायत्री मंत्र के जाप से तनाव कम होने साथ बीपी में आता है सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अगर रोज सिर्फ 10 मिनट गायत्री मंत्र का धीमे स्वर में उच्चारण कर लें तो दिमाग की एकाग्रता बढ़ती है, तनाव घटता है और बीपी में सुधार आता है। यह दावा एम्स भोपाल के फिजियोलॉजी विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. वरुण मल्होत्रा की रिसर्च में किया गया है।

यह स्टडी बंगलादेश जर्नल ऑफ मेडिसिन साइंस में प्रकाशित हुई है। इसमें अनुलोम-विलोम, कपालभाति और गायत्री मंत्र जप के असर की तुलना की गई। इसके लिए ऑनलाइन रिएक्शन टाइम टेस्ट में प्रतिभागियों को सिग्नल हरा होते ही लैपटॉप की बटन दबानी होती थी। शुरूआत में औसत रिएक्शन टाइम 0.5 सेकेंड था, जबकि मंत्र जप के बाद यह 0.3 सेकेंड तक आ गया। डॉ. मलहोत्रा के अनुसार यह बदलाव छोटा नहीं बल्कि बहुत बड़ा न्यूरोलॉजिकल सुधार है। यह रिसर्च 18 से 22 साल के 20 स्वस्थ लोगों पर किया गया है। इनमें गायत्री मंत्र जप का असर सबसे तेज देखा गया। डॉ. मल्होत्रा बताते हैं कि गायत्री मंत्र का वाइब्रेशन दिमाग के उस हिस्से को एक्टिवेट करता है जो एकाग्रता, निर्णय और भावनात्मक स्थिरता नियंत्रित करता है। इसी कारण यह योग टेक्नीक से अधिक प्रभावी पाया गया। स्टडी में पाया गया कि सिर्फ 10 मिनट मंत्र सुनने और जप करने से दिल की धड़कन शांत हुई और बीपी नियंत्रित हो गया।

### रोजाना 40 मिनट का व्यायाम डायबिटीज की संभावना कर देता है कम

स्वस्थ जीवनशैली के लिए रोजाना सुबह के समय पांच किमी ब्रिक्स वॉकिंग या साइकलिंग करना चाहिए। प्रतिदिन कम से कम 40 मिनट का व्यायाम डायबिटीज की संभावना को काफी हद तक कम कर सकता है। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा ने साइक्लोथॉन के शुभारंभ अवसर पर कही। रविवार को जेपी अस्पताल से आयोजित साइक्लोथॉन को डॉ मनीष शर्मा ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

भोपाल से हॉट एयर बैलून अभियान का किया शुभारंभ

# गर्म हवा के गुब्बारे से सबसे लंबी मुक्त उड़ान का नया एशियाई रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगा अभियान

देशव्यापी अभियान 10 दिसंबर 2025 तक संचालित होगा

भोपाल, आष्टा, महू, सेंधवा, धुले, औरंगाबाद, अहमदनगर, पुणे मार्ग से उड़ान भरेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

आर्मी एडवेंचर विंग के तत्वावधान में 3 ईएमई सेंटर द्वारा संचालित हॉट एयर बैलून अभियान का भोपाल से औपचारिक शुभारंभ लेफ्टिनेंट



हॉट एयर बैलून अभियान का शुभारंभ करते लेफ्टिनेंट जनरल अरविन्द चौहान हुए।

जनरल अरविन्द चौहान, जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) सुदर्शन चक्र कोर एवं मंजली चौहान, ज़ोनल प्रेसिडेंट एडब्ल्यूडब्ल्यूए द्वारा किया गया। जीओसी ने टीम को सुरक्षित, सफल एवं प्रेरणादायी यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। कौशल और साहस की ऊंचाइयों को छूते हुए, यह अभियान गर्म हवा के गुब्बारे द्वारा सबसे लंबी मुक्त उड़ान का नया एशियाई रिकॉर्ड बनाने का प्रयास भी करेगा।

3 ईएमई सेंटर का आर्मी एडवेंचर नोडल सेंटर (हॉट एयर बैलूनिंग) यह देशव्यापी अभियान 30 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक संचालित कर रहा है। गर्म हवा के गुब्बारे भोपाल, आष्टा, महू, सेंधवा, धुले, औरंगाबाद, अहमदनगर, पुणे मार्ग से उड़ान भरेंगे। अभियान दल में 2 अधिकारी, 1 जेसीओ एवं 8 ओआर शामिल हैं, जिनमें एक अनुभवी हॉट एयर बैलून पायलट भी हैं, जिनके पास 225 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। यह मार्ग मध्य प्रदेश की नर्मदा घाटी तथा महाराष्ट्र के साह्याद्री (वेस्टर्न घाट) के मनोहारी दृश्यों का अद्भुत हवाई अनुभव प्रदान करेगा। अभियान के दौरान टीम मार्ग में स्थित पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेटों तथा स्थानीय समुदायों से भी संवाद करेगी, जिससे मैत्री, प्रेरणा तथा रोमांच की भावना को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल भारतीय सेना के एडवेंचर विंग की क्षमताओं को उजागर करते हुए राष्ट्रीय गौरव को सुदृढ़ करती है। यह आयोजन रोमांच-प्रेमियों एवं आम जनता के बीच व्यापक रुचि उत्पन्न करने की उम्मीद है।

रवींद्र भवन परिसर में सांस्कृतिक संध्या का किया आयोजन, संगीत और रंगकर्मियों ने दी दो उत्कृष्ट नाट्य की प्रस्तुति

# विश्वरंग में उत्तर-रंग का आयोजन... सातवानी गायन और महानाट्य अहिल्याबाई होलकर ने किया मंत्रमुग्ध


नाटक में लोकमाता अहिल्याबाई राज्य सभा में संदेश देती हुईं।

## कलाकारों ने कुल 24 दृश्यों के माध्यम से लोकमाता अहिल्याबाई के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक कार्यों को भी मंच पर जीवंत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वरंग के अंतर्गत चौथे दिन उत्तर-रंग कार्यक्रम के अंतर्गत रवीन्द्र भवन परिसर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें संगीत और रंगकर्म की दो उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। संध्या का आरंभ सातवानी गायन से हुआ और समापन लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित भव्य महानाट्य अहिल्या रूपेण संस्थिता के मंचन के साथ हुआ।

### समाज सेवा, युद्ध कौशल में निपुणता से मिली थी लोकमाता की संज्ञा

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर पर रविवार को रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में महानाट्य अहिल्याबाई होलकर जीवन, अवदान और वैभव का गान मंचित हुआ। प्रजावत्सला, न्यायनिष्ठा और सुशासन की प्रेरक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित इस महानाट्य का निर्देशन प्रियंका शक्ति ठाकुर ने किया, जिसका लेखन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. साधना बलवटे ने किया। विश्वरंग के अंतर्गत आयोजित इस नाटक में कलाकारों ने अपने अभिनय के जरीए लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन दर्शन को बड़ी ही खूबसूरती से मंच पर प्रस्तुत किया। दो घंटे की अवधि वाली इस प्रस्तुति में 30 कलाकारों ने अलग-अलग दृश्यों में प्रस्तुति को संजोया और अहिल्याबाई के विविध पक्षों को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया।


रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में रविवार को महानाट्य अहिल्याबाई होलकर जीवन, अवदान और वैभव का मंचन करते कलाकार।


कार्यक्रम में राजीव सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते कुलपति संतोष चौबे व अन्य।


अहिल्याबाई के विविध पक्षों को दर्शाते हुए कलाकार।

### 80 कलाकारों ने दी प्रस्तुति

80 कलाकारों ने लगभग 2 घंटे में 18वी सदी की नायिका लोकमाता अहिल्याबाई की जीवन यात्रा, उनकी न्याय व्यवस्था, सुशासन सहित उनके शौर्य और पराक्रम से जुड़े कार्यों को अपने अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। नाटक में निर्देशक प्रियंका शक्ति ठाकुर खुद अहिल्याबाई के किरदार में दिखाई दीं। कलाकारों ने कुल 24 दृश्यों के माध्यम से लोकमाता अहिल्याबाई के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक कार्यों को भी मंच पर जीवंत किया। छोटी अहिल्या की आस्था से सराबोर शिव-भक्ति, मल्हार राव होलकर ने बहू अहिल्या की प्रशासन में सहभागिता, अहिल्या की न्यायशीलता अहिल्या का वीरांगना का रूप, अहिल्या का लोकमाता का स्वरूप, देवी अहिल्याबाई और समाज उत्थान, आर्थिक विकास और मंदिरों का जीर्णोद्धार, घाटों का निर्माण, अन्न क्षेत्र ,प्याऊ के संपूर्ण व्यवस्था आदि उनके प्रमुख और स्मरणीय कार्य हैं।

## रचनाओं ने सभागार को सुरों से सराबोर किया


राजीव सिंह एवं साथियों द्वारा रचनाएं प्रस्तुत करते हुए।

शाम के सत्र में राजीव सिंह एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत सातवानी गायन ने श्रोताओं को सूफियाना और लोक रंग में डुबो दिया, साथ ही गायन की शुरुआत बंदिश सांसों की माला से हुई, जिसके बाद मन लागो मेरो यार फकीरी में काहे को ब्याही विदेश, जुगनी कहती यार और बंदिश दुनिया में बादशाह है वो भी है आदमी मुफलिसो जैसी भावपूर्ण रचनाओं ने सभागार को सुरों से सराबोर कर दिया। मुख्य गायन राजीव सिंह ने किया, जिनके साथ अमन मलक और रोहित वानखेड़े स्वर-संगति में रहे। सारंगी पर हनीफ हुसैन, ढोलक पर तनिष्क ठाकुर, तबले पर शाहनवाज, ऑक्टोपैड पर इकबाल खान और कीबोर्ड पर शहीद मासूम ने संगत देकर प्रस्तुति को सजीव और प्रभावशाली बनाया।

भोज कला राष्ट्रीय समारोह के अंतिम दिन नाटक सच्चा स्वांगी का किया मंचन

# सच्चे स्वांग ने किया बहरूपिए के झूठ का अंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लिटिल बैले ट्रुप में भोज कला राष्ट्रीय समारोह के अंतिम दिन रविवार को मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय की रंग प्रयोगशाला ने विजयदान देथा की कहानी पर आधारित नाटक 'सच्चा स्वांगी' का मंचन किया। रागबंध सभागार में प्रस्तुत इस नाटक ने एक कलाकार के सत्य से उसके ही स्वांग के शिकार बन जाता है।




नाट्य प्रस्तुति देते कलाकार।


लिटिल बैले ट्रुप में भोज कला राष्ट्रीय समारोह के अंतिम दिन नाटक 'सच्चा स्वांगी' का मंचन करते कलाकार ।

### सेठ अपनी संपत्ति दान करना चाहता है तो वह सच उजागर कर देता है

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अजय कुमार के निर्देशन में यह प्रस्तुति शंकर भांड के जीवन संघर्ष को केंद्र में रखती है। मंच पर कलाकारों की अभिव्यक्ति, देहा भाषा और प्रकाश-संयोजन ने इस लोककथा की संवेदना को उकेरा। नाटक न केवल स्वांग की कला पर बल्कि कलाकार की जिम्मेदारी और सत्ता के दुरुपयोग पर भी तीखा प्रश्न खड़ा करता है। नाटक की कथाशंकर एक ऐसा बहरूपिया है जो जिस भी चरित्र का रूप धरता है, उसी में पूरी तरह समा जाता है। साधु का वेश रखते ही वह इतना सच्चा प्रतीत होता है कि लोग उसके वास्तविक रूप को पहचान ही नहीं पाते, लेकिन इस ईमानदारी का दायरा वह खुद तय करता है। जब सेठ अपनी संपत्ति दान करना चाहता है तो वह सच उजागर कर देता है और कहता है कि यह रिजक की मर्यादा है। नाटक का दूसरा हिस्सा दर्शकों को और अधिक विचलित करता है। राजा के आदेश पर शंकर भांड चुड़ैल का स्वांग करता है और स्वांग की प्रामाणिकता में इतना डूब जाता है कि राजा के साले की हत्या कर बैठता है। स्वांग टूटने पर वह खुद भी भयभीत खड़ा रहता है लेकिन भीड़ उसे दोषी मान लेती है। रानी न्याय की मांग करती है और मंत्री सजा का एक कुटिल रास्ता सुझाते हैं। शंकर भांड को सती का स्वांग करने का आदेश मिलता है और वह अपनी रिजक की मर्यादा निभाते हुए अंतिम बार स्वांग में समा जाता है।

पंजाबी सांस्कृती पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में लगी प्रदर्शनी

# पंजाब की जीवन शैली, परंपरागत वाद्ययंत्र, लोक परिधान और विभिन्न आभूषणों को किया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित पंजाब की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित प्रदर्शनी के दूसरे दिन संग्रहालय के आवृत्ति प्रांगण में आगंतुकों को पंजाब की जीवन शैली, कृषि आधारित संस्कृति, पारंपरिक भोजन, का व्यापक अनुभव कराया। प्रदर्शनी में पंजाब के ग्रामीण परिवेश, कृषि जीवन, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक संरचना को दर्शाने वाली 100 से अधिक वस्तुओं को प्रस्तुत किया, जिनमें पंजाब की हस्त शिल्प कला प्रसिद्ध फुलकारी के कुर्ते सलवार, दुपट्टे, चादर के साथ क्रोशिए से बुने कपड़े प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए उपलब्ध रहे।




पंजाब के पारंपरिक वाद्ययंत्रों को प्रदर्शित करते हुए।

### परंपरागत वाद्ययंत्र, लोक परिधान और आभूषण

घरेलू सामान, चक्की, रस्सियां, देसी औज़ार, कृषि उपकरण, परंपरागत वाद्ययंत्र, लोक परिधान, आभूषण, धार्मिक प्रतीक और दैनिक जीवन में प्रयुक्त वस्तुएं भी प्रदर्शनी में शामिल थीं। दर्शकों ने इन वस्तुओं में विशेष रुचि दिखाई और पंजाब के गांवों में प्रचलित जीवन रीति को गहराई से समझा। प्रदर्शनी स्थल पर लगाए गए पारंपरिक पंजाबी झूले, मजेदार ट्रेक्टर सेल्फी पॉइंट और प्राकृतिक ग्रामीण परिदृश्य ने वातावरण को पूरी तरह से जीवंत और आकर्षक बना दिया।

### मुख्य अतिथियों ने अपने विचारों को किया साझा


कार्यक्रम में कला और साहित्य से जुड़े लोग।

## संस्कार भारती के योगेंद्र सभागार में संघ शताब्दी वर्ष समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कार भारती, मध्यभारत प्रांत कार्यालय द्वारा संघ शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन रविवार को योगेंद्र सभागार में सम्पन्न हुआ। जहां कला और साहित्य से जुड़े अनेक सम्मानित व्यक्तित्व और संघ के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। साथ ही मुख्य अतिथियों ने अपने विचारों को साझा किए ।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध गायिका एवं उप संचालक, संस्कृति संचालनालय भारती सिंह राजपूत उपस्थित रहीं।धर्म और जाति के भेद से ऊपर उठकर समानत का व्यवहार उन्होंने कला, साहित्य और संघ के सांस्कृतिक दृष्टिकोण पर विस्तृत रूप से अपने विचार रखे। माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल के सहायक कुलसचिव गिरीश जोशी ने संघ के 'पंच परिवर्तन' विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ समाज को एक सूत्र में पिरोने का निरंतर प्रयास कर रहा है। जहां धर्म और जाति के भेद से ऊपर उठकर समानता का व्यवहार किया जाता है।

स्कूल के वार्षिकोत्सव में पेश किए देश भक्ति नगमें

# कॉपी-किताबों में डूबे रहने वाले छात्रों ने बजाए तबला, बांसुरी, हारमोनियम

- छात्रों ने देशभक्ति नगमे पेश कर मौजूद लोगों का दिल जीत लिया।
- छोटे बच्चों ने रंग बिरंगे परिधानों में पुराने गानों पर शानदार डांस भी पेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पढ़ाई की आपाधापी में लगे रहने वाले छात्रों ने शुक्रवार को तबला, बांसुरी और हारमोनियम बजाया। मौका था शुक्रवार को नीलबड़ स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का। जहां छात्रों ने देशभक्ति नगमे पेश कर मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। छोटे बच्चों ने रंग बिरंगे परिधानों में पुराने गानों पर शानदार डांस भी पेश किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्राचार्या दीपा अग्रवाल ने की। जिसके बाद सर्वधर्म समभाव पर आधारित गीत और डांस पेश किया गया। इस मौके पर कॉपी किताबों में डूबे रहने वाले छात्रों ने तबला, बांसुरी, हारमोनियम, गिटार और कीबोर्ड की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। मधुर धुनों ने कार्यक्रम का माहौल खुशनुमा बना दिया। छात्रों ने तेजस्विनी नाटक के तहत मध्य प्रदेश की सात रानियां नामक विशेष प्रस्तुति दी, जिसमें छात्रों ने ऐतिहासिक रानियों के जीवन के बारे में बताया।



वार्षिकोत्सव में रविवार को बच्चों ने रंग बिरंगे परिधानों में सज-धजकर पुराने गानों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी।

### कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को सम्मानित किया

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या ने वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर उप प्राचार्य डॉ. सकीना नायडू, मुख्य अतिथि उप पुलिस कमांडर नीतू ठाकुर विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि पर्वतारोही ज्योति रात्रे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### संस्थान के 54 छात्र-छात्राएं शामिल हुए


मैराथन दौड़ में शामिल हुए छात्र-छात्राएं।

## यूआईटी आरजीपीवी में एनसीसी यूनिट ने की जागरुकता के लिए दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि यूआईटी की एनसीसी इकाई द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस के संदर्भ में जागरुकता फैलाने के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन विवि परिसर में किया। इसमें संस्थान में अध्ययनरत 54 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। छात्रों के लिए 5 और छात्राओं के लिए 3 किमी की दौड़ हुई।

इसकी शुरुआत यूआईटी निदेशक प्रो. सुधीर सिंह भदौरिया, एनसीसी समन्वयक डॉ. शशिरंजन अकेला और लेफ्टिनेंटडॉ कौस्तुभ द्विवेदी ने की। छात्राओं में प्रथम स्थान खुशी खावड़े, द्वितीय सपना चौधरी और तीसरा स्थान राजश्री सुकाला ने प्राप्त किया। छात्रों के लिए आयोजित 5 किमी मैराथन में प्रथम स्थान विकास बघेल, द्वितीय योगेश कलाम और तृतीय स्थान कमलेश खड़वारे ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रो सुधीर सिंह भदौरिया, डॉ. शशिरंजन अकेला ने प्रतिभागियों को कहा कि देश सेवा एवं अनुशासन के लिए प्रतिबद्ध एनसीसी कैडेट्स समाज के प्रति संवेदनशील रहकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं।

संसद के शीतकालीन सत्र में हंगामे के आसार

# एसआईआर पर विपक्ष प्रदर्शन की तैयारी में, 'जिहाद' पर सरकार आक्रामक

## विपक्ष सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान संसद में जबरदस्त हंगामा देखने को मिल सकता है। विपक्ष विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) को लेकर सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बना रहा है। सत्र के दौरान संसद के अंदर से लेकर बाहर तक एसआईआर पर विपक्ष का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिल सकता है। सरकार मदनी के जिहाद विवाद पर आक्रामक रुख अपना सकती है। एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद सबसे पहले हुए बिहार चुनाव में एनडीए को शानदार जीत मिली है राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने एसआईआर पर आक्रामक रुख बनाकर रखा है। बंगाल में टीएमसी भी एसआईआर को लेकर लगातार आक्रामक है और वह चुनाव आयोग को भी घेरने का काम कर रही है।

मदनी के जिहाद पर विपक्ष की भूमिका घेरे में


नया संसद भवन

### जिहाद विवाद पर हंगामा होना तय

संसद सत्र के ठीक पहले, जमीयत उलमा-ए-हिंद के नेता मौलाना महमूद मदनी ने एक बयान देकर पूरे देश का राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है। उन्होंने 'जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा' और 'वंदे मातरम के सामने नहीं झुकने' जैसी बातें कही हैं। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाया है। ऐसे में सत्ता पक्ष इस मुद्दे पर बहस कर विपक्ष को उसी के पाले में घेरने की कोशिश कर सकता है।

विपक्षी पार्टियों ने कहा

### एसआईआर पर चर्चा नहीं हुई तो संसद नहीं चलने देंगे: यादव

सपा ने कहा कि अगर सत्र के दौरान एसआईआर पर चर्चा नहीं हुई तो वे संसद नहीं चलने देंगी। सत्र से एक दिन पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि सरकार एसआईआर पर चर्चा करने से पीछे नहीं हट सकती है, क्योंकि इसे चुनाव आयोग द्वारा कराया जा रहा है।



**लोगों के वोट काटे जा रहे**

यादव ने कहा कि सपा ने यह मुद्दा इसलिए उठाया है क्योंकि बड़े पैमाने पर मैंने गड़बड़ियां देखी हैं। पहले हम सुनते थे, लेकिन अब हम देख रहे हैं कि लोगों के वोट काटे जा रहे हैं। बिहार में गड़बड़ियां हुई हैं। हमने इस पर चर्चा की मांग की है। वे चुनाव आयोग का हवाला देकर इससे पीछे नहीं हट सकते।

### कांग्रेस, और शिवसेना ने भी चर्चा को जरूरी बताया



कांग्रेस, सपा और शिवसेना (यूबीटी) समेत कई विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि एसआईआर ने वोटरों में असुरक्षा पैदा की है। सदन में विस्तृत चर्चा जरूरी है। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा अगर चर्चा नहीं हुई तो मतलब सरकार खुद सदन को डिरेल करना चाहती है।

### किसी ने नाम कटने की शिकायत नहीं की: झा

जेडीयू के संजय झा ने बिहार का बचाव करते हुए कहा कि



एसआईआर के बाद हुए चुनाव में एक भी व्यक्ति ने वोटर लिस्ट में नाम कटने की शिकायत नहीं की। एलजेपी (आरवी) के अरुण भारती ने एसआईआर के फायदे गिनाए और कोसी नदी की बाढ़ समस्या पर राष्ट्रीय टास्क फोर्स बनाने की मांग उठाई।

## खबर संक्षेप

### जया ने पपाराजी को कहा 'चूहा', कहां से आते हैं?

**लखनऊ।** जया बच्चन और पपाराजी का एकदम 'छत्तीस का आंकड़ा' है। वे पपाराजी पर



भड़कती और चिल्लाते हुए देखी गई हैं। उन्होंने फिर इस बारे में बात की है। उन्होंने पपाराजी की हरकतों पर उन सेलिब्रिटीज पर भी गुस्सा निकाला, जो पैसे देकर पपाराजी को एयरपोर्ट पर बुलाते हैं। जया ने तो पपाराजी को 'चूहे' और 'गंदे पैंट पहने' वाला भी कह दिया।

### शादी में फायरिंग, दूल्हे की मौसी, दोस्त की मौत

**लुधियाना।** यहां शादी समारोह के दौरान गोलियां चलने के दौरान 2 लोगों की मौत हो गई। पक्खोवाल




रोड स्थित बाथ कैस्टल पैलेस में शनिवार रात को शादी में उस समय भगदड़ मच गई। वहां 2 गैंगस्टर गुटों में रंजिशन ताबड़तोड़ गोलियां चलनी शुरू हो गई। दोनों तरफ से 50 के करीब राउंड फायर किए गए। दूल्हे की मौसी और दोस्त की मौत हो गई। एक घायल हो गया।

### चमोली में भूकंप के झटकों से दहशत

**चमोली।** उत्तराखंड में रविवार को एक बार फिर धरती डोली। चमोली के नारायणबगड़ में भूकंप के झटके



महसूस किए गए। इससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों भूकंप के झटके 10 बजकर 27मिनट पर, कर्णप्रयाग, नारायणबगड़, थराली और देवाल में महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। इस भूकंप में किसी तरह की नुकसान की सूचना नहीं है।

### सीनियर कन्नड़ एक्टर उमेश का निधन

**चेन्नई।** कन्नड़ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और कॉमेडियन एमएस उमेश का 80 साल की उम्र में निधन



हो गया है। वे लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और लीवर कैंसर से पीड़ित थे। उनका निधन रविवार को बेंगलुरु के एक अस्पताल में हुआ था। बताया जा रहा है कि उमेश ने 350 से अधिक फिल्मों में काम किया था और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई थी।

### 5 चोर पकड़े, 5 बाइक और स्कूटी बरामद

**पंचकूला।** अपराध पर शिकंजा कसने के लिए पंचकूला पुलिस ने रविवार सुबह 6 बजे से 9 बजे के



बीच शहर में सर्च अभियान चलाया। बिना किसी पूर्व सूचना के पुलिस की सभी 5 क्राइम यूनिट्स ने एक साथ अचानक दबिश देकर अपराधियों पर शिकंजा कसने का काम किया। चोरी की पांच बाइक और एक स्कूटी बरामद की। पांच चोरों को भी काबू किया है।

रायपुर में 60वें अखिल भारतीय डीजीपी-आईजी सम्मेलन का समापन

# पुलिस के बारे में लोगों की सोच बदलने और पुलिसिंग को मजबूत करने की आवश्यकता

## प्रोफेशनलिज़्म और सेंसिटिविटी को बढ़ाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रहे 60वें अखिल भारतीय डीजीपी-आईजी सम्मेलन का अंतिम दिन है। कार्यक्रम में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी शिरकत की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ड्रग्स के गलत इस्तेमाल से निपटने के लिए सरकार का नजरिया जरूरी है, जिसमें कानून लागू करना, रिहैबिलिटेशन और कम्युनिटी लेवल पर दखल शामिल हो। पीएम मोदी ने आगे कहा कि पुलिस के बारे में लोगों की सोच बदलने की जरूरत है, खासकर युवाओं में। इसके लिए प्रोफेशनलिज़्म और सेंसिटिविटी को बढ़ाना होगा और शहरी और टूरिस्ट पुलिसिंग को मजबूत करना होगा। इसेक साथ ही प्रधानमंत्री ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने की अपील की।

ड्रग्स के इस्तेमाल से निपटना जरूरी



डीजीपी-आईजी सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी संबोधन देते हुए

### लोगों में जागरूकता बढ़ाने की अपील की

आखिरी दिन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट रायपुर में पुलिस डायरेक्टर जनरल/इंस्पेक्टर जनरल के 60वें ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बैन किए गए संगठनों की रेगुलर मॉनिटरिंग, लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज़्म से मुक्त इलाकों के पूरे डेवलपमेंट और कोस्टल सिक्योरिटी को मज़बूत करने नए मॉडल अपनाने की बात कही। पुलिसिंग को मज़बूत , टूरिस्ट पुलिस यूनिट्स को फिर से शुरू करने और नए भारतीय न्याय संहिता, साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने की अपील की।

### 'विकसित भारत, सिक्योरिटी डाइमेंशन्स'

इस कॉन्फ्रेंस की थीम 'विकसित भारत, सिक्योरिटी डाइमेंशन्स' थी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल समेत कई लोग भी शामिल हुए।

पुलिस लीडरशिप से 'विकसित भारत' की ओर बढ़ रहे एक विकासशील देश की उम्मीदों के हिसाब से पुलिसिंग के तरीकों को बदलने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री ने पुलिस के बारे में लोगों की सोच, खासकर युवाओं के बीच, बेहतर प्रोफेशनलिज़्म, सेंसिटिविटी और रिस्पॉन्सिवनेस के जरिए बदलने की जरूरत पर जोर दिया। कई सत्रों में यह आयोजन किया गया।

### खाली द्वीपों को जोड़ने नई स्ट्रेटेजी बनाएं

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस फोर्स से कहा कि वे खाली द्वीपों को जोड़ने के लिए नई स्ट्रेटेजी अपनाएं, नैटग्रिड के तहत जुड़े डेटाबेस का अधिक असरदार इस्तेमाल करें और एक्शन लेने लायक इंटेलिजेंस बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करें। उन्होंने यूनिवर्सिटी और एकेडमिक इंस्टीट्यूशन को पुलिस जांच में फोरेंसिक के इस्तेमाल पर केस स्टडी करने के लिए बढ़ावा देने की भी अपील की, यह देखते हुए कि मजबूत फोरेंसिक एप्लीकेशन से क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में काफी सुधार होगा। साथ ही पुलिस को सचेत भी किया।

### नेशनल सिक्योरिटी के कई मामलों पर बातचीत भी की

कार्यक्रम में विजन 2047 की ओर पुलिसिंग के लॉन्ग-टर्म रोडमैप, काउंटर-टेररिज्म और काउंटर-रेडिकलाइजेशन में उभरते ट्रेंड, महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल, विदेश में मौजूद भारतीय भगोड़ों को वापस लाने की स्ट्रैटेजी और असरदार जांच और प्रॉसिक्यूशन पक्का करने के लिए फोरेंसिक क्षमताओं को मज़बूत करने पर चर्चा हुई। जिसमें नेशनल सिक्योरिटी के कई मामलों पर गहराई से बातचीत हुई।

### नक्सल मुद्दे पर राज्यों ने पेश की रिपोर्ट

नक्सल प्रभावित राज्यों के सभी डीजीपी ने अपनी-अपनी स्थिति रखते हुए मैदान में चल रही कार्रवाई और चुनौतियों पर रिपोर्ट पेश की। नक्सल उन्मूलन को लेकर आगे की रणनीति पर भी बात हुई। तीसरे सत्र में बदलते अंतरराष्ट्रीय माहौल और भारत की सुरक्षा पर उसके प्रभाव पर चर्चा की गई।

'मन की बात' में कई विषयों पर की चर्चा

# उत्तराखंड में विंटर टूरिज्म तेजी से बन रहा पसंदीदा विकल्प कई पर्यटक हो रहे आकर्षित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 128वें एपिसोड में उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सर्दियों के दौरान औली, मुनस्यारी, चोपटा और डेयारा जैसी जगहें तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं और देशभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। दुनिया के कई देशों ने विंटर टूरिज्म को अपनी अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बना लिया है, जहां स्कीइंग, स्नो-बोर्डिंग, आइस क्लाइंबिंग, स्नो ट्रेकिंग और फैमिली स्नो पार्क विशेष आकर्षण होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में भी विंटर टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने बताया कि ऊंचे पर्वत, प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और एडवेंचर गतिविधियां भारत को इस क्षेत्र में बड़ी पहचान दिला सकती हैं। पिथौरागढ़ में 14 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई पर पहली बार हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा रन मैराथन आयोजित की गई।

### 'वेड इन इंडिया' अभियान को मिला

प्रधानमंत्री ने सर्दियों में बढ़ती डेस्टिनेशन वेडिंग्स की लोकप्रियता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि 'वेड इन इंडिया' अभियान के साथ पहाड़ों पर होने वाली शादियों में तेजी आई है। गंगा किनारे होने वाली शादियां भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अगर इस सर्दी यात्रा की योजना बना रहे हों, तो उत्तराखंड और हिमालय की वादियों को जरूर शामिल करें।

### आदि कैलाश परिक्रमा में लोगों का बढ़ा उत्साह

प्रधानमंत्री ने 60 किलोमीटर लंबी आदि कैलाश परिक्रमा रन का भी जिक्र किया, जो कड़कड़ाती ठंड में सुबह 5 बजे शुरू हुई। उन्होंने कहा कि इतनी ठंड के बावजूद लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। उन्होंने कहा कि आदि कैलाश की यात्रा पर आने वाले पर्यटकों की संख्या पहले 2हजार थी, जो अब बढ़कर 30 हजार से अधिक हो गई है।

### नमो घाट पर काशी-तमिल संगमम हो रहा

पीएम मोदी ने कहा कि 2 दिसंबर से काशी के नमो घाट पर काशी-तमिल संगमम के चौथे संस्करण की शुरुआत हो रही है। यह उन सभी लोगों के एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है, जिन्हें तमिल भाषा से प्यार है। काशीवासीउत्साह से भाई-बहनों का स्वागत करने को उत्सुक हैं। इससे एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना मजबूत हो रही है।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा

# लोकतांत्रिक ढांचे को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया, इसे 'चारपाई' के समान बताया

## इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन इंडिपेंडेंस ऑफ ज्यूडिशियरी के उद्घाटन पर कहा

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने हरियाणा में एपी जैन ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन इंडिपेंडेंस ऑफ ज्यूडिशियरी के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र और न्यायपालिका की असली शक्ति पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में जस्टिस सूर्यकांत ने न्यायिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक ढांचे को बेहद सरल और प्रभावी तरीके से समझाया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की तुलना एक चारपाई से करते हुए कहा कि हमारा लोकतांत्रिक ढांचा मजबूत लकड़ी के फ्रेम और टिकाऊ रस्सियों की तरह है जो एक तरफ स्थिर है, तो दूसरी तरफ परिस्थितियों के अनुसार लचीला भी।

हरियाणा में एपी जैन ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजन


संबोधन के दौरान सीजेआई सूर्यकांत

### केशवानंद के फैसले पर भी की बात

केशवानंद के फैसले पर बात करते हुए सीजेआई ने कहा कि जब यह ऐतिहासिक सुनवाई चल रही थी, उस समय भारत संवैधानिक जीवन के 23वें वर्ष में था। देश आदर्शवाद तथा शक्तियों के बीच संतुलन स्थापित करने की प्रक्रिया सीख रहा था।

### सुप्रीम कोर्ट के 13 जज भी रहे इसमें शामिल

इस सम्मेलन में एक विशेष सत्र भी रखा गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के 13 जजों ने मंच पर मौजूद रहते हुए केशवानंद भारती केस की ऐतिहासिक बहस को दोबारा रीक्रिएट किया। इस रिक्रिएशन में कई वरिष्ठ वकीलों ने भी हिस्सा लिया। अटॉर्नी जनरल की भूमिका वेंकटेश मणि ने निभाई, जबकि वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने भारत सरकार और केरल सरकार का पक्ष प्रस्तुत किया।

तेलंगाना हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद पर यह फैसला दिया

# इस उम्र में तलाक लेकर कोई फायदा नहीं, 34 साल पुरानी शादी तोड़ने से किया साफ इनकार

## पति और पत्नी दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ दायर की थी अपील

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना हाईकोर्ट ने एक अनोखे और लंबे समय से चले आ रहे वैवाहिक विवाद पर ऐसा फैसला दिया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। अदालत ने साफ कहा कि इस उम्र में तलाक लेकर कोई फायदा नहीं। और यही बात अदालत के फैसले का आधार भी बनी। 34 साल पुरानी शादी को टूटने से रोकते हुए कोर्ट ने माना कि अब रिश्ते को कानूनी रूप से खत्म करना व्यावहारिक समाधान नहीं है।

### 17 साल तक चली कानूनी लड़ाई

इस केस में खास बात यह थी कि पति और पत्नी दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ अपील दायर की थी। 17 साल तक चली कानूनी लड़ाई, कई



सुनवाई, पति की गुमशुदा स्थिति और बच्चों के वयस्क हो जाने के बाद अदालत ने महसूस किया कि तलाक का कोई ठोस उद्देश्य अब बचा ही नहीं है। इसलिए कोर्ट ने तलाक ही नहीं बल्कि पहले दिए गए ज्यूडिशियल सेपरेशन के आदेश को भी रद्द कर दिया। यह मामला 2008 में शुरू हुआ था, जब पति ने 1991 में हुई अपनी शादी को खत्म करने के लिए याचिका दायर की। पति पेशे से सिविल इंजीनियर ह। उनका आरोप था कि पत्नी लगातार उन पर बेवजह शक करती थी।

नई दिल्ली में आज से सरस आजीविका फूड फेस्टिवल का आगाज

# 25 राज्यों के 500 से अधिक व्यंजनों का मिलेगा स्वाद

## केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज करेंगे उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी सोमवार से नई दिल्ली स्थित सुंदर नर्सरी में आयोजित सरस आजीविका फूड फेस्टिवल 2025 का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी और केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान भी मौजूद रहेंगे। यह फेस्टिवल भारतीय संस्कृति और भोजन की विविधता को एक ही स्थान पर प्रदर्शित करेगा।

**62** स्टॉल लगाए गए

**300** से ज्यादा लखपति दीदीयां

11.30 से रात 9.30 बजे तक चलेगा



फूड फेस्टिव का नजारा

### विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक

सरस फूड फेस्टिवल में 62 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें 25 राज्यों की 300 से ज्यादा लखपति दीदियां और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भाग ले रही हैं। यह फेस्टिवल 9 दिसंबर तक चलेगा और सुबह 11.30 बजे से रात 9.30 बजे तक सभी दर्शकों के लिए खुला रहेगा।

भारतीय संस्कृति और भोजन की विविधता

### महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर

यह फेस्टिवल महिला सशक्तिकरण की एक मजबूत मिसाल है। स्वसहायता समूहों की महिलाएं न केवल ग्रामीण उत्पाद बनाने में माहिर हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर देना है।

### इसमें कई राज्यों की दिखेगी विशेषता

इसमें हिमाचली सीडडू, उत्तराखंड की तंदूर चाय, जम्मू-कश्मीर का मशहूर कलारी कुल्चा, हैदराबादी दम बिरयानी, नॉर्थ-ईस्टर्न मोमो, बंगाली फ्राइड फिश, राजस्थान की कैर सागरी, गट्टे की सब्जी, बाजरे की रोटी, बंगाल की हिलसा फिश करी, तेलंगाना का चिकन, केरल की मालाबार बिरयानी, बिहार का लिट्टी-चोखा और पंजाब का सरसों का साग-मक्के की रोटी दिखेगी।

मुरादाबाद में बस ने ऑटो को रौंदा

# दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में रोडवेज बस ने एक ऑटो को रौंद दिया। खौफनाक हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं करीब 6 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ऑटो चालक माटी ऊर्फ संजू परिवार के साथ एक शादी समारोह में जा रहा था। हादसा दिल्ली-लखनऊ हाईवे से कुछ दूर जीरो प्वाइंट के पास हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंच गई। घायलों को अस्पताल भेजवाया



गया है। बताया जा रहा है टक्कर इतनी भयानक थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य बुरी तरह घायल हो गए। सड़क के आस-पास मौजूद लोग बचाव के लिए दौड़े। वहीं पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद एंबुलेंस से घायलों अस्पताल भेजा गया। कुछ घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

149 जानवरों की जान गई वहीं बचाव दलों ने अपना काम शुरू कर दिया

# चक्रवात तूफान दितवाह ने मचाई तबाही: तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत जलमग्न हुई 57,000 हेक्टेयर खेती, मलबे में बदले 234 कच्चे मकान

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

चक्रवात तूफान दितवाह के चलते बारिश से जुड़ी घटनाओं में तमिलनाडु में तीन लोगों की मौत हो गई। तूतीकोरिन और तंजावुर में रविवार को दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मयिलादुथुराई में करंट लगने से 20 साल के युवक की जान चली गई। राज्य सरकार में मंत्री के रामचंद्रन ने बताया कि तटीय इलाकों में 234 झोपड़ियों/कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 149 जानवरों की मौत हो गई है। खेती के काम वाली करीब 57,000 हेक्टेयर जमीन पानी में डूब चुकी है। श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन दितवाह रविवार शाम को तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों से टकराया। मौसम विभाग ने कुड्डालोर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू समेत कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट पहले ही जारी कर दिया था।


जलमग्न हुआ तमिलनाडु का नागापट्टी इलाका, ड्रोन से लिया गया दृश्य

## 3 राज्यों में निपटने की ये तैयारियां

### तमिलनाडु

▶▶ 14 एनडीआरएफ टीमें तैनात हैं। पुणे और वडोदरा से 10 और टीमें चेन्नई भेजी गईं।

▶▶ रामेश्वरम-चेन्नई सेक्टर में 11 ट्रेनों का रूट बदला गया है।

▶▶ इंडिगो ने जाफना, तूतीकोरिन और तिरुचिरापल्ली आने-जाने वाली फ्लाइट कैंसिल कीं।

### पुडुचेरी

▶▶ पुडुचेरी में साइक्लोन से निपटने के लिए 2 एनडीआरएफ टीम तैनात की गईं।

▶▶ सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित कर दीं।

▶▶ पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यनम में सभी स्कूल और कॉलेज सोमवार तक बंद रहेंगे।

### आंध्र प्रदेश

▶▶ 3 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होने का अनुमान है।

## श्रीलंका में रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी वायुसेना

चक्रवाती तूफान दितवाह ने श्रीलंका में भारी तबाही मचाई है। भारतीय वायुसेना 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत श्रीलंका को मानवीय सहायता प्रदान कर रही है। सी-130जे परिवहन विमान और एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर को सहायता के कामों में तैनात किया गया है। सी-130जे परिवहन विमान एनडीआरएफ की टीम और उपकरण को लेकर पहुंचा। वहीं एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर राहत और बचाव के काम में तैनात है। इसके साथ श्रीलंका में फंसे भारतीयों को भी सुरक्षित लाया जा रहा है। एक गरुड़ कमांडो के ग्रुप को क्रॉस-कंट्री रूट से कोटमाले में हेलीपैड पर उतारा गया से 24 यात्रियों, जिनमें भारतीय, विदेशी नागरिक और श्रीलंकाई शामिल थे, को कोलंबो ले जाया गया। इसी तरह, तीन गंभीर रूप से घायल लोगों को तुरंत मेडिकल मदद के लिए हेलीकॉप्टर से कोलंबो ले जाया गया।


हेलिकॉप्टर से फंसे लोगों को निकाला

*28 से ज्यादा टीमों को तैनात किया गया है*

*एनडीआरएफ और एसडीआरएफ समेत 28 से ज्यादा डिजास्टर रिस्पॉन्स टीमों को तैनात किया गया है।इनके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात के एनडीआरएफ बेस से 10 टीमें चेन्नई पहुंची हैं। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण शनिवार को 54 उड़ानें रद्द कर दी गईं थीं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।*

## खबर संक्षेप

### कैलिफोर्निया में गोलीबारी में चार की मौत, 10 घायल

**स्टॉकटन।** कैलिफोर्निया के स्टॉकटन शहर में एक बैंक्वेट हॉल में एक समारोह के दौरान हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सैन जोएकिन काउंटी के शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता हीदर ब्रेंट ने कहा कि पीड़ितों में बच्चे और वयस्क दोनों शामिल हैं और प्रारंभिक संकेतों के अनुसार यह लक्षित हमले का मामला हो सकता है। घायलों की स्थिति बताई।



### हांगकांग में आग लगने से मरने वालों की संख्या 146 हुई

**हांगकांग।** हांगकांग में सात ऊंची आवासीय इमारतों में लगी आग में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 146 हो गई, जबकि 150 लोगों का अब भी पता नहीं चल पाया है। तलाशी अभियान पांचवें दिन भी जारी है। हांगकांग के भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने बुधवार को आग लगने वाली इमारतों के नवीकरण कार्य से जुड़ी एक महिला सहित आठ लोगों को कथित रूप से ज्वलनशील और घटिया सामग्री का उपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।



पंजाब, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से किया गिरफ्तार

# इंटरनेशनल टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश, तीन लोग गिरफ्तार, आईएसआई से जुड़े हैं तार!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान के कुख्यात गैंगस्टर शहजाद भट्टी गिरोह के तीन सदस्य को गिरफ्तार किया है। इन्हें पंजाब, मध्य प्रदेश और यूपी से गिरफ्तार किया गया है। शहजाद पहले पाकिस्तान का बड़ा गैंग्स्टर था लेकिन कई साल से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआईएस से जुड़कर उसने भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने लगा।

भारत विरोधी गतिविधि में लिप्त होने के कारण शहजाद भट्टी को भारतीय सुरक्षा एजेंसियां गैंग्स्टर आतंकी गठजोड़ मानती है। गिरफ्तार किए गए इन तीनों गैंग्स्टर विकास प्रजापति उर्फ बेटू (19 वर्ष) पुत्र मूल चंद निवासी मध्य प्रदेश के दतिया, हरगुनप्रीत सिंह उर्फ गुरकरनप्रीत (19 वर्ष) पुत्र सरदार गुरपेज सिंह निवासी पंजाब के फिरोजपुर और आसिफ उर्फ आरिश (22 वर्ष) पुत्र अलताफ शाह निवासी यूपी के बिजनौर जिले के रेहड़ थानाक्षेत्र के रूप में इनकी पहचान की गई है।

दिल्ली पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए तीन को दबोचा

पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में युवाओं को भर्ती का शक


गिरफ्तार आरोपी

### नेटवर्क के लिए भर्ती का शक

*पुलिस को जांच में पता चला है कि ये मॉड्यूल पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में था। आरोपी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए आईएसआई से निर्देश लेते थे और दिल्ली-एनसीआर में विस्फोटक हमलों की प्लान कर रहे थे। पुलिस को शक है कि ये नेटवर्क पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में युवाओं को भर्ती कर रहा था। बता दें कि शहजाद भट्टी ने हाल ही में पंजाब में एक भाजपा नेता के घर के बाहर ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी ली थी। ये मॉड्यूल बिश्नोई गैंग और बब्बर खालसा इंटरनेशनल जैसे संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा था।*

### पाक ने सीमा से हटाए 72 आतंकी लांचपैड, 118 चौकियां भी हुईं ध्वस्त

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आइजी) शशांक आनंद ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने सीमा पार पाकिस्तान में भारी तबाही की। जम्मू संभाग में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी पाकिस्तान की 118 अग्रिम चौकियों को बर्बाद किया। आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने 72 से ज्यादा आतंकी लांचपैड दूरी वाले इलाकों में शिफ्ट कर दिए हैं। सियालकोट सेक्टर में तीन आतंकी लांचिंग पैड को नष्ट किया गया था, लेकिन अब भी करीब 12 लांचपैड सियालकोट और जफरवाल के डेप्थ एरिया से काम कर रहे हैं। इसी तरह सीमा से दूर दूसरे डेप्थ परिया में 60 लांचपैड काम कर रहे हैं। सेना आपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी से तैयार है। आइजी आनंद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



### अनमोल को टारगेट का प्लान

पुलिस को जांच में ये भी पता चला है कि शहजाब भट्टी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की हत्या का प्लान था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए इन तीन लोगों में से एक वह शख्स है जो अनमोल को टारगेट के प्लान में शामिल था। अब दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल इस इनपुट पर भी अपनी जांच कर रही है। वहीं, 27 अक्टूबर को अनमोल ने अपने वकील के जरिए कोर्ट में एप्लीकेशन लगाकर दावा किया था कि पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से उसे जान का खतरा है।

*घरों की ओर बढ़ रहे थे, तभी सुरक्षा बलों ने उन्हें यैंगांगपोकपी में रोक दिया*

# मणिपुर में राजभवन के सामने घर लौटने की मांग लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से सुरक्षा बलों की झड़प हो गई


तैनात सुरक्षा बल

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से रिलीफ कैंप में रह रहे सैकड़ों बेघर लोगों की शनिवार को मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में सिक्योरिटी फोर्स के साथ झड़प हुई। जिले के बाहरी इलाके ग्वालताबी इलाके में अपने घरों को लौटने की कोशिश कर रहे लोगों के ग्रुप को सिक्योरिटी वालों ने तब रोक दिया जब वे घर जाने की कोशिश कर रहे थे।

यह टकराव याइंगंगपोकपी में हुआ, जिससे तनाव बढ़ गया और हालात तेज़ी से बिगड़ गए। सिक्योरिटी फोर्स ने ग्रुप को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे। बल का इस्तेमाल भीड़ को कंट्रोल करने और हालात को और बिगड़ने से रोकने के लिए किया गया था। यह घटना जिले में बेघर लोगों और अधिकारियों के बीच टकराव के पैटर्न को दिखाती है, खासकर 21 नवंबर को संगाई फेस्टिवल शुरू होने के बाद से।

### पाबंदियों पर उठाए सवाल

*एक प्रोटेस्टर, एस. इबेम्चा देवी ने व्यवस्था बहाल करने के सरकारी भरोसे के बावजूद जारी पाबंदियों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, सरकार के मुताबिक, राज्य में नॉर्मल हालात बहाल हो गए हैं। तो फिर, हमें अपने घरों में लौटने की इजाज़त क्यों नहीं है? उन्होंने बेघर हुए लोगों में से कई लोगों की निराशा ज़ाहिर करते हुए कहा। अधिकारियों ने कहा कि हालात तनावपूर्ण होने के बावजूद, हटाने की कोशिशों के बाद कंट्रोल में हैं। एक अधिकारी ने कहा कि हालात तनावपूर्ण लेकिन कंट्रोल में हैं।" हाल की घटनाओं और चल रहे फेस्टिवल की एक्टिविटीज़ को देखते हुए सिक्योरिटी फोर्स इलाके पर करीब से नज़र रख रही हैं। लोकल रिपोर्ट्स के मुताबिक, संगाई फेस्टिवल शुरू होने के बाद से कई बार ऐसी ही झड़पें हुई हैं।*

बम विस्फोटों से फिर दहला पाकिस्तान

# बलूचिस्तान में 24 घंटे में हुए सात धमाकों से दहशत में मुनीर की सेना, मुख्य लाइन उड़ाई

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटे में कम से कम सात धमाके हुए, जिनमें एक निर्माण कंपनी के दो सुरक्षा गार्ड घायल हो गए।संदिग्ध उग्रवादियों ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा और डेरा मुराद जमाली में हमले किए।

उग्रवादियों ने शनिवार को क्वेटा में एक पुलिस चौकी पर हाथगोले फेंके, जिसके बाद आईईडी से आतंकवाद विरोधी विभाग की एक गाड़ी के पास विस्फोट किया गया। इसके बाद शाम को तीन और विस्फोट हुए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आसिफ खान ने कहा कि विस्फोट लोहर कहरेज के पास हुआ, जो क्वेटा के बाहरी इलाके में स्थित है।

उन्होंने कहा कि इस विस्फोट के जरिये क्वेटा को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली मुख्य लाइन उड़ा दी गई।


घटना स्थल का दृश्य

### धमाके के बाद मची अफरा तफरी, लोग भागते दिखे

इस घटना के बाद राजधानी में डर और अफरा-तफरी का माहौल हो गया, हालांकि किसी की मौत होने की खबर नहीं मिली है। एसएसपी खान ने बताया कि उग्रवादियों ने रेलवे ट्रैक पर आईईडी लगाए थे और जब ट्रेन क्वेटा स्टेशन पहुंचने वाली थी, तो विस्फोट हो गया। इस विस्फोट के कारण पटरी को नुकसान पहुंचा, जिसके कारण रेल सेवाएं निलंबित कर दी गईं।

इजराइल के इतिहास में पहली घटना

# भ्रष्टाचार के मामले में घिरे पीएम नेतन्याहू ने राष्ट्रपति से मांगी माफी

एजेंसी ▶▶ येरुशलम

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे के बीच देश के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग से माफी (पार्डन) की औपचारिक मांग कर दी है।



यह घटना इजरायल के इतिहास में पहली बार हुई है, जब कोई पदस्थ प्रधानमंत्री ने खुद के लिए माफी की अर्जी दी हो। रविवार को प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को माफी याचिका सौंप दी है। राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे असाधारण अनुरोध करार देते हुए कहा कि इस याचिका के गंभीर और दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। नेतन्याहू पर तीन अलग-अलग मामलों में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के आरोप हैं। उन पर धनवान समर्थकों से राजनीतिक फायदे के बदले अनुचित लाभ देने का इल्ज़ाम है।

एच-1बी और आव्रजन पर बोले टेस्ला सीईओ एलन मस्क

# 'प्रतिभाशाली भारतीयों के आने से अमेरिका को हुआ फायदा'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और दिग्गज अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने कहा कि पिछले कई दशकों में भारतीय कुशल श्रमिक आने से अमेरिका को बहुत बड़ा लाभ मिला है। उन्होंने माना की प्रवासी प्रतिभाओ ने अमेरिका की तकनीकी और नवाचार की दुनिया को आकार देने में अहम भूमिका निभाई है।

बता दे कि मस्क ने यह बात जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान कही, जिसे रविवार को जारी किया गया। बातचीत की शुरुआत में कामत ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से दुनिया भर से बहुत प्रतिभाशाली लोगों को आकर्षित करता रहा है, जिसकी वजह से भारत में इसे 'ब्रेन ड्रेन' (प्रतिभा का पलायन) कहा गया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पश्चिमी कंपनियों में भारतीय मूल के कई सीईओ शीर्ष पदों पर हैं।


एलन मस्क

### भारत की प्रतिभाओं ने अमेरिकी तरक्की में अहम योगदान दिया

इस पर जवाब देते हुए मस्क ने सहमति जताई और कहा कि भारत की प्रतिभाओं ने अमेरिकी की तरक्की में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा, हां, मुझे लगता है कि अमेरिका को उन प्रतिभाशाली भारतीयों से बहुत लाभ हुआ है, जो यहां आए हैं।

लाल आतंक को फिर बड़ी चोट

# छत्तीसगढ़ के दंतेवाडा में 37 नक्सलियों ने किया सरेंडर


पुलिस ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 37 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। मिनपा जैसी घटना में शामिल नक्सली ने अपने 36 साथियों के साथ आत्मसमर्पण किया है। इस समर्पण के साथ ही एक और टीम बिखरती हुई नजर आ रही है, इन सभी नक्सलियों के ऊपर 65 लाख का इनाम घोषित था। दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि पूना मारगेम जिसका अर्थ पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल पर भरोसा जताते हुए नक्सली हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति और प्रगति के मार्ग को अपना रहे हैं और समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे है। समर्पण करने वाले नक्सलियों में कुछ वर्ष पहले मिनपा में पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर 26 जवानों के बलिदान होने और 20 जवानों को घायल कर हथियार एवं एम्युनिशन लूटने की घटना में शामिल माओवादी ने भी सरेंडर किया है।

## विदेश मंत्री का बड़ा बयान, कहा- दुनिया अनिश्चितता और भ्रम में पहुंच गई

भारत अपनी क्षमता और 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करने में जुटा

# अमेरिका के अपने बदलते नियम और चीन की मनमानी चाल के मद्देनजर भारत अब चुप नहीं रहेगा: जयशंकर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शनिवार को वैश्विक हालात पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन दोनों ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के नियम अपने हिसाब से बदल दिए हैं, जिससे पूरी दुनिया अनिश्चितता और भ्रम की स्थिति में है।

जयशंकर के अनुसार अमेरिका अब देशों के साथ सीधे वन-टू-वन डील कर रहा है, जबकि चीन अपने बनाए नियमों को और सख्ती से लागू कर रहा है। इस माहौल में भारत चुप बैठने के बजाय अपनी राष्ट्रीय क्षमता बढ़ाने और कमजोरियों को कम करने पर फोकस कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले ऐसी सोच नहीं थी, लेकिन अब 'मेक इन इंडिया' भारत की प्राथमिक रणनीति बन चुकी है। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से वैश्विक सिस्टम का नेतृत्व कर रहा था, लेकिन अब उसने अचानक अपने एंगेजमेंट के तरीके बदल दिए हैं।

वहीं चीन अपनी पुरानी रणनीति पर चलते हुए अपनी मनमर्जी से नियम लागू कर रहा है। इसका असर यह है कि अन्य देशों में असमंजस बढ़ रहा है। ग्लोबलाइजेशन दबाव में है और सप्लाई चेन को लेकर डर बढ़ गया है।


विदेश मंत्री एस जयशंकर बोलते हुए

### विदेश मंत्री ने चीन को लेकर कही ये बड़ी बात

*जयशंकर ने 'मेक इन इंडिया' को भारत की बदलती तस्वीर का आधार बताया। पिछले दस वर्षों में इस अभियान ने नए विज़न और बड़े लक्ष्य तय किए हैं। उन्होंने उद्योग जगत से अपील की कि वे केवल छोटे लाभ पर ध्यान न दें, बल्कि भारत की घरेलू सप्लाई चेन मजबूत करने और ग्लोबल मार्केट में अपनी जगह बनाने में साझेदारी करें। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' तभी पूरी तरह सफल होगा जब रिसर्च, डिजाइन और इनोवेशन भी भारत में ही किए जाएं। चीन पर निर्भर वैश्विक सप्लाई चेन को लेकर जयशंकर ने कहा कि दुनिया का लगभग एक-तिहाई उत्पादन चीन में होता है। इससे सप्लाई चेन की विश्वसनीयता को खतरा बढ़ता है। जलवायु संकट, युद्ध और ऊर्जा बाज़ार में उथल-पुथल ने जोखिम और बढ़ा दिए हैं। अमेरिका अब ऊर्जा निर्यातक बन रहा है, जबकि रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर पर चीन का व्यापक नियंत्रण है। ब्लॉकचेन, आर्थिक प्रतिबंध और टैरिफ ने व्यापार और वित्त जगत में नई अनिश्चितताएं पैदा कर दी हैं।*

### बदलते हालातों पर की गई चर्चा

कई देश अब अपने लिए सुरक्षित विकल्प तलाश रहे हैं। अमेरिका और चीन दोनों से डील कर रहे हैं और साथ ही आपस में भी नए समझौते, खासकर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स, कर रहे हैं। इन बदलते हालात में भारत की रणनीति पर बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि देश ऐसी नीतियों पर काम कर रहा है जो उसकी शक्ति और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाएं। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और भारत अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि एक बड़े देश के पास मजबूत औद्योगिक आधार होना जरूरी है।




# कोहली ने खेली विराट पारी, जड़ा 52वां वनडे शतक, बने नंबर 1 बल्लेबाज

## विराट बने साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे शतक जड़ने वाले प्लेयर

एजेंसी ▸▸| रांची

विराट कोहली का नाम पहले से ही वनडे क्रिकेट के दिग्गज प्लेयर्स में शुमार है और उनका ये वनडे में 52वां शतक है। उनसे ज्यादा शतक इस फॉर्मेट में किसी और बल्लेबाज ने नहीं लगाए हैं। 49 शतकों के साथ दूसरे नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं। रविवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में विराट कोहली ने 120 गेंदों में कुल 135 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। शतक जड़ने के साथ वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे शतक जड़ने वाले प्लेयर बन गए हैं। उन्होंने अफ्रीकी टीम के खिलाफ अभी तक 6 वनडे शतक लगाए हैं। कोहली ने सचिन तेंदुलकर और डेविड वॉर्नर का कीर्तिमान तोड़ दिया है। सचिन और वॉर्नर ने अफ्रीकी टीम के खिलाफ वनडे क्रिकेट में कुल 5-5 शतक ठोके थे। अब कोहली इन प्लेयर्स को पीछे छोड़कर पहले नंबर की कुर्सी पर विराजमान हो गए हैं।

### भारतीय टीम के लिए साल 2008 में किया था डेब्यू

विराट कोहली ने भारतीय टीम के लिए वनडे क्रिकेट में साल 2008 में डेब्यू किया था और इसके बाद से ही वह टीम की अहम कड़ी बन गए। उन्होंने अभी तक टीम इंडिया के लिए 306 वनडे मैचों में कुल 14388 रन बनाए हैं, जिसमें 52 शतक और 75 अर्धशतक लगाए हैं।



### रोहित बने वनडे के नए सिक्सर किंग

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया है। रोहित शर्मा वनडे के नए सिक्सर किंग बन गए हैं। रोहित पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी की बादशाहत खत्म करते हुए वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रांची में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में रोहित ने शाहिद अफरीदी का सबसे ज्यादा वनडे सिक्स जड़ने का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। रोहित शर्मा के नाम अब ODI क्रिकेट में 352 छक्के हो गए हैं। उन्होंने 277 वनडे मैचों की 269 पारियों में यह मुकाम हासिल किया।

### विराट का 9 महीने बाद शतक, ठोका कॅरियर का 83वां सैकड़ा

विराट कोहली ने साउथ अफ्रीका के खलिफ रांची में पहले वनडे में शतक लगाया। यह उनके इंटरनेशनल करियर का 83वां सैकड़ा है। जबकि 9 महीने बाद उन्होंने वनडे क्रिकेट में शतक लगाया।

### वनडे में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज

- 352* - रोहित शर्मा, भारत
- 351- शाहिद अफरीदी, पाकिस्तान
- 331 - क्रिस गेल, वेस्टइंडीज
- 270 - सनथ जयसूर्या, श्रीलंका
- 229 - एमएस धोनी, भारत

### रोहित-कोहली ने तेंदुलकर और द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ा

- सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ - 391
- रोहित शर्मा और विराट कोहली - 391
- राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली - 369
- सचिन तेंदुलकर और अनिल कुंबले - 367
- सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली - 341

### वनडे में भारत 19वीं बार हार टॉस

*दरअसल, साउथ अफ्रीका ने जैसे ही टॉस जीता, वैसे भारतीय टीम के नाम टॉस में लगातार 19वीं हार दर्ज हो गई। भारतीय टीम 2023 वर्ल्ड कप के फाइनल के बाद से अब तक ओडीआई में टॉस नहीं जीत सकी है। यह किसी भी टीम का ओडीआई में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड है। इस खराब लिस्ट में दूसरे पायदान पर नीदरलैंड है। नीदरलैंड ने लगातार 11 टॉस ओडीआई में हारे थे।*

### स्कोर बोर्ड

| भारत स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का डिकॉक बो बर्गर | 18 | 16 | 2 | 1 |
| रोहित शर्मा पगबाधा यानसन | 57 | 51 | 5 | 3 |
| कोहली का रिकेल्टन बो बर्गर | 135 | 120 | 11 | 7 |
| गायकवाड का ब्रेविस बो बार्टमैन | 08 | 14 | 0 | 0 |
| सुंदर का बॉश बो बार्टमैन | 13 | 19 | 0 | 1 |
| राहुल का डिकॉक बो यानसन | 60 | 56 | 2 | 3 |
| जडेजा का मारक्रम बो बॉश | 32 | 20 | 2 | 1 |
| हर्षित राणा नाबाद | 03 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह बो बॉश | 00 | 1 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 23
कुल योग : 50 ओवर में 8 विकेट पर 349 रन
गेंदबाजी : यानसन 10-0-76-2, बर्गर 10-0-65-2, बॉश 10-0-56-2, बार्टमैन 10-0-60-2, सुब्रयन 10-0-73-0

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 350 रन का लक्ष्य

रांची। भारत ने रविवार को श्रृंखला के शुरुआती एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 8 विकेट पर 349 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कोहली ने 120 गेंद की तेज पारी के दौरान 11 चौके और सात छक्के जमाए, जो भारतीय पारी की रीढ़ बनी। क्रिकेट के एकमात्र इस प्रारुप में खेलने वाले इस स्टार ने अपनी अहमियत और दबदबे को फिर साबित किया। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए रोहित शर्मा (51 गेंद में 57 रन) के साथ 136 रन की साझेदारी करके जेएससीए स्टेडियम की सपाट पिच पर भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी।

### सुरक्षा घेरे को तोड़कर मैदान में घुसा विराट का फैन

विराट के शतक पूरा करने के तुरंत बाद एक प्रशंसक सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए अंदर आ गया, वह घुटने के बल उनके सामने बैठ गया और उनके पैर छुए,



जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे बाहर किया। कप्तान केएल राहुल (60 रन) स्पिनर सुब्रयन पर शॉट लगाने के लिए संघर्ष कर रहे थे तो कोहली ने इस गेंदबाज पर दो छक्के और एक चौके की मदद से 21 रन बनाए। 2027 विश्व कप में अभी कुछ समय है लेकिन कोहली ने सबको याद दिला दिया कि उनकी लय बरकरार है और उनकी रनों की भूख हमेशा की तरह बरकरार है।

### खबर संक्षेप



#### स्क्वाश इंडियन टूरः सेंथिलकुमार अनाहत होंगे खिताब के दावेदार

**चेन्नई।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलवन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह सोमवार से शुरू हो रहे एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर 4 में खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। पंद्रह हजार डॉलर पुरस्कार राशि वाले इस पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अनुभवी जोशना चिनप्पा (पूर्व महिला विश्व नंबर 10 हैं) और पुरुष विश्व नंबर 51 वीर चोटरानी सहित कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे। सेंथिलकुमार, अनाहत, जोशना, और एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले अभय सिंह 9 से 14 दिसंबर के बीच इस महानगर में होने वाले आगामी एसडीटी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। अभय इस सप्ताह हांगकांग में पीएसए प्लैटिनम स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे।

#### राष्ट्रमंडल खेलों में लग सकते हैं 3 हजार करोड़

commonwealth games
AHMEDABAD 2030

**नई दिल्ली।** 2030 राष्ट्रमंडल खेल के लिए जल्द ही गठित होने वाली अहमदाबाद की आयोजक समिति इस टूर्नामेंट को 3,000 से 5,000 करोड़ रुपए की परिचालन लागत में आयोजित करने का लक्ष्य रखेगी। खेलों की योजना बनाने में नजदीकी तौर पर शामिल एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार खेल और सार्वजनिक उपयोगिता सुविधाओं सहित चल रहे बुनियादी ढांचा उन्नयन के लिए अनुमान अभी तय किए जा रहे हैं ताकि इस टूर्नामेंट की कुल लागत को अंतिम रूप दिया जा सके। सूत्र ने बताया कि गुजरात ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों से जरूरी सबक लिया है क्योंकि वे कई विवादों में घिर गए थे, जिनमें बुनियादी ढांचे में देरी, भ्रष्टाचार के आरोप और शुरुआती अनुमान से कहीं अधिक बढ़ी हुई लागत शामिल थीं। उन्होंने कहा, 'अहमदाबाद राष्ट्रमंडल खेलों की परिचालन लागत 3,000 से 5,000 करोड़ रुपए के बीच होगी। इसमें पूंजीगत व्यय शामिल नहीं है जो अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण में लगाया जाएगा, जिनमें से कुछ शहरी विकास विभाग की ओर से संभाले जा रहे हैं।

## अभिषेक ने 284 के स्ट्राइक रेट से महज 32 गेंदों में ठोकी सेंचुरी, लगाए 16 छक्के और 8 चौके

एजेंसी ▸▸| हैदराबाद

अभिषेक शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 284 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट 148 रनों की पारी खेली। अभिषेक ने पंजाब बनाम बंगाल मैच में 16 चौके और 8 छक्कों की मदद से केवल 52 गेंदों पर 148 रन ठोक दिए। उनकी यह पारी टी20 सीरीज से पहले साउथ अफ्रीका को डराने के लिए काफी है। अभिषेक ने सिर्फ 12 गेंद पर अर्धशतक और 32 गेंदों पर शतक पूरा किया। प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी की शुरुआत करते हुए अभिषेक ने मोहम्मद शमी और आकाशदीप जैसे गेंदबाजों से लैस गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं। इन दोनों के साथ-साथ सक्षम चौधरी और ऋतिक चटर्जी के खिलाफ 15 रन प्रति ओवर से ज्यादा रन बनाए।



अभिषेक ने अपना अर्धशतक पूरी करने के लिए पांच चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने टी20 में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने के मामले में अपने गुरु युवराज सिंह की बराबरी कर ली।

### केरल ने छत्तीसगढ़ को हराया, सैमसन ने खेली आक्रामक पारी

**लखनऊ।** संजू सैमसन ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर वापसी करते हुए 15 गेंद में 43 रन की आक्रामक पारी खेलकर सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच में छत्तीसगढ़ के खिलाफ केरल को आठ विकेट से जीत दिलाई। सैमसन ने अपनी पारी में पांच छक्के जड़े, जिससे केरल ने महज 10.4 ओवर में ही जीत के लिए मिले 121 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। छत्तीसगढ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में महज 120 रन ही बना सकी। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व तेज गेंदबाज केएम आसिफ ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह को खाता खोले बिना चलता कर छत्तीसगढ़ को बड़ा झटका दिया।

### चंडीगढ़ ने महाराष्ट्र को हराया, वोहरा ने लगाया अर्धशतक

**कोलकाता।** सलामी बल्लेबाज मनन वोहरा की 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी की बदौलत चंडीगढ़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मैच में महाराष्ट्र को पांच विकेट से हरा दिया। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए महाराष्ट्र ने अर्शिन कुलकर्णी की 41 गेंद में 47 रन की पारी से 20 ओवर में सात विकेट पर 139 रन का स्कोर खड़ा किया। विक्की ओस्तवाल ने 28 जबकि निखिल नाईक ने 24 रन का योगदान दिया। चंडीगढ़ की ओर से संदीप शर्मा ने 18 रन पर दो विकेट चटकाए। जगजीत सिंह, निखिल शर्मा, राहुल सिंह और भागमेंदर लाठेर ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ ने 6.2 ओवर में 43 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन वोहरा ने पारी को संभाला, जिससे टीम ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 142 रन बनाकर जीत दर्ज की। वोहरा ने 48 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के मारे।

## रसेल ने आईपीएल से लिया संन्यास अब केकेआर में निभाएंगे बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

आक्रामक हरफनमौला आंद्रे रसेल ने 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा के साथ बताया कि वह तीन बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स(केकेआर) के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। सैंतीस साल के रसेल आईपीएल 2014 से केकेआर टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। वह 2026 सत्र से पहले 'पावर कोच' के रूप में टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। आईपीएल के आगामी सत्र के लिए अबू धाबी में नीलामी होगी। रसेल ने 'एक्स' पर लिखा, 'आईपीएल से संन्यास ले रहा हूं... लेकिन मेरा आक्रामक अंदाज वैसा ही रहेगा। आईपीएल में पिछले 12 साल का सफर शानदार रहा। केकेआर परिवार को ढेर सारा प्यार।'' उन्होंने कहा, 'सबसे अच्छी बात यह है कि मैं दुनिया भर की अन्य लीग में छक्के जड़ता और विकेट लेता रहूंगा। मैं अपना घर (केकेआर) नहीं छोड़ रहा हूं और आप मुझे एक नई भूमिका में केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में 2026 के पावर कोच के रूप में देखेंगे। नया अध्याय। वही ऊर्जा। हमेशा के लिए 'नाइट'।



### मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं

रसेल ने कहा, ' मैंने आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अभी भी दुनिया भर की विभिन्न लीगों और केकेआर की अन्य सभी फ्रेंचाइजी के लिए सक्रिय रूप से खेलता रहूंगा। मैंने (आईपीएल में) कुछ शानदार पल और बेहतरीन यादें साझा कीं, छक्के जड़े, मैच जीते, एमवीपी हासिल किए।' उन्होंने कहा, ' जब मैंने यह फैसला लिया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फैसला था। मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं कि प्रशंसक संन्यास क्यों नहीं ले रहे कि जगह संन्यास अभी क्यों ले रहे जैसे सवाल पूछें। ' उन्होंने कहा, 'जब आप सोशल मीडिया पर होते हैं, तो आप खुद को अलग-अलग टीमों की जर्सी में फोटोशॉप की हुई तस्वीरों में देखते रहते हैं। मुझे खुद को बैंगनी और सुनहरे रंग (केकेआर की जर्सी) के अलावा किसी और रंग में देखकर अजीब लगता था और ये विचार मेरे दिमाग में घूमते रहते थे, जिससे मैं कुछ रातों तक सो नहीं पाया।'

## निरुपमा को हराकर सान्या ने जीता स्क्वाश टूर्नामेंट



एजेंसी ▸▸| मुंबई

दो बार की पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन 15वीं वरीय सान्या वत्स ने चौथी वरीय हमवतन भारतीय निरुपमा दुबे को सीधे गेम में हराकर 11वें सुनील वर्मा स्मृति स्क्वाश टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। सान्या ने निरुपमा को 11-6, 11-9, 11-4 से हराया। दिल्ली की सान्या पहली बार चैलेंजर टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थी और अपना पहला पीएसए खिताब जीतने में सफल रहीं। पुरुषों के फाइनल में फ्रांस के दूसरे वरीय मासियो लेवी ने मिस्र के शीर्ष वरीय यासिन एल्शाफेई को सीधे गेम में 11-8, 11-8, 11-4 से हराकर खिताब जीता।

### खेलो इंडिया मंच वैश्विक सफलता की यात्रा में महत्वपूर्ण : अदिति स्वामी

**जयपुर।** विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज अदिति गोपीचंद स्वामी का मानना है कि खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) और खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों (केआईयूजी) जैसे टूर्नामेंट किसी खिलाड़ी के पेशेवर विकास और वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। अदिति विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय और दुनिया की सबसे कम उम्र की कंपाउंड तीरंदाज हैं। उन्होंने एक तीरंदाज के रूप में अपने प्रदर्शन का श्रेय खेलो इंडिया पहल को दिया और कहा कि यही वह मंच था, जिसने उन्हें पहचान दिलाई और उन्हें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं को समझने और उनमें ढलने का मौका दिया। 19 साल की तीरंदाज ने कहा, 'टॉप्स के लिए चुने जाने से पहले चीजें काफी मुश्किल थी। खान-पान, जिम और प्रशिक्षण का खर्च काफी अधिक था। मेरे पिता ने मेरे खेल के सफर में साथ देने के लिए बहुत त्याग किए।

## जूनियर हॉकी विश्व कपः स्पेन ने बेल्जियम को हराकर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी ▸▸| मदुरै

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज स्पेन ने एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के पूल डी मैच में बेल्जियम को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल कर क्वार्टरफाइनल की ओर मजबूती से कदम बढ़ाए। स्पेन ने जुआन प्राडो (20वें मिनट) के मैदानी गोल और ब्रूनो अविला (32वें मिनट) के पेनल्टी कॉर्नर से किए गए गोल की बदौलत जीत दर्ज की। स्पेन ने इससे पहले शुक्रवार को अपने पहले मैच में मिस्र को 8-0 से शिकस्त दी थी। इस जीत से स्पेन छह अंक के साथ पूल डी में शीर्ष पर है। दुनिया की सातवें नंबर की टीम बेल्जियम दो मैच में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।



### स्पेन की नामीबिया से भिड़ंत

*स्पेन अब मंगलवार को नामीबिया से भिड़ेगा जबकि बेल्जियम का मुकाबला इसी दिन मिस्र से होगा। पूल डी के एक अन्य मैच में नामीबिया ने मिस्र को 4-2 से हराया। नामीबिया के लिए लियाम ब्रूस (23वें मिनट), जेम्स डि जैगर (26वें मिनट) और जोश वान डर मर्वे (32वें मिनट) ने तीन मैदानी गोल किए जबकि जॉन पॉल ब्रिट्ज ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। मिस्र के लिए अब्देलरहमान कासेम (28वें मिनट) और मोहब हेगाब (53वें मिनट) ने गोल किए।*

### सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट

## त्रीसा-गायत्री ने 1 घंटे 16 मिनट में जापानी जोड़ी को हराया, खिताब रखा बरकरार



एजेंसी ▸▸| लखनऊ

गत चैंपियन त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में जापान की काहो ओसावा और माई तानाबे को तीन गेम में हराकर महिला युगल का खिताब बरकरार रखा। शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद आक्रामक खेल दिखाया और दुनिया की 35वें नंबर की जापानी जोड़ी को एक घंटे 16 मिनट तक चले रोमांचक फाइनल में 17-21, 21-13, 21-15 से शिकस्त दी। कंधे की चोट के बाद गायत्री के पांच महीने के ब्रेक से लौटने के बाद भारतीय जोड़ी सिर्फ अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रही थी। फाइनल की शुरुआत 49 शॉट की शानदार रैली से हुई। दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, जिसके बाद ओसावा और तानाबे 6-3 से आगे हो गईं।

### त्रीसा ने लगाए तेज स्मैश, भारतीय जोड़ी ने की बराबरी

*त्रीसा ने कुछ तेज स्मैश लगाए, जिससे भारतीय जोड़ी बराबरी पर आ गई। फिर ओसावा की फोरहैंड गलती ने उन्हें 8-6 से आगे कर दिया। हालांकि जापानी जोड़ी ने फिर वापसी की और ब्रेक तक थोड़ी बढ़त बना ली। तानाबे के बैकहैंड क्रॉस कोर्ट रिटर्न से गायत्री हैरान हो गई, जिसके बाद भारतीय खिलाड़ी की एक और गलती ने जापानी टीम को पांच गेम प्वाइंट दिला दिए। त्रीसा और गायत्री ने दो प्वाइंट बचाए लेकिन तानाबे ने स्मैश मारकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने लय हासिल कर ली और शानदार अंदाज में खेलते हुए 9-2 से बढ़त बना ली। हालांकि कुछ शॉट नेट में चले गए लेकिन ब्रेक तक भारतीयों की बढ़त 11-5 हो गई थी। त्रीसा और गायत्री ने रैलियों में दबदबा बनाए रखना जारी रखा, जिससे यह जोड़ी 17-9 से आगे हो गईं।*

## बार्सिलोना ने अल्वेस को हराया, ओल्मो ने दागे दो गोल

एजेंसी ▸▸| बार्सिलोना



राफिन्हा के शानदार खेल और दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने ला लीगा में अलावेस पर 3-1 से जीत दर्ज की। राफिन्हा ने टीम के शुरुआती दो गोल में मददगार की भूमिका निभाई जबकि युवा लामिन यामन ने भी एक गोल करने के साथ एक गोल में मददगार की भूमिका निभाकर लय में वापसी के संकेत दिए। इस जीत से टीम को चैंपियंस लीग में पिछले सप्ताह चेल्सी से मिली 0-3 की हार से उबरने में मदद मिलेगी। पाब्लो इबानेज ने मैच के शुरुआती मिनट में ही गोलकर अल्वेज का खाता खोला लेकिन टीम की यह बढ़त महज आठ मिनट तक ही रही। 18 साल के यामल ने मैच के आठवें मिनट में बार्सिलोना को बराबरी दिला दी और फिर ओल्मो ने 26वें मिनट में गोल कर 2-1 से आगे कर दिया। ओल्मो ने मैच के स्टॉपेज समय (90+3 मिनट) ने गोल कर अल्वेस की वापसी की उम्मीद खत्म कर दी। लीग के अन्य मैचों में निको विलियम्स के गोल ने एथलेटिक बिलबाओ को लेवांटे पर 2-0 से जीत दिलाई जबकि ओसासुना ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद मेलोर्का को 2-2 से बराबर पर रोक दिया।

## इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को दी शिकस्त, मेस्सी का ट्रॉफी खेलना पक्का

एजेंसी ▸▸| फोर्ट लाउडरडेल

इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 5-1 से हराकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस का खिताब जीतने के साथ ही एमएलएस कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की, जिससे दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी का एक और ट्रॉफी के लिए खेलना लगभग पक्का हो गया। इंटर मियामी की इस जीत में हालांकि मेस्सी के हमवतन और अर्जेंटीना टीम के उनके साथी खिलाड़ी तादेओ अलेंदे का सबसे बड़ा योगदान रहा, जिन्होंने गोल की हैट्रिक पूरी की। टीम के लिए जोर्डी अल्बा और सर्जियो बुस्केट्स ने भी एक-एक गोल किए। आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता मेस्सी के लिए यह मुकाबला कोई खास नहीं रहा लेकिन उन्होंने टीम की शुरुआती दो गोल में मददगार की भूमिका निभाई। यह क्लब और राष्ट्रीय टीम को मिलाकर मेस्सी के लिए 405 वां मदद थी, जो गोल में बदली। फुटबॉल के इतिहास में इसे सबसे अधिक सफल मदद मानी जाती है। इंटर मियामी की टीम एमएलएस कप फाइनल में सैन डिएगो या वैंकूवर के बीच होने वाले वेस्टर्न कांफ्रेंस के विजेता टीम की मेजबानी करेगी।





# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

लाइफ Style



# कीर्ति

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।



# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांतारा: चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

## टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गों पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच

***मुंबई।*** *शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ'फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

## महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।

## अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी।



## मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930